चौथी पंचवर्षीय योजना

वार्षिक योजना (1971-72)

उत्तर प्रदेश सरकार
नियोजन विभाग
जुलाई, 1971

542
309.25
UTT-C

भूमिका

प्रदेश की 1971–72 की योजना मार्गदर्शन एवं कार्यान्वयन के लिए प्रस्तुत है। इसका एक संस्करण योजना आयोग और भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के विचारार्थ पहले ही प्रस्तुत किया गया था। अब विभिन्न स्तरों पर परामर्श के बाद इसको अन्तिम स्वरूप दिया जा चुका है और साथ ही 1971–72 के बजट में भी इस वार्षिक योजना को पूरा करने के लिए प्राविधान किया गया है। यद्यपि योजना आयोग से परामर्श के समय 209.15 करोड़ रु० का ही आकार चालू वर्ष की योजना के लिए तय हो पाया था तथापि सिंचाई, चीनी निगम, सड़कों इत्यादि की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को देखते हुए प्रदेश की सरकार ने 214.74 करोड़ रु० की योजना स्वीकृत की। कुछ अपरिहार्य आवश्यकताओं के कारण बजट में योजना के आकार को 219.60 करोड़ रु० निश्चित किया गया है। यह धनराशि 965 करोड़ रु० की चौथी योजना के कुल परिव्यय का 22.76 प्रतिशत है।

चौथी योजना के पहले दो वर्षों में भी अर्थात् 1969–70 व 1970–71 में, स्वीकृत परिव्यय के समक्ष विकास की गति को और तीव्र करने का प्रयत्न किया गया। 1969–70 का स्वीकृत परिव्यय 160.00 करोड़ रु० था जिसके विपरीत 174.64 करोड़ रु० का उपयोग किया गया जो चौथी योजना के कुल परिव्यय का 18.10 प्रतिशत होता है। 1970–71 में 179.19 करोड़ रु० के स्वीकृत परिव्यय के समक्ष 186.86 करोड़ रु० का उपयोग किया गया जो चौथी योजना के कुल परिव्यय का 19.36 प्रतिशत होता है। अगर चौथी योजना के पहले 2 वर्षों का अनुमानित व्यय और 1971–72 में प्रस्तावित व्यय को शामिल कर लें तो कुल चौथी योजना का लगभग 60.22 प्रतिशत मार्च, 1972 तक खर्च हो सकेगा।

बढ़ा हुआ परिव्यय अधिकांशत: सिंचाई और उत्पादन के कार्यक्रमों पर इस्तेमाल हुआ है। यह स्पष्ट है कि जिस गति से योजनाओं का कार्यान्वयन हो रहा है उससे चौथी योजना के 965 करोड़ रु० का परिव्यय अपर्याप्त होगा क्योंकि योजना के शेष 2 वर्षों के लिए लगभग 384 करोड़ रु० ही रह जायेंगे जब कि पंचवर्षीय योजना के चौथे और पांचवें वर्षों में विभिन्न विभागों के कार्य करने की क्षमता इस समय से कहीं अधिक हो चुकी होगी।

वार्षिक योजना, जनसेवकों के लिए विशेष तौर पर, एक आह्वान है कि पूर्ण निष्ठा, तत्परता और दक्षता से विकास कार्यक्रमों को कार्यान्वित करें।

नियोजन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

विषय-सूची

अध्याय	पृष्ठ संख्या
1—प्रस्तावना	1
2—उत्तर प्रदेश में सामाजिक आर्थिक स्थिति	6
3—वित्तीय दृष्टिकोण	8
4—कृषि कार्यक्रम—	
(1) कृषि उत्पादन	12
(2) लघु सिंचाई	24
(3) भूमि संरक्षण	34
(4) कृषि शोध तथा शिक्षा	37
(5) छोटे किसान तथा खेतिहर मजदूर	39
5—पशु पालन	86
6—दुग्ध तथा दुग्ध सम्पूर्ति	103
7—मत्स्य	106
8—वन	111
9—सहकारिता तथा सामुदायिक विकास—	
(1) सहकारिता	119
(2) सामुदायिक विकास	124
(3) पंचायती राज	125
10—सिंचाई तथा बाढ़ नियंत्रण—	
(1) सिंचाई	132
(2) बाढ़ नियंत्रण	138
11—विद्युत्	148
12—उद्योग एवं खनिकर्म—	
(1) वृहत एवं मध्यम उद्योग	159

अध्याय	पृष्ठ संख्या
(2) खनिज विकास	161
(3) ग्रामीण तथा लघु उद्योग	162
13—परिवहन तथा संचार—	
(1) सड़कें तथा पुल	178
(2) सड़क परिवहन	178
(3) पर्यटन	179
14—शिक्षा—	
(1) सामान्य शिक्षा	185
(2) प्राविधिक शिक्षा	190
15—स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन	222
16—जल सम्पूर्ति	244
17—आवास और नगर विकास	248
18—पिछड़े वर्गों का कल्याण	252
19—समाज कल्याण	264
20—शिल्पकार प्रशिक्षण एवं श्रम कल्याण	273
21—अन्य कार्यक्रम—	
(1) सांख्यिकी	281
(2) सूचना एवं प्रसार	281
(3) मूल्यांकन	281
(4) शोध सम्बन्धी कार्यक्रम	282
(5) ग्रामीण जन शक्ति	282
22—पिछड़े हुये क्षेत्रों का कार्यक्रम	290
23—समाज के पिछड़े वर्गों के लिये कार्यक्रम	322
24—प्रशासनात्मक नीति और संस्थागत ढांचा	325

पृष्ठ संख्या

तालिकाएं--

तालिका-1 परिव्यय तथा व्यय (वार्षिक योजना) 328

केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें 332

तालिका-2 भौतिक कार्यक्रम 348

प्रस्तावना

इस देश में उत्तर प्रदेश सबसे अधिक घनी जन-संख्या वाला राज्य है, जिसकी विशिष्टता इसकी अर्थ-व्यवस्था में विविधता का अभाव, निम्न वृद्धि दर, जन-संख्या का अधिक भार और तीव्रता से बढ़ती हुई बेरोजगारी की दर है। औद्योगिक आधार सीमित है। लगभग आधी जन-संख्या आर्थिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्रों में रहती है। यदि हम महत्वपूर्ण सूचकांकों पर दृष्टिपात करें तो स्थिति बिलकुल स्पष्ट हो जाती है।

2—किसी राज्य अथवा देश की आर्थिक स्थिति को परिलक्षित करने वाले प्रमुख सूचकांकों में से सब से महत्वपूर्ण हैं:—जनता की प्रति व्यक्ति आय, कुल (gross) उत्पादन और वृद्धि तथा बचत की वार्षिक दर।

3—राज्य की प्रति व्यक्ति आय, वर्ष 1960–61 की स्थिर कीमतों के आधार पर अखिल भारतीय औसत की तुलना में बहुत कम है। 1960–61 की स्थिर कीमतों के अनुसार उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 246 रु० थी और लगभग छः वर्ष बाद वर्ष 1967-68 में भी वह वस्तुतः उतनी ही रही। 1960–61 से लेकर 1967–68 तक राज्य की आय की वृद्धि दर लगभग 2.28 प्रतिशत रही है। वृद्धि की यह दर जन-संख्या की वृद्धि दर द्वारा जिसके इसी अवधि में 2.21 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, के कारण प्रायः निष्प्रभावित होती आयी है। वस्तुतः, कदाचित् ही कोई वास्तविक आय संबंधी वृद्धि हुई है।

4—पर्याप्त विनियोजन का अभाव राज्य की अल्प आर्थिक प्रगति के सबसे महत्वपूर्ण कारणों में से एक कारण रहा है। राज्यों की योजनाओं के लिये रखे गये विकास परिव्ययों को देखने से ज्ञात होता है कि प्रथम पंचवर्षीय योजना के समय से ही उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति परिव्यय अखिल भारतीय औसत की तुलना में बहुत कम रहा है। इसी प्रकार प्रति व्यक्ति केंद्रीय सहायता भी देश के औसत की तुलना में बहुत कम रही है। वस्तुतः, वह सभी राज्यों की तुलना में सबसे कम रही है। पिछड़े राज्य में विनियोजन की अपर्याप्तता का परिणाम यह हुआ कि विकास के लिये जुटाए जा सकने वाले संसाधनों पर भार बढ़ गया है। वर्तमान विनियोजन का स्तर, सेवाओं का ढांचा और उत्पादन का स्तर तीव्र गति से आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने में अपर्याप्त हैं। अतएव, गरीबी, बेरोजगारी और निम्न उत्पादन व्यापक रूप से दृष्टिगोचर होते हैं। जन-संख्या की वृद्धि से पिछड़ी जातियों और भूमिहीन मज्दूरों की समस्याएं और कठिन हो गई हैं। विशेष रूप से कष्टकारक रही है। राज्य की अर्थ व्यवस्था को केंद्रीय क्षेत्र में किये जाने वाले विनियोजनों द्वारा भी वह बढ़ावा नहीं मिला जिसकी अत्यधिक आवश्यकता थी। लोक सभा में 21 जुलाई, 1969 को दी गई सूचना के अनुसार, 31 मार्च, 1968 को केंद्रीय सरकार के उपक्रमों में किये गये 3,000 करोड़ रुपये से अधिक के विनियोग में से उत्तर प्रदेश का अंश 125.6 करोड़ रुपये था, जोकि कुल विनियोजन का केवल 4 प्रतिशत था। चतुर्थ योजना की अवधि में भी, केंद्रीय सरकारी उपक्रमों में 3,150.86 करोड़ रुपये के प्रस्तावित विनियोजन की धनराशि में से उत्तर प्रदेश का भाग लगभग 39 करोड़ रुपये होता है। प्रतिशत की दृष्टि से यह 1.2 मात्र है। उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, जिसका अभिप्राय उद्योगों के प्रसार को बढ़ावा देना था, अपने उद्देश्य में पूर्णतः असफल रहा।

पहली तीन योजनाओं की अवधि के दौरान निजी क्षेत्र में किये गये 900 करोड़ रुपये से अधिक की विनियोजित धनराशि में से उत्तर प्रदेश का अंश केवल लगभग 7 प्रतिशत था।

इस बात पर जोर देने की आवश्यकता है कि राष्ट्रीयकृत वाणिज्यिक बैंकों की नीतियों को इस प्रकार नई दिशा दी जाय कि कम से कम इस राज्य में इकट्ठा की गई बचत की धनराशि को यहीं लगाया जाय उत्तर प्रदेश जैसे निर्धन राज्य के लिये इस प्रकार की विलासिता का आनन्द लेना सरल

नहीं है कि उसकी बचतों का दूसरे राज्यों के लिये उपयोग किया जाय। मोटे तौर पर बैंकों की कुल जमा धनराशि में राज्य का अंशदान लगभग 8 प्रतिशत है जबकि बैंक ऋण में उसका भाग लगभग 4 प्रतिशत है। केंद्रीय वित्तीय संस्थाओं को उत्तर प्रदेश जैसे पिछड़े राज्यों में उद्योगों को बढ़ावा देने में और अधिक सक्रिय भाग लेना होगा। इन संस्थाओं के मुख्य कार्यालयों का महानगरीय क्षेत्रों में स्थित होना पिछड़े राज्यों के लिये हितकारी सिद्ध नहीं हुआ है। राज्य सरकार, किसानों और उद्योगपतियों तथा केंद्रीय वित्तीय संस्थाओं के बीच घनिष्ट संपर्क सुनिश्चित करने के लिये यह सर्वथा आवश्यक है कि इन वित्तीय संस्थाओं को उत्तर प्रदेश में अपने कार्यालय खोलने चाहिये।

5--राज्य को इस समय जिन प्रमुख समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है वे हैं मानवीय संसाधनों का उपयोग, कृषि, सिंचाई तथा विद्युत् संबंधी संसाधनों का उपयोग, संभागीय असंतुलनों का निराकरण, बेरोजगार श्रमिक दल के उन बहुत से लोगों के लिये जिनको कार्य नहीं दिया जा सका था और लगभग दस लाख प्रति वर्ष की गति से श्रमिक दल में प्रवेश करने वाले लोगों के लिये कार्य की व्यवस्था करना और इन छोटे तथा सीमान्त (marginal) किसानों के लिये विशेष सहायता का प्रबन्ध करना है, जिनकी अपने कृषि कार्यों में दीर्घकालिक तथा अल्पकालिक सुधार करने की क्षमता बहुत सीमित है। कृषि के क्षेत्र में हुई प्रत्येक उन्नति तथा यंत्रीकरण की धीमी किन्तु सतत प्रक्रिया के साथ, अधिकाधिक लोगों को कृषि से हटा कर कृषि से भिन्न व्यवसायों में लगाने की आवश्यकता है। औद्योगिक क्षेत्र तथा सेवा संबंधी पेशों में इन अतिरेक (surplus) श्रमिकों को खपाने की संभावना बहुत सीमित है। अतः वर्तमान अवस्थापना को देखते हुए संभावनायें लघु उद्योग के क्षेत्र में हैं जो कृषि पर आधारित अथवा उससे जुड़े हुए हैं तथा जिनका स्वरूप श्रम प्रधान है। यह बात इस कारण और भी सत्य है कि राज्य की अर्थ व्यवस्था मुख्यता कृषि पर आधारित है और द्वितीयक (secondary) तथा तृतीयक (tertiary) क्षेत्रकों (sectors) की वृद्धि दर से यह उम्मीद नहीं की जा सकती है कि वे श्रम बाजार में प्रवेश करने वालों की बढ़ती हुई संख्या को खपा सकेंगी।

6--इन समस्याओं का समाधान करने की दृष्टि से ही चौथी पंचवर्षीय योजना के लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। उद्देश्यों का लक्ष्य ये हैं कि अर्थ व्यवस्था में पांच से छः प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर, कृषि के क्षेत्र में पांच प्रतिशत तथा औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 8 से 10 प्रतिशत की वृद्धि, सेवायोजन (रोजगार) के अवसरों को अधिक से अधिक बढ़ाना, संभागीय असंतुलनों का निराकरण, जन-संख्या वृद्धि को कम करने के लिये निश्चयात्मक प्रयास, संचार साधनों की अपेक्षाकृत अधिक व्यवस्था, संस्थागत ऋण संसाधन की उपलब्धि में वृद्धि और राज्य में पेय जल की व्यवस्था। कृषि के क्षेत्र में अपनायी गई नीति यह है कि अपेक्षाकृत अधिक निवेशों (inputs) की व्यवस्था की जाय और साथ ही जो उपलब्धियां हुयीं हैं उन्हें सुदृढ़ किया जाय, उपलब्ध सुविधायें तथा सृजित क्षमताओं का अधिक से अधिक उपयोग। जहां सुनिश्चित निवेश (input) उपलब्ध हैं वहां सघन खेती पर ध्यान केंद्रित किया जाना। खाद्य तथा वाणिज्यिक फसलों के उत्पादन को बढ़ाने की प्रक्रिया में किसान पूरी तरह भाग ले सकें, इस दृष्टि से उनके लिये उपायों तथा धन आदि के साधनों की व्यवस्था करने के लिये उपलब्ध तथा संभावित ऋण संसाधनों का उपयोग करना। भूमि संरक्षण की पद्धतियों को बढ़ावा दिया जाना और धरातल स्थित तथा भूमिगत जल का सिंचाई के प्रयोजनों के लिये उपयोग करने के संबंध में एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया जाना।

चौथी योजना के लिये अपनाई गई नीति

7--जैसी कि पहले चर्चा की जा चुकी है राज्य के सामने बहुत-सी समस्यायें हैं। वे चुनौती तथा अवसर दोनों को प्रस्तुत करती हैं। अब तक जो प्रगति हुई है उसके बावजूद भी बहुत-सी शेष रह गई दूरी पूरी की जानी है। जब तक वृद्धि की दर जन-संख्या की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ न जाय तब तक निवेशों (inputs) तथा विनियोजनों का लाभ प्राप्त नहीं हो सकता है।

8— इस बात को दृष्टिपात रखना होगा कि इस जैसे राज्य की विकास संबंधी आवश्यकतायें इतनी अधिक हैं कि विकास संबंधी प्रत्येक समस्या को एक साथ सुलझाने के लिये संसाधनों को जुटाना अत्यन्त कठिन होगा। अतएव, दृष्टिकोण को चयनात्मक बनाना है और उसे अर्थ-व्यवस्था के मूल-स्थलों (key points) के साथ संबद्ध करना है। विकास के उन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना होगा जो मौलिक रूप से उत्पादक हों। इसके साथ ही अवस्थापना (infra-structure) को सुदृढ़ बनाने तथा इस प्रकार के संस्थात्मक तथा मनोवृत्ति विधेयक परिवर्तन लाने होंगे जो वृद्धि को बढ़ाने में सहायक हों।

कृषि

9—कृषि संबंधी उत्पादन पिछले दो वर्षों में लगातार बढ़ता रहा है। तीसरी योजना के अन्त में वार्षिक उत्पादन 132.91 लाख मीट्रिक टन था उसके बाद का वर्ष अभूतपूर्व सूखे का वर्ष था जबकि उत्पादन गिर गया। अतएव, सकेंद्रित प्रयत्न किये गये और अधिक मात्रों में निवेशों (inputs) की व्यवस्था की गई जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 1967–68 में उत्पादन बढ़कर 166.73 लाख मीट्रिक टन हो गया। प्रतिकूल जलवायु संबंधी दशाओं के कारण 1968–69 में थोड़ी-सी गिरावट आई किन्तु 1969–70 में उत्पादन पुनः बढ़कर 174.13 लाख मीट्रिक टन हो गया। चौथी योजना में उत्पादन के लक्ष्य को पुनरीक्षित करके 214 लाख मीट्रिक टन रखा गया है। अधिक उपज देने वाली किस्मों का कार्यक्रम लक्ष्य के अनुसार प्रगति कर रहा है, किन्तु अभी भी अधिकांश कृषक कृषि विभाग द्वारा की गई सिफारिशों के अनुसार पूरी मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। फिर भी, उर्वरक लोकप्रिय होते जा रहे हैं और 1969-70 में उर्वरकों की कुल खरीद 4.6 लाख मीट्रिक टनों की हुई जब कि इससे पिछले वर्ष में यह 3.39 लाख मीट्रिक टन थी। उन्नत बीजों, उर्वरकों और पौधों की सुरक्षा के उपायों का महत्व प्रगतिशील कृषक अधिकाधिक स्पष्ट रूप से समझते जा रहे हैं, किन्तु उन्नत कृषि के लाभों से अभी भी छोटे किसानों को अवगत कराया जाना है। इस दिशा में छोटे और सीमान्त किसानों के हित साधन की दृष्टि से विशेष कार्यवाहियां की जा रही हैं। गन्ना, तिलहन, कपास और जूट जैसी वाणिज्यिक फसलों का विकास ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था में सुधार लाने की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिशा में विशेष प्रयास किये जा रहे हैं और अतिरिक्त निवेशों (inputs) की व्यवस्था की जा रही है।

10—कृषि के विकास में यंत्रीकरण के योगदान का कृषक समुदाय द्वारा तेजी से अनुभव किया जा रहा है। अधिक उपज देने वाली किस्मों तथा बहु फसली (multiple Cropping) कार्यक्रमों के प्रारंभ किये जाने से कृषि में यंत्रीकरण की आवश्यकता सुस्पष्ट हो गई है ताकि उत्पादन के व्यय में मितव्ययिता लायी जा सके और कार्य समय पर पूरे हो जाएं। अधिक उपज देने वाली किस्मों से तथा कई फसलें बोने के तरीके को अपनाये जाने से फसलों की सघनता (crop intensity) के दो से तीन सौ प्रतिशत तक बढ़ जाने की संभावना है। इसके लिये कृषि संबंधी कार्यवाहियों को शीघ्र सम्पन्न करने की आवश्यकता है, जिसके लिये कृषि यंत्रों का अधिकाधिक उपयोग आवश्यक हो जायगा। कृषि के अन्तर्गत परिवर्तित स्थिति के कारण यंत्रों की मांग तेजी के साथ बढ़ रही है। इस प्रसंग में यह उल्लेखनीय है कि ट्रैक्टरों की संपूर्ति कम हो पाती है और किसानों को ट्रैक्टर के लिये अपनी मांग दर्ज कराने के बाद दो से तीन वर्ष तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। अतएव, कृषि यंत्रों तथा उसकी साज-सज्जा से संबंधित सामग्री की संपूर्ति में सुधार करना बहुत महत्व रखता है। फसलों की मंड़ाई के लिये शक्ति चालित (थ्रेशर) की मांग की संपूर्ति भी नहीं हो पा रही है। यह स्थिति लोहे और फौलाद की अत्यधिक कमी के कारण है। यह अत्यावश्यक है कि मंड़ाई के शक्ति-चालित यंत्रों के निर्माण के लिये लोहा और इस्पात का प्रदेशन उपयुक्त मात्रा में किया जाय।

सिंचाई

11—चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान 30.91 लाख हेक्टर के अतिरिक्त क्षेत्र में सिंचाई की संभाव्यता को बढ़ाने का प्रस्ताव है। सिंचाई संबंधी कार्यक्रम के कार्यान्वयन की प्रगति लक्ष्य से आगे बढ़ रही है और सूखे से चिरकाल तक प्रभावित रहने वाले तथा सिंचाई की कमी वाले क्षेत्रों में सिंचाई की

प्रायोजनाओं को सकेंद्रित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। लघु सिंचाई के कार्यक्रम बहुत लोकप्रिय हैं। 1968-69 के अन्त तक 2.25 लाख निजी नलकूप तथा पंपिंग सेट लगाये जा चुके थे चालू वर्ष में निजी नलकूपों के विद्युतीकरण कार्यक्रम में खम्भों और चालकों (कन्डक्टर्स) जैसी महत्वपूर्ण सामग्रियों की कमी के कारण कुछ कठिनाइयां अनुभव की जा रही हैं। इन कठिनाइयों का निराकरण करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

विद्युत्

12—कृषि तथा उद्योग संबंधी विकास की गति को तीव्र करने के उद्देश्य से चौथी योजना के दौरान विद्युत् कार्यक्रमों को बहुत उच्च प्राथमिकता दी गई है। विद्युत् की मांग संपूर्ति के स्तरों से आगे बढ़ चली है। फौलाद, जस्ता और अल्युमिनियम की कमी के कारण विद्युत् उत्पादन तथा अधिष्ठापन के संबंध में अत्यधिक कठिनाई अनुभव की जा रही है। पारेषण के काम में आने वाले पुर्जों (ट्रांस्मीशन टावरों) के लिये इस्पात (बिजली के तारों पर), जस्ता चढ़ाने के लिये जस्ते और चालकों (कन्डक्टर्स) के बनाने के लिए अल्युमिनियम की संपूर्ति अपेक्षित है। यह कहने की आवश्यकता नहीं कि विद्युत् प्रायोजनाओं के लिये अतिरिक्त विनियोजन अपेक्षित है। राज्य के संसाधन आवश्यकता के अनुसार विद्युत् संबंधी संसाधनों के विकास के लिये पूर्णतः अपर्याप्त है। यह एक ऐसी समस्या है जिसकी ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस बीच में पारेषण तथा वितरण में सुधार करने तथा प्रणाली की हानियों को कम करने के लिये सभी प्रयास किये जा रहे हैं।

परिवार नियोजन

13—राज्य में विकास की गति जन-संख्या में हुई वृद्धि के लगभग बराबर ही रह पाई है। इस संदर्भ में परिवार नियोजन कार्यक्रम का महत्व बहुत बढ़ जाता है। अतएव, इन कार्यक्रमों को बहुत उच्च प्राथमिकता दी जाती रहेगी जिससे जन-संख्या की वृद्धि दर को पर्याप्त रूप से प्रभावित किया जा सके।

लघु कृषक

14—छोटे तथा सीमान्त किसानों की समस्या काफी कठिन है। विकास की प्रक्रिया में नई सेवाओं तथा संस्थाओं का पूरा लाभ ग्रामीण समुदाय के निर्बल वर्गों ने बहुत कम उठाया है। इन निर्बल वर्गों के अन्तर्गत छोटे और सीमान्त किसान तथा खेतिहर मजदूर आते हैं। अतएव, इस दिशा में विशेष प्रयास आवश्यक हो गये हैं। छोटे किसानों द्वारा दिखाई गई अभिरुचि तो संतोषजनक है किन्तु उनक संसाधन सीमित हैं। इसी उद्देश्य से प्रतापगढ़, फतेहपुर, बदायूं और रायबरेली के चार जिलों में लघु कृषिक विकास अधिकरण (एजेंसियां) स्थापित किये गये हैं। इसके अतिरिक्त, सीमान्त किसानों और भूमिहीन खेतिहर मजदूरों के लिये बलिया और मथुरा जिलों में विशिष्ट प्रायोजनायें प्रारम्भ की गई हैं। झांसी जिले में एक प्रायोजना सूखी खेती (dry farming) के लिये स्वीकृत की गई है और यह आशा है कि वर्ष 1971-72 में गाजीपुर व आगरा जिलों में सूखी खेती की प्रायोजनायें चालू की जायेंगी। इसके अतिरिक्त, चिरकाल से सूखे से प्रभावित छः जिलों में विशेष ग्रामीण निर्माण कार्यक्रम आरंभ किये गए हैं, जिनके लिये केंद्रीय सरकार द्वारा अलग से धनराशि प्रदिष्ट की गई है। इन कार्यक्रमों से छोटे तथा सीमान्त किसानों की दशा के सुधारने और पिछड़े तथा चिरकाल से कम उत्पादन वाले क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित होने की उम्मीद की जाती है।

बेरोजगारी

15—बेरोजगारी की स्थिति अधिकाधिक उग्र रूप धारण करती जा रही है। विनियोजन के वर्तमान स्तर पहले से अवशिष्ट बेरोजगारों और श्रम बाजार के नये प्रवेशार्थियों को खपाने के लिये पर्याप्त नहीं है। यह समस्या सभी को गंभीर रूप से चिन्तित कर रही है। शिक्षित व्यक्तियों के संबंध में यह स्थिति और भी कठिन है। इस समस्या का अध्ययन करने के लिये, एक कार्यकारी दल हाल में ही गठित किया गया है, जो शीघ्र ही अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगा।

उद्योग

16—चूंकि भूमि पर भार बहुत अधिक बढ़ रहा है, इसलिये अतिरिक्त खेतिहर मजदूरों को कृषि व्यवसाय से भिन्न व्यवसायों में लगाने की आवश्यकता है। इस प्रसंग में ग्रामीण तथा लघु उद्योगों के राज्य की विकास परियोजनाओं में एक विशेष महत्व रखते हैं। बड़े पैमाने पर सेवायोजन क्षमता, प्रति यूनिट अपेक्षाकृत कम विनियोजन, अल्प समय में प्रतिफल मिलने की संभावना, उत्पादन के सरल तरीके तथा व्यापक प्रसार की संभावनाओं (dispersal possibilities) को देखते हुए लघु उद्योगों पर, विशेषकर कृषि से संबद्ध या कृषि पर आधारित लघु उद्योगों पर जोर दिया जा रहा है। इस प्रयोजन के लिये संस्थात्मक वित्त साधनों को विभिन्न क्षेत्रों में फैलाया जा रहा है और प्रोन्नति संबंधी तथा सहायक कार्यक्रमों को कार्यान्वित किया जा रहा है।

राज्य की अर्थ-व्यवस्था में कुटीर तथा ग्रामीण उद्योगों का अत्यधिक महत्व होते हुए भी राज्य में बड़े तथा मध्यम उद्योगों की स्थापना की महत्ता किसी प्रकार कम नहीं होती। अन्य लाभों के अतिरिक्त बड़े तथा मध्यम उद्योग, लघु उद्योग क्षेत्र में, सहायक उद्योगों को बढ़ावा देते हैं। इसलिये राज्य सरकार केंद्रीय सरकार पर बराबर जोर देती रही है कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र में विनियोजन (investment) में राज्य के साथ पिछली बरती गई त्रुटिपूर्ण नीति से हुई वह हानि की पूर्ति कर दें।

संस्थात्मक वित्त

17—कृषि तथा औद्योगिक विकास तेजी से करने के उद्देश्य से विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे उपाय तथा साधन ढूंढने आवश्यक हो गये हैं जिनके द्वारा उत्पादन की प्रक्रियाओं के आधुनिकीकरण तथा औद्योगिकी के लाभप्रद प्रयोग के हेतु कृषि तथा ग्रामीण क्षेत्र में कृषि तथा औद्योगिक क्षेत्र में ऋण देने के कार्य को और तेजी से बढ़ाया जा सके। ऐसे ऋण संबंधी कार्यक्रमों की सफलता अन्य बातों के साथ-साथ ग्रामीण समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये ऋण साधनों में पर्याप्त वृद्धि करने, ऋण लेने की लागत में कमी करने तथा इस प्रकार के ऋण चाहने वाले लोगों की क्षमता तथा सुविधा के अनुसार ऋण की शर्तों में समायोजन करने पर निर्भर होती है। यह भी आवश्यक है कि ऋण प्राप्त करने के हेतु प्रक्रियाओं को सरल किया जाय। इस उद्देश्य को ध्यान में रख कर ग्रामीण क्षेत्रों और विशेषतया अपेक्षाकृत निर्बल वर्गों के विकास को ध्यान में रख कर संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण की नीति अपनाई गई है। इस उद्देश्य से बहुत-सी स्कीमें एग्रीकल्चरल रिफांइनेंस कारपोरेशन को भेजी गई हैं। इनमें से बहुत-सी स्कीमें स्वीकृत हो चुकी हैं और अन्य स्कीमों पर विचार हो रहा है। भूमि विकास बैंक (लैंड डेवलपमेंट बैंक) के संसाधनों को सुदृढ़ किया जा रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों के लिये ऋण की व्यवस्था कई साधनों से, जैसे एग्रीकल्चरल रिफाइनेंस कारपोरेशन, लैण्ड डेवलपमेंट बैंक तथा कार्मशियल बैंकों, कोआपरेटिव सेंट्रल बैंकों आदि से की जा रही है।

2

उत्तर प्रदेश में सामाजिक-आर्थिक स्थिति

1971–72 की वार्षिक योजना चौथी योजना के तीसरे वर्ष की योजना है। चालू वार्षिक योजना के अन्त में राज्य नियोजन के 20 वर्ष पूरे कर लेगा। निःसंदेह उत्तर प्रदेश में आर्थिक विकास की गति इन वर्षों में धीमी रही है। इसके मुख्य कारण हैं अपर्याप्त विनियोजन तथा जन-संख्या की उत्तरोत्तर वृद्धि। 1961 की जन-गणना में इस राज्य की जन-संख्या 7 करोड़ 37 लाख थी जिसको भारत सरकार के रजिस्ट्रार जनरल के जन-संख्या अवलेख (प्रोजेक्शन) के अनुसार 1970 में बढ़कर 9 करोड़ 3 लाख हो जाने की आशा की जाती है। इस प्रकार 1951 से 1961 के बीच जन-संख्या की वृद्धि की दर जो 1.6 प्रतिशत थी वह 1970 को समाप्त होने वाले 9 वर्षों की अवधि में बढ़कर 2.3 प्रतिशत हो गई। इसके विपरीत इसी अवधि में राज्य की कुल आय 2.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी। इस विषय में कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है कि प्रति व्यक्ति आय में 0.3 प्रतिशत की वृद्धि की दर प्रायः नगण्य है। राज्य की कुल आय तथा प्रति व्यक्ति आय के स्थूल अनुमान वर्ष 1969–70 में वर्तमान मूल्यानुसार क्रमशः 3,900 करोड़ रुपये तथा 437 रु० थे। राज्य की आय 1967–68 में राष्ट्रीय आय की केवल 13.6 प्रतिशत थी जब कि राज्य की जनसंख्या देश की जनसंख्या का 16.6 प्रतिशत थी। यहां यह उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आय में राज्य को मिलने वाला हिस्सा 1950–51 से कम हो गया है।

कृषि

2—उत्तर प्रदेश की शहरी क्षेत्र अपेक्षाकृत बहुत कम है तथा जन-संख्या का अधिक भाग कृषि पर निर्भर है। 1966–67 में इस राज्य में खाद्यान्नों की उपज 117.7 लाख मीट्रिक टन थी। यह 1967–68 में बढ़कर 166.7 लाख मीट्रिक टन हो गयी, लेकिन 1968–69 में खाद्यान्नों के उत्पादन में कमी हुई जो कि घटकर 160.4 लाख मीट्रिक टन रह गया। किन्तु 1969–70 के लिये उत्पादन का अनुमान 174.1 लाख टन लगाया गया है। कृषि उत्पादन में इस वृद्धि के मुख्यतया दो कारण हैं—पहला यह कि प्रकृति अनुकूल रही और दूसरे यह कि अधिक उपज देने वाली किस्में सफल सिद्ध हुई हैं। फिर भी अपेक्षित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग सामान्यतया नहीं हो रहा है जिसके फलस्वरूप अपेक्षाकृत कम उपज हो रही है। कृषि की उन्नति में एक ओर अड़चन नलकूपों तथा पंपिंग सेटों में बिजली लगाने के हेतु बिजली की अपर्याप्त सप्लाई है। कृषि उद्योग निगम द्वारा कृषि के यंत्रीकरण के लिये उत्तरोत्तर और अधिक प्रयास किये जा रहे हैं। कृषक सामुदायिक कृषि के यंत्रीकरण के महत्व को महसूस कर रहा है। सरकार ने भी विभिन्न जिलों में छोटे किसानों तथा उपान्त (marginal) किसानों की बहुत सी प्रायोजनायें आरंभ की हैं। यह स्कीम भारत सरकार द्वारा केवल छोटे तथा उपान्त किसानों और भूमिहीन श्रमिकों के लाभार्थ पुरोनिधानित तथा वित्तपोषित की गई है। गन्ना, तिलहन, कपास तथा जूट जैसी वाणिज्यिक फसलों का विकास करने के लिये विशेष प्रयत्न किये जा रहे हैं।

विद्युत्

3—देश में नियोजन के आरंभ में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत् के उत्पादन में राष्ट्रीय स्तर से काफी पीछे था। इसलिए इस बात के बराबर प्रयास किये जाते रहे हैं कि राज्य में बिजली के उत्पादन में तेजी लाई जाय और उसे बढ़ाया जाय। यद्यपि स्थिति में सुधार हुआ है तथापि तीसरी योजना के अन्त में राज्य में बिजली की प्रति व्यक्ति उत्पादन तथा उपभोग क्रमशः 36.54 किलोवाट घं० (के० डब्ल्यू० एच०) तथा 28.58 किलोवाट घंटे था जबकि अखिल भारतीय आंकड़े क्रमशः 66.21 किलोवाट घंटे तथा 53.66 किलोवाट घंटे थे। चौथी योजना के आरंभ में अनुमान है कि राज्य में अधिष्ठापित क्षमता 1,310 मेगावाट थी। अनुमान है कि 123.98 मेगावाट की अतिरिक्त अधिष्ठापित क्षमता चालू वर्ष के अन्त तक ओबरा हाइडिल, ओबरा थरमल तथा यमुना हाइडिल द्वितीय

प्रक्रम की परियोजनाओं के द्वारा सृजित हो जायेगी। इस प्रकार यह आशा की जाती है कि राज्य के पास कुल 1434.02 मेगावाट की अधिष्ठापित क्षमता तथा 980 मेगावाट की सुनिश्चित क्षमता (Firm capacity) हो जायेगी। 1971-72 में भी विद्युत् क्षेत्र में सुधार करने के लिये प्रयत्न जारी रहेंगे।

उद्योग

4--बड़े तथा मध्यम उद्योग क्षेत्र की स्कीमों के लिये योजना परिव्यय 2,372.50 लाख रुपये है। इस क्षेत्र के अन्तर्गत बहुत सी महत्वपूर्ण स्कीमें आती हैं। चीनी का उद्योग राज्य में एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण उद्योग है। किन्तु यह उद्योग एक कठिन अवस्था से गुजर रहा है। इस उद्योग के सामने मुख्य समस्या उत्पादन पर व्यय कम करने तथा उत्पादन बढ़ाने के लिये आधुनिकीकरण की है। राज्य सरकार एक राज्य चीनी निगम स्थापित करने के संबंध में कार्यवाही कर रही है जिससे कि चीनी के इन कारखानों को अपने को सशक्त बनने में सहायता मिले। 1969-70 में चीनी के 16.17 लाख मीट्रिक टन के उत्पादन ने पहले के सभी रिकार्ड तोड़ दिये। वर्ष 1968 में वनस्पति का उत्पादन 1,07,000 मीट्रिक टन था। 1969 के पहले आठ महीनों में औसत मासिक उत्पादन पिछले वर्ष की अपेक्षा 2 प्रतिशत अधिक था। 1968-69 में सीमेन्ट का उत्पादन 3,62,000 मीट्रिक टन था। 1969-70 में यह उत्पादन लगभग 3,64,000 मीट्रिक टन था। अक्तूबर, 1970 से डल्ला स्थिति नई सीमेंट फैक्ट्री ने कार्य करना शुरू कर दिया है। इस क्षेत्र का और सुधार करने के उद्देश्य से योजना आयोग ने 24 जिले छांटे हैं जहां वाणिज्यिक बैंकों (कामर्शियल बैंकों) से आसान किस्तों पर अध्यवसायियों को ऋण दिये जायेंगे।

मूल्य

5—1969-70 के दौरान कृषि थोक मूल्य सूचकांक जुलाई, 1969 में 223.1 (1957-58 = 100) था। सितम्बर, 1969 तक इसमें वृद्धि की प्रवृत्ति दिखाई दी और वह 232.7 पर पहुंच गया। अक्तूबर तथा नवम्बर, 1969 में उसमें फिर कमी हुई। तत्पश्चात् उसमें पुन: वृद्धि की प्रवृत्ति दृष्टिगोचर हुई लेकिन जून, 1970 में वह (सूचकांक) फिर कम होकर 207.9 हो गया। मूल्य की यह प्रवृत्ति किसानों के लिये सामान्यत: अनुकूल रही। यह जुलाई,-सितम्बर, 1969 तक की तिमाही में सब से अधिक अनुकूल रहा। औद्योगिक वस्तुओं के मूल्यों में भी इसी प्रकार की प्रवृत्ति रही।

चिकित्सा तथा स्वास्थ्य

6—1970-71 के लिये चिकित्सा तथा स्वास्थ्य कार्यक्रमों का योजना परिव्यय 410.00 लाख रुपया था। 1971-72 के लिये यह परिव्यय 644.00 लाख रुपया है। 1970-71 के दौरान 15 अतिरिक्त औषधालयों की स्थापना की गई। 1971-72 में 35 औषधालय और खोले जायेंगे। 1970-71 की योजना में इस बात की भी व्यवस्था की गई थी कि शहरी क्षेत्रों में चिकित्सालय शाखाओं की संख्या में 671 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 298 की वृद्धि की जाय। 1971-72 के लिये यह प्रस्ताव है कि 208 शय्याएं शहरी क्षेत्र में और 298 शय्याएं ग्रामीण क्षेत्र में और होनी चाहिये। बनियादी स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं तथा अन्य चिकित्सा कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने की स्कीमें 1970-71 में पूर्ववत् चालू रहीं।

शिक्षा

7—वर्ष 1971-72 में सामान्य शिक्षा का स्वीकृत परिव्यय 1,167.00 लाख रुपया है। इसमें 767 लाख रुपये प्रारंभिक शिक्षा के लिये हैं। 1971-72 के कार्यक्रम में नये स्कूलों का खोला जाना, स्कूलों के भवनों तथा प्रयोगशालाओं का निर्माण, विभिन्न अनुदानों की स्वीकृतियां तथा अध्यापकों का प्रशिक्षण सम्मिलित है। इस कार्यक्रम में कई नई स्कीमें हैं। 1970-71 के दौरान आरंभ किये गये कार्य भी चालू रहेंगे। प्राविधिक शिक्षा के लिए 182.00 लाख रुपये की धनराशि निर्धारित की गयी है।

3

वित्तीय दृष्टिकोण

योजना के 1971-72 के संसाधनों का विवरण-पत्र जैसा कि वह शासकीय स्तर पर योजना आयोग से परामर्श करके तैयार किया गया है, तथा राज्य सरकार द्वारा मूलतः प्रस्तुत अनुमान नीचे दिये गये हैं-

1971-72 के संसाधनों का विवरण-पत्र

(करोड़ रुपयों में)

मद	राज्य सरकार का पूर्वानुमान	योजना आयोग विचार-विमर्श के दौरान अंतिम रूप दिया गया
योजना परिव्यय	218.29	209.15
8--बातचीत द्वारा तय हुए ऋणों तथा राज्य उपक्रमों (enterprises) के बाजार-ऋणों से वि भिन्न राज्य के बजट-संसाधन--		
1--1968-69 के कराधान की दरों पर चालू राजस्वों से अवशेष	54.75	61.30
2--स्वायत्त सार्वजनिक उपक्रमों का अंशदान--		
(क) राज्य विद्युत् परिषद्	(-)1.26	(-)4.46
(ख) सड़क परिवहन निगम	..	..
3--जनता से ऋण (शुद्ध)	14.30	8.50
4--छोटी बचतों में अंश	13.00	14.50
5--अनधिक ऋण (unfunded debt) ..	7.50	7.50
6--स्थानीय निकायों का अंशदान (. ..	..	..
7--प्रकीर्ण पूंजी प्राप्तियां (शुद्ध)	(-)28.36	(-)28.36
8--आरक्षित निधियों से निकाली गयी धनराशियां ..	..	1.75
3--अतिरिक्त संसाधन जुटाना--		
(1) 1969-70 के साधन	12.48	12.48
(2) 1970-71 के साधन	9.03	9.03
(3) 1971-72 के साधन	..	..
योग ..	21.51	21.51
घटाइए मद्य निषेध के कारण हानि (50 प्रतिशत) ..	..	0.89
योग ..	21.51	20.62

		(करोड़ रुपयों में)
4—1970-71 में केन्द्र द्वारा अतिरिक्त संसाधन जुटाना	7.85	7.85
5—बातचीत द्वारा तय हुए ऋणों तथा राज्य उपक्रमों के बाजार-ऋण (सकल)		
1—राज्य सरकार—		
(क) जीवन बीमा निगम से ऋण—		
(1) जल सम्पूर्ति	..	2.50
(2) गृह निर्माण	1.00	1.00
(ख) रिजर्व बैंक आफ इंडिया से ऋण ..	2.00	1.75
ज—राज्य उपक्रम—		
(क) जीवन बीमा निगम से ऋण ..	4.00	4.00
(ख) बाजार ऋण	10.00	5.50
योग 5 ..	17.00	14.75
6—योजना के लिए राज्य के कुल संसाधन ..	106.29	103.95
7—केन्द्रीय सहायता	112.00	105.20
8—राज्य के कुल संसाधन	218.29	209.15

2—चालू राजस्वों से अवशेष

चालू राजस्वों के अवशेष में पर्याप्त वृद्धि परिलक्षित होती है। राजस्व प्राप्तियों में यह वृद्धि मुख्यतया केंद्रीय करों के अंश में होने वाली बढ़ोत्तरी तथा कुछ हद तक राज्य के कर राजस्व में बढ़ोत्तरी के कारण हुई। वाणिज्यिक संस्थाओं को हुई हानियों के कारण यह वृद्धि आंशिक रूप से कम हो गई। व्यय पक्ष में राज्य सरकार अब तक बराबर कड़ाई के साथ मितव्ययिता बरतती जा रही है। योजना आयोग की सिफारिशों के अनुसार यह प्रतिबन्ध लगा दिया गया है कि आयोजनेतर व्यय में कम से कम वृद्धि की जाय। नया व्यय, सिवाय उस दशा में जब कि वह नितान्त आवश्यक हो, बिल्कुल बन्द कर दिया गया है। 1971-72 के व्यय के पूर्वानुमान में भी कोई खास नया व्यय करने का अनुमान शामिल नहीं किया गया है। इन सभी बातों के परिणाम स्वरूप राज्य सरकार ने यह अनुमान लगाया था कि 1968-69 के कराधान की दरों पर चालू राजस्वों से अवशिष्ट धनराशि बढ़कर 54.75 करोड़ रुपये हो जायेगी। योजना आयोग से विचार विमर्श करते समय इस अनुमान में वृद्धि करके 61.30 करोड़ रुपये कर दिया गया जिसका मुख्य कारण यह था कि आयोग द्वारा केंद्रीय करों का अपेक्षाकृत अधिक अंश दिये जाने का संकेत दिया गया था।

3—अतिरिक्त संसाधन जुटाना

(1) राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश कराधान जांच समिति 1968-69 ने अतिरिक्त संसाधन जुटाने के ऐसे विभिन्न उपायों की सिफारिश की थी जिनसे चौथी पंचवर्षीय योजना की अवधि में लगभग 175.85 करोड़ रुपये की आय होने का अनुमान था। 1969-70 में ऐसे कई

* राज्य सरकार ने योजना आयोग से यह निवेदन किया है कि वह चालू राजस्वों के अवशेष में सामान्य उत्पादन राजस्व में मद्यनिषेध के कारण परिलक्षित हानि का प्रतिसाद कर दें।

उपाय आरंभ किये गये जिनसे 1971-72 में 12.48 करोड़ रुपये की आय होने की संभावना है। 1970-71 में जो उपाय आरंभ किये गये थे उसमें 1971-72 के दौरान 9.03 करोड़ रुपये अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। इस प्रकार 1971-72 के दौरान कुल अतिरिक्त राजस्व 21.51 करोड़ रुपये आता है। पांच वर्षों की अवधि के लिये यह अतिरिक्त राजस्व 90.49 करोड़ रुपये रखा गया है। इस प्रकार अतिरिक्त संसाधन जुटाने के लक्ष्य की पूर्ति के हेतु राज्य सरकार को अभी ऐसे उपाय करने हैं जिनसे चौथी योजना की शेष अवधि में लगभग 85.36 करोड़ रु० की आय हो सके।

2—**केंद्र द्वारा**—भारत सरकार ने भी चालू वर्ष के दौरान उत्पादन शुल्कों की (आधारभूत तथा अतिरिक्त दोनों) दरों में संशोधन करके उनमें कुछ वृद्धि कर दी है। आय कर में भी कतिपय परिवर्तन किये गये हैं। यह अनुमान किया जाता है कि इन परिवर्तनों के फलस्वरूप केंद्र को प्राप्त होने वाले अतिरिक्त राजस्व में से राज्य सरकार को अगले वर्ष में अपने अंश के रूप में 7.85 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त होगी।

4—राज्य सरकार के ऋण ग्रहण कार्यक्रम

वर्ष 1971-72 के लिये राज्य सरकार द्वारा बाजार से ऋण ली जाने वाली सकल धनराशि का अनमान 23 करोड़ रुपये लगाया गया था। इस वर्ष के लिये प्रतिदान की धनराशि का हिसाब 8.70 करोड़ लगाया गया था। इस प्रकार राज्य सरकार की योजना के वित्तपोषण के लिये उपलब्ध शुद्ध धनराशि 14.30 करोड़ रुपये की होती। किन्तु योजना आयोग को 17.20 करोड़ रुपये से अधिक की सकल धनराशि बाजार से ऋण लेने के लिये राजी नहीं किया जा सका। बाजार से ऋण ली जाने वाली धनराशि में से इस राज्य का अंश शुरू से ही बहुत कम रहा है और यह एक पिछड़ी अर्थ व्यवस्था के विकास की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं रहा है। 1968-69, 1969-70 और 1970-71 के दौरान इस राज्य द्वारा बाजार से ऋण ली गई शुद्ध धनराशि क्रमश: 3.23 करोड़, 5.44 करोड़ और 7.20 करोड़ रुपये रही हैं। प्रति व्यक्ति ऋण की धनराशि 0.37, 0.60 तथा 0.78 रुपये रही। इस राज्य की बाजार से ली गई ऋण की शुद्ध धनराशि, बिहार को छोड़कर, देश में सब से कम है। चौथी योजना के लिये इस राज्य की बाजार से ऋण ली जाने वाली शुद्ध धनराशि 42 करोड़ रुपये रखी गई है, जो 4.49 रुपया प्रति व्यक्ति होती है, और जो पुनः बिहार को छोड़कर, देश में सबसे कम है। चौथी योजना के लिये बाजार से ली जाने वाली ऋण की शुद्ध धनराशि समस्त संसाधनों का केवल 4.4 प्रतिशत होती है, जो कि पुनः, बिहार को छोड़कर सबसे कम है। आन्ध्र, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के संबंध में ये आंकड़े क्रमश: 9.8, 15.4, 11.1, 8.6 और 12.9 हैं। केरल और उड़ीसा जैसे अपेक्षाकृत छोटे राज्यों के प्रतिशत भी क्रमश: 8.5 और 9.0 होते हैं। ये आंकड़े स्वयं स्थिति को स्पष्ट करते हैं और इस संबंध में कोई संदेह नहीं है कि इस राज्य को बाजार से जितनी धनराशि के ऋण लेने की स्वीकृति दी गई है उसकी अपेक्षाकृत अधिक धनराशि प्राप्त करने की अनुमति होनी चाहिये। राज्य सरकार ने योजना आयोग से पुनः इस आशय का अनुरोध किया है।

5—राज्य विद्युत् परिषद्

1—**बाजार से लिए जाने वाले ऋण**—राज्य सरकार ने यह प्रस्ताव किया था कि राज्य विद्युत् परिषद् को वर्ष 1971-72 के दौरान बाजार से 10 करोड़ रुपये का बाजार ऋण एकत्र करने की अनुमति दी जाय। किन्तु योजना आयोग ने केवल 5.5 करोड़ रुपये के लिये स्वीकृत दी हैं। इस राज्य की चौथी योजना में विद्युत् संबंधी स्कीमों के लिये कुल परिव्यय का 375 करोड़ रुपया रखा गया है। उनके लिये बाजार से लिया जाने वाला ऋण जिसकी स्वीकृति दी गई है, केवल 15 करोड़ रु० पांच वर्ष की अवधि के लिये रखा गया है। यह कुल परिव्यय का केवल चार प्रतिशत होता है, जो देश में सब से कम है। अन्य राज्यों का प्रतिशत इससे कहीं अधिक है— मध्य प्रदेश

का प्रतिशत 36.36 ,मैसूर का 29.71, आसाम का 28.53 और हरियाणा का 20.49 ये इस राज्य की अपेक्षाकृत छोटे राज्य हैं। इस लिये राज्य सरकार को ऐसा कोई कारण नहीं प्रतीत होता है कि इस राज्य की राज्य विद्युत् परिषद् की अगले वर्ष बाजार से 10 करोड़ रुपये तक ऋण लेने की स्वीकृति क्यों न दी जाय।

2—**आन्तरिकसंसाधन**—राज्य विद्युत् परिषद् के आन्तरिक संसाधन में, 1971–72 के दौरान 4.46 करोड़ रुपये की क्षति परिलक्षित होती है। इस कमी का एक कारण यह है कि परिषद् को बराबर अधिक धनराशि ब्याज स्वरूप देनी पड़ रही है जो अनुमानतः वर्ष 1971–72 में बढ़कर 34.77 करोड़ रुपये हो जायेगी। परिषद् की सकल प्राप्ति में भी इस कमी को पर्याप्त रूप से पूरा करने की क्षमता नहीं दिखलाई पड़ती, क्योंकि इसे कृषि तथा औद्योगिक उत्पादनों के लिये प्रोत्साहन देने हेतु प्रःशुल्क में विभिन्न प्रकार की रियायतें देनी पड़ती हैं। प्रःशुल्क भी बहुत कम है।

6—छोटी बचतों की धनराशि में अंश

राज्य सरकार का पहले यह अनुमान था कि वह 1971–72 के दौरान छोटी बचतों द्वारा 27.5 करोड़ रुपये की धनराशि को इकट्ठा करने के अपने लक्ष्य को पूरा कर लेगी। किन्तु पिछले वर्ष में बचत की प्रवृत्ति संतोषजनक नहीं थी। अप्रैल से अगस्त, 1970 तक की अवधि में एकत्र की गई कुल धनराशि 503 लाख रुपये थी, जब कि यह 1968–69 तथा 1969–70 की इसी अवधि में क्रमशः 761 लाख रु० और 745 लाख रु० थी। यह प्रतीत होता है कि राष्ट्रीयकृत बैंकों के विस्तृत शाखा प्रसार कार्यक्रम फलस्वरूप बचतों की धनराशि अधिकांशतः वहीं एकत्रित हो रही है और इससे छोटी बचत संबंधी कार्यक्रम पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। राज्य सरकार को यह आशंका है कि वर्ष 1971–72 में छोटी बचतों का मूल लक्ष्य पूरा करना कठिन होगा। अब जो 21.75 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें राज्य का अंश 14.50 करोड़ रुपया होगा, वह भी अधिक है, और उसे प्राप्त करने के लिये सतत् प्रयास करने की आवश्यकता होगी।

7—पूर्ण स्थिति

संसाधन संबंधी प्रमुख मदों का उल्लेख ऊपर किया गया है। उनके अतिरिक्त कई अन्य मदें भी हैं, जैसे—भविष्य निधि को शुद्ध वृद्धि, प्रकीर्ण पूंजीगत प्राप्तियां, जिनमें कमी मुख्यतया इसलिये हो गई है कि केन्द्रीय ऋणों, जीवन बीमा निगम तथा रिजर्व बैंक आफ इंडिया आदि से लिये गये ऋणों के लिये भारी प्रतिदान करना पड़ा है। राज्य सरकार का कुल संसाधन, जो अगले वर्ष की योजना को वित्त पोषित करने के लिये उपलब्ध होगा, अनुमानतः 103.95 करोड़ रुपया है। योजना आयोग ने सूचित किया है कि केंद्रीय सहायता में से राज्य का कुल अंश चौथी योजना के लिये निर्धारित 526 करोड़ रुपये की कुल केंद्रीय सहायता का 20 प्रतिशत होगा। इस प्रकार अगले वर्ष राज्य का अंश 105.20 करोड़ रुपया होगा। इस तरह से योजना आयोग के साथ विचार विमर्श करके अगले वर्ष का योजना परिव्यय 209.15 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था।

8—अतिरिक्त दायित्व

इसके बाद राज्य सरकार को कुछ अतिरिक्त दायित्व लेने पड़े 6.25 एकड़ तक जोतों की मालगुजारी माफ करने, वृत्ति कर को समाप्त करने, सहायता प्राप्त स्कूलों में अध्यापकों को सरकारी कोषागारों से वेतन का भुगतान करने, प्राइमरी तथा सेकेंडरी स्कूलों के अध्यापकों के वेतन और महंगाई भत्ते में वृद्धि करने तथा सरकारी कर्मचारियों, स्थानीय निकायों तथा शिक्षा संस्थाओं के स्टाफ को अतिरिक्त महंगाई भत्ता देने के कारण सरकार को वर्ष 1971–72 में 31.75 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार उठाना पड़ेगा। दूसरी तरफ कुछ ऐसी अपरिहार्य योजनागत व्यय की मदें सरकार के सामने आईं जिस वजह से शासन को योजना परिव्यय बढ़ा कर 219.60 करोड़ रुपये कर देना पड़ा। इन सब कारणों से शासन के संसाधन की स्थिति में जो कमी हुई उसको पूरा करने के लिए अतिरिक्त संसाधन एकत्रित करने पड़ेंगे।

4

कृषि

---

(1) कृषि उत्पादन

तीसरी पंचवर्षीय योजना के आरंभ से पिछले 9 वर्ष भारतीय कृषि के लिए महत्वपूर्ण वर्ष रहे हैं। इससे भविष्य के लिए बड़ी आशाएं हैं। अच्छे मूल्यों, अधिक उपज देने वाले बीजों तथा उर्वरकों का किसानों पर अच्छी प्रतिक्रिया हुई। यह महसूस किया गया है कि जीवन निर्वाह के लिए की जाने वाली कृषि के बदले अब वाणिज्यिक आधार पर कृषि की जाय। अधिक उपज देने वाली किस्मों को आरंभ करने से एक बड़ा परिवर्तन हुआ है। इस नयी नीति का सम्बन्ध न केवल अधिक उपज देने वाली किस्मों से पहले की अपेक्षा फसलों का अधिक उत्पादन करना है, बल्कि पहले की तुलना में छोटी अवधि में तैयार होने वाली किस्मों से अधिक फसलें पैदा करना भी है। कृषि उत्पादन में कृषि प्रौद्योगिकी के योगदान पर नये सिरे से जोर दिया जा रहा है। उन्नत बीजों, रासायनिक उर्वरकों, पौध सुरक्षा, उपकरण तथा मशीनरी, सिंचाई सुविधाओं और कृषि सम्बन्धी ऋणों के रूप में 'इनपुट्स' तथा सेवाओं ने जो महत्व ग्रहण कर लिया है उसको दृष्टि में रखते हुए नयी सार्वजनिक संस्थाओं के जाल बिछाने के कार्य को बढ़ावा दिया जा रहा है और उसके लिये निधियों की व्यवस्था की गयी है ताकि उससे कृषि उत्पादन में सहायता मिले। यद्यपि जाहिर है कि नये तरीकों तथा 'इनपुट्स' अपनाने के विषय में लोग रुचि दिखा रहे हैं तथापि ऐसी रुचि को शीघ्रता से उत्पादक कार्य में प्रवृत्त करने की आवश्यकता है जिससे कि एक ओर अधिकतम उत्पादन हो और दूसरी ओर किसान, विशेष कर छोटे किसान, उसमें अधिक से अधिक भाग ले सकें। कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय स्तर पर ऐसी वृद्धि करना जिसकी उपलब्धि में अधिकांश किसान सहभागी हों, न केवल रोजगार बढ़ाने तथा जीवन निर्वाह के स्तरों को ऊंचा उठाने की मुख्य आवश्यकता है बल्कि इससे सामाजिक सेवाओं तथा ग्रामीण उद्योगों की भी उन्नति होती है।

2—उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्यतया कृषि पर आधारित है। प्रति वयस्क 19 औंस की दर से खाद्यान्नों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए यह हिसाब लगाया गया है कि लगभग 162 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्नों की चौथी पंच वर्षीय योजना के अन्त तक आवश्यकता होगी। इस लक्ष्य में 34 प्रतिशत की वृद्धि बीज, पशुओं के भोजन, संग्रहण में होने वाली हानियों आदि के कारण आ पड़ने वाली आवश्यकता की पूर्ति के लिए की गयी थी। 12 प्रतिशत की एक और व्यवस्था सूखा तथा अन्य दैवी आपदाओं की अवधियों में संभावित तथा वास्तविक उत्पादन के बीच के अन्तर के हेतु की गयी थी। इस प्रकार प्रारम्भ में चौथी पंचवर्षीय योजना के लिए 246 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्नों के उत्पादन का लक्ष्य निश्चित किया गया था। उस समय अनुमान लगाया गया था कि आधार वर्ष (1968-69) में खाद्यान्नों का उत्पादन 176 लाख मीट्रिक टन होगा। उस आधार पर लगभग 70 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्नों की अतिरिक्त उत्पादन क्षमता रखा गया था। किन्तु वास्तव में 1968-69 में खाद्यान्नों का उत्पादन केवल 160.41 लाख मीट्रिक टन हुआ। इससे लक्ष्यों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता हुई और मई, 1970 में योजना आयोग द्वारा जो बैठक आयोजित की गयी उसमें यह निश्चय किया गया कि आधार वर्ष के उत्पादन के आंकड़े 168 लाख मीट्रिक टन माने जायं और चौथी योजना के लिये खाद्यान्नों के उत्पादन के लक्ष्य पुनरीक्षित करके

214 लाख मीट्रिक टन कर दिया जाय। चौथी योजना के खाद्यान्नों तथा प्रमुख नकदी फसलों के मूल तथा पुनरीक्षित लक्ष्य नीचे दिये जाते हैं:—

मद		इकाई	आधार वर्ष उत्पादन (1968-69) पुनरीक्षित	चौथी योजना के लक्ष्य	
				मूल लक्ष्य	पुनरीक्षित लक्ष्य
खाद्यान्न	..	लाख मीट्रिक टन	168.00	245.90	214.00
तिलहन	..	„	17.00	22.00	19.00
कपास	..	लाख गांठ	0.55	1.00	0.95
जूट	..	„	1.90	2.20	2.20
गन्ना (गुड़)	..	लाख मीट्रिक टन	51.50	67.50	65.75

कृषि विकास की समीक्षा—

3—उत्तर प्रदेश में कृषि उत्पादन में 1967-68 से उल्लेखनीय तथा लाभप्रद वृद्धि हुई है। खाद्यान्नों का उत्पादन, जो 1966-67 में असाधारण सूखा पड़ने के कारण घटकर 117.71 लाख मीट्रिक टन हो गया था, 1967-68 में बढ़कर 166.73 लाख मीट्रिक टन हो गया। प्राय: जाड़े भर वर्षा न होने के कारण 1968-69 में उत्पादन थोड़ा सा घटकर 160.41 लाख मीट्रिक टन हो गया किन्तु फिर एकाएक बढ़कर वह 1969-70 में 174.13 लाख मीट्रिक टन हो गया जो अब तक के उत्पादनों में सब से अधिक है। 1970-71 में लगभग 193.52 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्नों के उत्पादन का अनुमान है।

4—वाणिज्यिक फसलों के सम्बन्ध में 1969-70 तथा 1970-71 के दौरान हुई प्रगति नीचे दिखाई गई है:—

मद		इकाई	1969-70		1970-71	
			लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि (प्रत्याशित)
तिलहन	..	लाख मीट्रिक टन	18.83	16.31	17.50	16.04
कपास	..	लाख गांठें	0.65	0.49	0.56	0.41
जूट	..	तदेव	2.07	1.55	2.10	1.83
गन्ना (गुड़)	..	लाख मीट्रिक टन	52.00	60.68	55.87	50.40

1970-71 में फसल की संभावनाएं

5—वर्ष 1970-71 के दौरान मानसून बहुत कम आया, यहां तक कि जुलाई के महीने में राज्य के प्राय: सभी जिलों में सूखे की भीषण स्थिति रही जिसका बुआई तथा धान रोपण और अन्य खड़ी फसलों पर काफी बुरा असर पड़ा और सितम्बर तथा अक्तूबर के महीनों में राज्य में घोर वर्षा हुई जिससे 31 जिलों में लगभग 1.60 लाख हेक्टर फसलों के क्षेत्र में बाढ़ आ गयी। इसके

अतिरिक्त तीन पर्वतीय जिलों में काफी क्षति हुई, जहाँ गम्भीर रूप से भूमि-स्खलन हुआ जिसके फलस्वरूप अपर गंगा कैनाल के तल में मिट्टी जम गई। वर्ष 1970-71 में बाढ़े भी आई। इन सब कठिनाइयों के बावजूद वर्ष 1970-71 में खाद्यान्नों का उत्पादन वर्ष 1969-70 की तुलना में कार्य अधिक हुआ। फसलवार उत्पादन का अनुमान परिशिष्ट--1 में दिया गया है।

6-चौथी पंचवर्षीय योजना के पहले दो वर्षों के दौरान जिन विभिन्न भौतिक कार्य-क्रमों की परिकल्पना की गयी थी वे इस प्रकार हैं :—

मद	इकाई	1969-70 उपलब्धियां	1970-71 लक्ष्य	1970-71 उपलब्धियां (प्रत्याशित)
1—अधिक उत्पादन वाली किस्मों के कार्यक्रम (एच० वी० पी०)	लाख हेक्टर	23.11	26.99	27.09
2--कई फसलें बोना (माल्टीपुल क्रापिंग)	तदेव	60.18	63.72	63.72
3--रासायनिक उर्वरक ..	लाख मीट्रिक टन	..	..	..
एन ..	तदेव ..	3.06	3.50	2 91
पी 2 ओ 5 ..	तदेव ..	0.99	1.10	0.75
के 2 ओ ..	तदेव ..	0.55	0.70	0.45
4--नागर कम्पोस्ट ..	तदेव ..	6.79	7.40	7.19
5—हरी खाद ..	लाख हेक्टर	5.13	8.50	5.23
6—पौध सुरक्षा ..	तदेव ..	55.03	60.75	71.05

7--उन्नत बीजों, उर्वरकों और पौध संरक्षण उपायों का महत्व प्रगतिशील किसानों द्वारा महसूस कर लिया गया है। छोटे किसानों को अभी भी उन्नत कृषि के लाभों से अवगत कराना है जो मुख्य रूप से पर्याप्त ऋण सम्बन्धी सुविधाओं के अभाव में पीछे रह गये हैं। यद्यपि उनकी अभिरुचि काफी संतोषजनक है तथापि उनके संसाधन सीमित हैं।

8--अधिक उत्पादन वाली किस्मों के कार्यक्रम की प्रगति लक्ष्य के अनुसार हो रही है लेकिन अधिकतर किसान कृषि विभाग की सिफारिश के अनुसार अपेक्षित मात्रा में उर्वरक प्रयोग में नहीं ला रहे हैं। फिर भी उर्वर अधिकाधिक लोक प्रिय होते जा रहे हैं। 1969-70 में उर्वरक की कुल खपत 4.60 लाख मीट्रिक टन थी जबकि उसकी तुलना में वर्ष 1968-69 में इसकी कुल खपत 3.39 लाख मीट्रिक टन थी। गेहूं और धान में अधिक उपज देने वाली किस्में लोकप्रिय हो गई हैं किन्तु संकर मक्का अभी भी लोकप्रिय नहीं है। मक्के की स्थानीय किस्में अच्छी हैं। संकर-ज्वार की प्रगति

वस्तुतः कुछ भी नहीं हुई है। शंकर-बाजरा में प्रगति हो रही है यद्यपि 'गेरुई' रोग के कारण इसमें पहले बाधा पड़ी थी। पिछले पांच वर्षों के दौरान गेहूं, मक्का और चावल का उत्पादन निम्नलिखित रहा है:—

(लाख टन)

वर्ष				गेहूं	मक्का	चावल
1965–66	..	..	..	37.55	11.21	23.42
1966–67	..	..	..	42.30	10.76	19.35
1967–68	..	..	..	58.41	11.34	31.81
1968–69	..	..	..	60.87	12.77	27.46
1969–70	..	..	..	63.14	11.74	33.31

9—कृषि के विकास में यंत्रीकरण का योगदान किसान द्वारा तेजी से महसूस किया जा रहा है। अधिक उत्पादन वाली किस्मों के कार्यक्रम तथा मिश्रित फसलें बोने की विधि प्रारम्भ किये जाने से कृषक समुदाय कृषि के यंत्रीकरण की आवश्यकता के प्रति सचेत हो गया है जिससे कि वह ठीक समय पर कृषि सम्बन्धी कार्य पूरा कर सके तथा उत्पादन की लागत में कमी ला सके। बैलों से खेती करने में अधिक लागत पड़ती है और इससे खेती भी पर्याप्त नहीं हो पाती। चारे के बढ़ते हुए मूल्य तथा चारा पैदा करने के लिये, किसान के पास पहले ही से दुष्प्राप्य भूमि में से कुछ भूमि रक्षित करने की आवश्यकता ने किसान को यह सोचने के लिये बाध्य कर दिया है कि उसे ट्रैक्टरों, ट्रैलरों, पम्पिंग सेटों तथा थ्रेशरों का इस्तेमाल करना चाहिए। इस प्रकार राज्य में धीरे-धीरे परिवर्तित ढंग से की जाने वाली कृषि के साथ-साथ यंत्रीकृत साज-सज्जा की मांग बढ़ रही है। ट्रैक्टरों की मांग बहुत अधिक है। भारत सरकार द्वारा कृषि उद्योग निगम (ऐग्रो इन्डस्ट्रीयल कारपोरेशन) को दिए गये कोटे में से राज्य इस मांग को पूरा करने में समर्थ नहीं है। किसान अपने मांग-पत्रों (इन्टेन्ट) के रजिस्टर कराने के दो या तीन वर्षों के बाद ट्रैक्टर प्राप्त कर पाते हैं। इससे स्वाभाविक रूप से अत्याधिक असंतोष पैदा होता है। राज्य में गैर सरकारी उद्योग क्षेत्र तथा कृषि औद्योगिक निगम की थ्रेशरों की निर्माण क्षमता आवश्यकताओं की पूर्ति करने में असमर्थ है। कलकत्ता की ज्वाइन्ट प्लान्ट कमेटी ने, जो कच्चे सामानों का कोटा देती है, उक्त मांग की पूर्ति के लिये अभी तक पर्याप्त संख्या में विद्युत थ्रेशरों (पावर थ्रेशर) के निर्माण के लिये लोहा तथा इस्पात की पर्याप्त मात्रा प्रदिष्ट नहीं किया है।

1971–72 का दृष्टिकोण तथा नीति

10—उन्नत प्राविधियों, अपेक्षाकृत अच्छी सिंचाई सम्बन्धी सुविधाओं तथा 'कोटा-इनपुट' की व्यवस्था द्वारा भूमि का प्रति हेक्टर उत्पादन बढ़ाकर खाद्यान्नों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिये सभी संभव प्रयास किये जा रहे हैं। सिंचाई की सुविधाओं को बढ़ाकर तथा भूमि और जल संरक्षण सम्बन्धी कार्यों को निष्पादित करके भूमि पर और अधिक पूंजी लगायी जायेगी तथा इसके अतिरिक्त संतुलित उर्वरकों का अधिक प्रयोग किया जायगा और अधिक उपज देने वाले बीजों की बुवाई की जायगी, आधुनिक मशीनों का इस्तेमाल किया जायेगा एवं पौध संरक्षण उपायों आदि को बड़े पैमाने पर अपनाया जायेगा। इस बात का प्रयत्न किया जायेगा कि ऐसे उपलब्ध साधनों तथा उन्नत कृषि सम्बन्धी पद्धतियों को, जिनसे अपेक्षाकृत अधिक कृषि उत्पादन होता है, विवेकपूर्ण ढंग से अपनाया जाय। बहुपोषक और ग्रेनुलेटेड (दानेदार) उर्वरकों का प्रयोग तथा बिक्री को इस उद्देश्य से बढ़ाया जायेगा कि उर्वरकों का संतुलित रूप से इस्तेमाल किया जाये। राज्य के पिछड़े तथा पर्वतीय क्षेत्रों में 1971–72 के दौरान उर्वरकों तथा नाशिकीटमारों के लिये अतिरिक्त बिक्री केन्द्र खोले जायेंगे। वर्षा से सिंचित क्षेत्रों के लिए फसलों की उपयुक्त किस्में विकसित करने के अतिरिक्त इन क्षेत्रों के हेतु फसल प्राद्योगिकी का विकास करने के उद्देश्य से शोध कार्य-क्रम को तीव्र किये जाने का प्रस्ताव है। दालों तथा धान पर शोध करने वाली शाखा का विस्तार करने का प्रस्ताव है जिससे कि उपयुक्त किस्मों का विकास किया जा सके।

11—कृषि उद्योग निगम का विचार बड़े पैमाने पर उन्नत किस्म की मशीनें तथा उपकरण बनाने का है। अब तक निगम राज्य में 30 अनुरक्षण तथा सर्विस केन्द्र स्थापित कर चुका है जिन्हें और बढ़ाया जायेगा। इसके अतिरिक्त लघु कृषक विकास एजेन्सी जिलों में छोटे किसानों के कस्टम सर्विस केन्द्रों को और सज्जित किया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि सम्बन्धी प्रविधियों का यथोचित रूप से प्रसार करने के उद्देश्य से एवं कृषकों का बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण तथा क्षेत्रीय कर्मचारियों का सेवारत प्रशिक्षण संगठित किया जायेगा।

लक्ष्य

12—168 लाख मीट्रिक टन के आधार वर्ष के उत्पादन पर वर्ष 1971–72 में 22.00 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त उत्पादन क्षमता बनाये जाने का लक्ष्य है, जिससे कि 1971–72 में 190.00 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न का उत्पादन स्तर प्राप्त हो सके। परिशिष्ट 1 में फसलवार विस्तृत विवरण दिया गया है।

कुछ चुने हुए खाद्यान्नों तथा प्रमुख वाणिज्यिक फसलों के लक्ष्य नीचे भी दिये गये हैं:

मद	इकाई	1970–71 प्रत्याशित	1971–72 लक्ष्य	चौथी योजना (1973–74) लक्ष्य
1—खाद्यान्न ..	.. लाख मीट्रिक टन	193.52	190.00	214.00
2—गन्ना (गुड़)	.. तदेव	50.40	64.00	65.75
3—तिलहन	.. तदेव	16.04	18.00	19.00
4—कपास	.. लाख गांठें	0.41	0.65	0.95
5—जूट ..	.. तदेव	1,83	2.13	2.20

13—कार्यक्रम सम्बन्धी लक्ष्यों तथा अतिरिक्त उत्पादन क्षमता बनाये जाने के लिये उनके योगदान सम्बन्धी ब्योरे क्रमशः परिशिष्ट 2 और 5 में दिये गये हैं। साथ ही साथ महत्वपूर्ण मदों का सारांश नीचे दिया जाता है:

चुने गये कार्यक्रम सम्बन्धी लक्ष्य:

मद	इकाई	1970–71 प्रत्याशित	1971–72 लक्ष्य	चौथी पंच-वर्षीय योजना का लक्ष्य
1—अधिक उपज देने वाली किस्मों के कार्यक्रम (एच०वी०पी०)	लाख हेक्टर	27.09	30.61	34.72
2—मिश्रित फसलें बोना (अतिरिक्त)	,,	3.54	3.54	17.70
3—उर्वरकों का उपयोग—				
नत्रजन (एन) ..	लाख मीट्रिक टन	2.91	4.10	5.50
फास्फेट (पी2 ओ 5)	तदेव	0.75	1.40	2.20
पोटाश (के2 ओ) ..	तदेव	0.45	1.00	1.60
4–पौध सुरक्षा ..	लाख हेक्टर	71.05	72.50	96.00

खाद्यान्न उत्पादन लक्ष्यों का अनुमान

(लाख मीट्रिक टन)

कार्यक्रम	खाद्यान्नों की अतिरिक्त उत्पादन क्षमता (1968-69 के ऊपर)					
	1969-70		1970-71		1971-72	चौथी योजना (1973-74)
	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	प्रत्याशित उपलब्धि*	लक्ष्य	लक्ष्य
1—अधिक उपज देने वाली किस्मों के कार्यक्रम ..	6.07	9.08	7.83	7.83	12.44	29.89
2—लघु सिंचाई	2.21	2.08	4.26	4.26	6.76	9.22
3—बड़ी तथा मध्यम सिंचाई	0.11	0.14	0.41	0.41	0.67	1.58
4—कई फसलें बोना	0.89	0.39	1.23	1.23	1.48	3.97
5—भूमि संरक्षण	0.24	0.28	0.50	0.50	0.78	1.42
6—भूमि को कृषि योग्य बनाना ..	0.02	0.03	0.04	0.04	0.07	0.12
योग ..	9.54	12.00	14.27	14.27	22.20	46.20

परिव्यय

14—कृषि के लिये, जिसमें कृषि-उत्पादन, लघु सिंचाई, भूमि संरक्षण तथा संग्रहागार सम्मिलित है, चौथी पंचवर्षीय योजना में 175.80 करोड़ रु० की धनराशि प्रदिष्ट की गई है 1969-70 के दौरान 33.40 करोड़ रु० की धनराशि का इस्तेमाल कर लिया गया था। 1970-71 के लिये बजट में 33.70 करोड़ रु० की व्यवस्था की गई है जिसकी तुलना में ऐसा अनुमान है कि 34.62 करोड़ रु० का व्यय होगा। वर्ष 1971-72 का परिव्यय 38.31 करोड़ रुपया है। परिव्ययों का शीर्षकानुसार विभाजन परिशिष्ट 3 में दिया गया है।

कृषि विकास का सामान्य कार्यक्रम

उन्नत बीज

15—वर्ष 1969-70 के अन्त तक 135.62 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में उन्नत बीज बोये गये जिसकी 1971-72 में 140.00 लाख हेक्टेयर तक हो जाने की आशा है। विभागीय फार्मों (कृषि क्षेत्रों में) में रजिस्टर्ड बीज के उत्पादन को बढ़ाये जाने के उद्देश्य से बीज संवर्द्धन फार्मों को और सज्जित किया जा रहा है।

*आंकड़े परिवर्तनीय हैं।

उर्वरक

16—राज्य में वर्ष 1969–70 के अन्त तक रासायनिक उर्वरकों की खपत नत्रजन (एन) की 3.06 लाख मीट्रिक टन, फास्फेट की 0.99 लाख मीट्रिक टन और पुटाश (के) की 0.55 लाख मीट्रिक टन स्तर तक पहुंच गई। वर्ष 1970–71 के लिये 3.50 लाख मीट्रिक टन नत्रजन, 1.10 लाख मीट्रिक टन फास्फेट और 0.70 लाख मीट्रिक टन पुटाश के उर्वरकों के वितरण का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 1971–72 के लिये क्रमश: 4.10 लाख मीट्रिक टन, 1.40 लाख मीट्रिक टन, और 1.00 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है।

संग्रहण क्षमता

17—कृषि सप्लाई संगठनों के पास वर्तमान संग्रहागार क्षमता केवल 1.38 लाख मीट्रिक टन है। इसके अतिरिक्त सहकारिता विभाग की यह क्षमता लगभग 3.15 लाख मीट्रिक टन है। कृषि उद्योग निगम ने भी गोदामों को किराये पर लेकर उर्वरकों की संग्रहागार क्षमता में वृद्धि की है। 1970–71 में कृषि विभाग के पास 3.10 लाख मीट्रिक टन की संग्रहागार क्षमता उपलब्ध हो जायगी। 1971–72 में पिछड़ हुये तथा पर्वतीय क्षेत्रों में उर्वरक तथा कीट-नाशि मार गोदामों का निर्माण किया जायेगा।

ग्रामीण कम्पोस्ट

18—वर्ष 1969–70 के अन्त तक ग्रामीण कम्पोस्ट का उत्पादन 658 लाख मीट्रिक टन था जिसके कि 1970–71 तक बढ़ कर 719 लाख मीट्रिक टन हो गया। चौथी योजना के 886 लाख मीट्रिक टन की तुलना में 1971–72 के लिये 841 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है।

नगर कम्पोस्ट

19—कस्बों तथा नोटीफाइड क्षेत्रों में क्षमता के आधार पर 8.20 लाख मीट्रिक टन नगर कम्पोस्ट का उत्पादन हो सकता है। 1969–70 के अन्त तक नगर कम्पोस्ट का उत्पादन स्तर 6.79 लाख मीट्रिक टन था जो 1970–71 तक 7.30 लाख मीट्रिक टन हो गया। 1971–72 के लिये 8.10 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य है।

मलोपयोग

20—मार्च, 1970 के अन्त तक मलोपयोग के 22 निर्माण कार्य पूरी तौर से तथा तीन आंशिक रूप से पूरे किये गये। 1970–71 में एक और स्कीम पूरी होने की संभावना है।

21—1969–70 में मलोपयोग स्कीमों के लिये 30 लाख रु० तथा 1970–71 में 32 लाख रु० की धनराशि दी गई थी। 1971–72 के लिये 15 पहले से चली आने वाली तथा कुछ नयी स्कीमों के लिये 50 लाख रु० का परिव्यय है। वर्ष 1971–72 के दौरान एक और मलोपयोग स्कीम प्रारम्भ की जायगी।

पौध संरक्षण

22—1969–70 में 55.03 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में पौध संरक्षण सम्बन्धी कार्य किये गये। 1971–72 तक 72.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में पौध संरक्षण कार्य सम्पन्न करने का लक्ष्य रखा गया है जब कि इसकी तुलना में वर्ष 1970–71 में 71.05 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में पौध संरक्षण कार्य हुआ। जिन विभिन्न उपायों से यह लक्ष्य प्राप्त किया जायगा वे परिशिष्ट 2 में दिये गये हैं।

कृषि सम्बन्धी उपकरण

23—कृषि उद्योग निगम नकद तथा किराया खरीद (hire purchase) दोनों के आधार पर किसानों को सप्लाई करने के लिये ट्रैक्टरों के संयोजन (assembly) तथा ट्रैक्टरों, पम्पसेटों, पावर थ्रेशरों तथा अन्य विद्युत चालित उपकरणों के वितरण का कार्य प्रारम्भ कर रहा है। 1971-72 में 10,000 ट्रैक्टरों, 6,000 ट्रैक्टर चालित उपकरणों, 2,000 इलेक्ट्रिक मोटरों सहित पम्प सेटों और 5,000 पावर थ्रेशरों के वितरण करने का लक्ष्य है।

अधिक उपज देने वाले किस्मों के कार्यक्रम (H.V.P.)

24—वर्ष 1969-70 तथा 1970-71 में अधिक उपज देने वाली किस्मों के कार्यक्रम के अधीन प्रगति तथा 1971-72 के लक्ष्य निम्नलिखित हैं —

(लाख हेक्टेयर)

फसल			1969-70 वास्तविक उपलब्धि	1970-71 प्रत्याशित उपलब्धि	1971-72 लक्ष्य
धान	..	..	5.61	6.77	7.97
गेहूं	..	..	16.40	19.38	22.00
मक्का	..	..	0.81	0.63	0.30
ज्वार	..	..	0.07	0.01	0.07
बाजरा	..	..	0.22	0.30	0.26

25—किसानों ने गेहूं की अधिक उपज देने वाली किस्मों को उल्लेखनीय रूप से ग्रहण कर लिया है तथा अपना लिया है और उसके बाद चावल को भी अपना लिया है परन्तु मक्का, ज्वार और बाजरा की अधिक उपज देने वाली किस्में लोकप्रिय नहीं हैं जिसका कारण यह है कि बाजरा में उपभोक्ता इन्हें कम पसन्द करते हैं तथा इनकी फसलों में अपेक्षाकृत अधिक रोग उत्पन्न हो जाते हैं और नाशिकीटों से भी इन्हें अधिक क्षति हो जाती है।

कई फसलें बोना

26—वर्ष 1968-69 में 58.64 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में एक से अधिक बार फसलें बोयी गयी थीं जो 1969-70 में बढ़ कर 60.18 लाख हेक्टेयर तथा 1970-71 में 63.72 लाख हेक्टेयर हो गया। 1971-72 में 67.26 लाख हेक्टेयर तक के क्षेत्र में कई फसलें पैदा करने का लक्ष्य है।

कृषि पदार्थों का क्रय विक्रय

27—250 मुख्य मंडियों तथा इतनी ही सहायक मंडियों में से केवल 79 मंडियां 1969-70 तक विनियमित की जा सकीं। इसके अतिरिक्त 20 वाणिज्यिक श्रेणीकरण इकाइयां (ग्रेडिंग यूनिट्स) विनियमित मंडियों में स्थापित की गयी हैं और 5 पर्यवेक्षक श्रेणीकरण इकाइयां स्थापित की गयी हैं। राज्य की शेष मंडियों को 1971-72 के दौरान विनियमित किया जायगा।

विशिष्ट फसलों के लिए कार्यक्रम

तिलहन

28——राज्य की मुख्य तिलहन फसलें मूंगफली, श्वेत सरसों, पीली सरसों, तिल तथा अलसी हैं। 1969–70 में तिलहन का उत्पादन 16.31 लाख मीट्रिक टन था। 1970–71 में इसका स्तर 17.45 लाख मीट्रिक टन हो गया जबकि लक्ष्य 17.50 लाख मीट्रिक टन का था। वर्ष 1971–72 के लिए 18 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है।

गन्ना विकास

29——चीनी मिलों के आरक्षित क्षेत्रों में गन्ने का क्षेत्र जो 1965–66 में 10.31 लाख हेक्टेयर के स्तर पर पहुंच गया था, 1968–69 में घटकर 8.79 लाख हेक्टेयर हो गया। किन्तु यह 1969–70 में बढ़कर 10.45 लाख हेक्टेयर हो गया और 1970–71 में थोड़ा सा कम होकर 10.13 लाख हेक्टेयर हो गया। 1969–70 के दौरान आरक्षित क्षेत्रों में गन्ने का उत्पादन 396 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य से 78 लाख मीट्रिक टन बढ़ गया। 1970–71 के लिए उत्पादन का लक्ष्य 422.60 लाख मीट्रिकटन नियत किया गया था जिसकी तुलना में उत्पादन 465 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान है। 1971–72के लिए 456.25 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है। राज्य में समग्ररूप से, गन्ने का उत्पादन गुड़ के रूप में 1970–71 में 50.40 लाख मीट्रिक टन हुआ जबकि 1969–70 में यह उत्पादन 60.68 लाख मीट्रिक टन था। 1971–72 का लक्ष्य 64 लाख मीट्रिक टन का रखा गया है। प्रति हेक्टेयर औसत उपज में वृद्धि करने की मुख्य नीति यह होगी कि गन्ने के ऐसे क्षेत्रों में समस्त आवश्यक निवेशों (inputs) की व्यवस्था की जाय जहां उत्पादकों के अपने संसाधनों के जरिये और यदि आवश्यक हो तो अन्य ऐजेंसियों द्वारा 6 से 8 बार सिंचाई करने के सुनिश्चित साधन हों। इसलिये 1969–70 से अधिक उपज देने वाली किस्मों के कार्यक्रम के आधार पर एक सघन गन्ना उत्पादक स्कीम आरम्भ की गयी है। 1971–72 में लघु सिंचाई के निर्माण कार्यों द्वारा 0.68 लाख हेक्टेयर की अतिरिक्त सिंचन क्षमता सृजित की जायगी। "एन" (नाइट्रोजन) के रूप में रासायनिक उर्वरकों की खपत का स्तर 1970–71 के 0.45 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 1971–72 में 0.50 लाख मीट्रिक टन है। गन्ने के बीज के वितरण का लक्ष्य 3.00 लाख मीट्रिक टन रखा गया है जबकि वर्ष 1970–71 का स्तर 2.00 लाख मीट्रिक टन का था। 1971–72 में गन्ना विकास स्कीमों के लिये 68 लाख रुपये का परिव्यय है।

चुकन्दर के विकास के लिए केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना

30——चीनी के उत्पादन के लिये चुकन्दर एक वैकल्पिक फसल है। यह साधारणतया समशीतोष्ण संभागों में पैदा की जाती है। किन्तु अब तक किये गये परीक्षणों से यह विदित हुआ है कि इसे रबी के फसल के रूप में उत्तरी भारत के कुछ भागों में सफलतापूर्वक उत्पादित किया जा सकता है। इसलिये भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश,पंजाब, हरियाणा तथा राजस्थान में एक अग्रगामी प्रायोजना आरम्भ की गयी है। उत्तर प्रदेश में, इस कार्यक्रम को पश्चिमी संभाग में कुछ ऐसे चुने हुए तराई क्षेत्रों में आरंभ किया जायगा जहां राज्य के अन्य भागों की अपेक्षा इसकी पैदावार अधिक अच्छी होने की संभावना है। 1971–72 के लिये 0.31 लाख रुपये का परिव्यय है।

कपास

31——कपास का क्षेत्र 1966–67 के .0.68 लाख हेक्टेयर से घटकर 1969–70 में 0.51 लाख हेक्टेयर रह गया। इसके अन्तर्गत 1970–71 में 0.60 लाख हेक्टेयर क्षेत्र हो गया। वर्ष 1971–72 के दौरान 0.68 लाख हेक्टेयर क्षेत्र लाने का लक्ष्य है। कपास का अधिकतम

उत्पादन करने के लिये अलीगढ़ तथा बुलन्दशहर में केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित एक स्कीम निष्पादित की जा रही है। 1971-72 के दौरान 5,000 हेक्टेयर क्षेत्र में कपास की सघन खेती करने का लक्ष्य है। कपास की उन्नत किस्मों तथा उन्नत कृषि-कर्म एवं प्रक्रियात्मक रीतियों के अधीन अपेक्षाकृत अधिक क्षेत्र लाने और पर्याप्त नाशिकीट नियन्त्रण सम्बन्धी उपायों की व्यवस्था करने पर जोर दिया जायगा।

जूट

32—जूट का उत्पादन 1969-70 में घट कर 1.55 लाख गांठों का हो गया जबकि 1968-69 में 1.90 लाख गांठे उत्पादित की गयी थीं। जूट की खेती बढ़ाने के लिये कीट नाशक दवाइयों का हवाई छिड़काव करने, रैटिंग टैंकों का निर्माण करने तथा राज साहाय्यित आधार पर उन्नत बीज का वितरण करने का कार्यक्रम आरम्भ किया जा रहा है। 1970-71 में उत्पादन 1.83 लाख गांठें हुई। 1971-72 के लिये लक्ष्य 2.13 लाख गांठों का रखा गया है।

उद्यानकर्म (फल उपयोग)

33—1968-69 के अन्त तक पर्वतीय क्षेत्र में फलोद्यानों के अन्तर्गत कुल 0.39 लाख हेक्टेयर क्षेत्र लाया गया जो 1969-70 तक बढ़ कर 0.43 लाख हेक्टेयर और 1970-71 तक 0.47 लाख हेक्टेयर हो गया। नये फलोद्यानों में वृक्षारोपण के हेतु सघन अभियान के साथ-साथ इस बात पर भी जोर दिया जा रहा है कि सब्जियों का उत्पादन बढ़ाया जाय। सब्जियों के कार्य-क्रम के अधीन 1939 हेक्टेयर भूमि में 1968-69 के अन्त तक खेती की गयी जो 1969-70 तक बढ़ कर 2,517 हेक्टेयर हो गया। 1970-71 के लिये 240 हेक्टेयर के अतिरिक्त क्षेत्र का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें 300 हेक्टेयर की उपलब्धि का अनुमान है। 1971-72 के दौरान फलोद्यानों के अन्तर्गत 3,200 हेक्टेयर तथा सब्जियों के अन्तर्गत 280 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र लाने का लक्ष्य है। इसी योजनावर्ष में अन्य कार्यक्रमों के अन्तर्गत निम्नलिखित मदें सम्मिलित हैं—फलों के 9.60 लाख पौधों का वितरण, 7,200 हेक्टेयर में पौध संरक्षण सम्बन्धी उपायों को अपनाना, 2,300 हेक्टेयर क्षेत्र के पुराने फलोद्यानों का नवीकरण तथा 5 पौधाशालाओं की स्थापना। पर्वतीय क्षेत्रों की स्कीमों के अतिरिक्त मैदानी भागों के लिये 4 लाख रुपये के परिव्यय की निम्नलिखित दो स्कीमें रखी गयी हैं—

	(लाख रुपयों में)
1—फल संरक्षण तथा डिब्बाबन्दी संस्थान, लखनऊ में शोध सुविधाओं का बढ़ाया जाना	1.39
2—अतिरिक्त सामुदायिक एवं प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना ..	2.61
	4.00

1969-70 के अन्त तक 31 सामुदायिक डिब्बाबन्दी एवं प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किये गये थे। 1970-71 में दो और केन्द्र सीतापुर तथा अलीगढ़ में खोले गये। 1971-72 में 5 और केन्द्र स्थापित करने का लक्ष्य है। फलोपयोग योजनाओं के लिए कुल 35 लाख रु० का परिव्यय वर्ष 1971-72 के लिए है।

मक्का

34—1969-70 में 15.05 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मक्के की फसल हुई। अनुमान लगाया गया है कि 1970-71 के दौरान यह क्षेत्र बढ़ कर 15.65 लाख हेक्टेयर हो जायगा। आशा है कि 1971-72 के दौरान मक्के की फसल का क्षेत्र फिर बढ़ कर लगभग 15.90 लाख हेक्टेयर हो जायगा। अधिक उपज देने वाली मक्के की किस्में जिनमें संकर मक्का (हायब्रिड्स) तथा मिश्रित

जातियां (कम्पोजिट्स) सम्मिलित हैं, 1970-71 में 0.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में उत्पादित की गयीं। 1971-72 में अधिक उपज देने वाली किस्मों के अन्तर्गत 0.30 लाख हेक्टेयर क्षेत्र लाने का लक्ष्य है जबकि चौथी योजना का लक्ष्य 0.40 लाख हेक्टेयर है।

35—राज्य में संकर-मक्का की खेती के अनुभव से यह विदित होता है कि संकर मक्के के किस्मों की खेती के लिये अपेक्षित कृषि की नयी प्रविधियों को देखते हुए किसान कमोवेश अधिक उपज देने वाली स्थानीय किस्में अपनाना ही ज्यादा पसन्द करते हैं। संकर मक्का के अन्तर्गत क्षेत्र का प्रसार करने में उपभोक्ता की पसन्दगी एक निरोधक है।

ज्वार

36—1969-70 में ज्वार की फसल के अन्तर्गत कुल क्षेत्र 7.22 लाख हेक्टेयर था जिसके बढ़कर 1970-71 में 8.92 लाख हेक्टेयर और 1971-72 में 9.20 लाख हेक्टेयर होने की संभावना है। अधिक उपज देने वाली ज्वार की किस्में किसानों में लोकप्रिय नहीं हैं, जिसका कारण यह है कि इनमें बीमारियों तथा कीड़ों के लगने की संभावना अधिक रहती है।

धान

37—1969-70 में धान के अन्तर्गत कुल क्षेत्र लगभग 43.33 लाख हेक्टेयर था जबकि 1968-69 में यह क्षेत्र 42.61 लाख हेक्टेयर था। मानसून देर में आने से 1970-71 में धान के क्षेत्र में कमी होने की संभावना है। 1969-70 में धान का सिंचित क्षेत्र लगभग 9.32 लाख हेक्टेयर था जिसके 1970-71 में बढ़कर 10.74 लाख हेक्टेयर होने की संभावना है। सिंचाई सुविधाओं के प्रसार तथा ऐसी किस्मों के विकास से जो परम्परागत सिंचाई से उत्पादित देर में तैयार होने वाली धान की फसलों के बदले अपनायी जा रही है, धान के सिंचित क्षेत्र को 1971-72 में बढ़ा कर 12.25 लाख हेक्टेयर अर्थात् 44.85 लाख हेक्टेयर के कुल प्रत्याशित धान क्षेत्र का लगभग 25 प्रतिशत करना संभव होगा।

38—धान की अधिक उपज देने वाली किस्मों के अन्तर्गत क्षेत्र 1969-70 के 5.61 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 1970-71 में 6.77 लाख हेक्टेयर हो गया। 1971-72 में अधिक उपज देने वाली किस्मों के अन्तर्गत 7.97 लाख हेक्टेयर क्षेत्र लाने का लक्ष्य है। आई० आर०-8, आई० आर०-49 जया, पद्मा आदि का प्रयोग अधिक उपज देने वाली किस्मों के कार्यक्रम वाले क्षेत्र के अन्तर्गत पूर्ववत् सबसे अधिक किया जायगा। धान के उन क्षेत्रों में जो वर्षा पर ही निर्भर रहते हैं सुधा, काशी, बुन्देला, मझेड़ा-3 आदि जैसी किस्में विकसित की गयी हैं।

गेहूं

39—1969-70 में, राज्य में गेहूं के अन्तर्गत 53.70 लाख हेक्टेयर क्षेत्र था जिसकी 1970-71 में बढ़कर 53.95 लाख हेक्टेयर होने की आशा है। 1971-72 में गेहूं के अन्तर्गत 54.12 लाख हेक्टेयर क्षेत्र लाने का प्रस्ताव है। 1969-70 में गेहूं की अधिक उपज देने वाली किस्मों के अन्तर्गत 16.40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र था जो 1970-71 में बढ़कर 19.38 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया। 1971-72 के लिए अधिक उपज देने वाली किस्मों के कार्यक्रम के अन्तर्गत 22.00 लाख हेक्टेयर का लक्ष्य है। पिछले 3 वर्षों में गेहूं का उत्पादन विशेष रूप से बढ़ कर नये कीर्तिमान तक पहुंच गया है।

दालें

40—दालों की खेती के क्षेत्र में प्राय: कोई परिवर्तन नहीं हुआ। यह 1968-69 में 40.06 लाख हेक्टेयर और 1969-70 में 39.93 लाख हेक्टेयर था। 1970-71 में इसके अन्तर्गत 42.34 लाख हेक्टेयर क्षेत्र हो जाने की आशा है। 1971-72 के लिये 42.56 लाख हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

चना

41--चने की नयी किस्में विकसित की गयी हैं और उनकी राज्य में खेती करने की सिफारिश की गयी है। अरहर की कुछ नयी किस्में उदाहरणार्थ टी--19, टी--21 तथा टी--7 का भी खेती के लिये प्रचार किया जा रहा है। उर्द तथा मूंग की फसलों के लिये छोटी अवधि में होने वाली किस्में विकसित की गयी हैं जिन्हें कई फसलें बोने के कार्यक्रम के भाग के रूप में खेती के लिये अधिक अच्छा समझा जा रहा है।

जौ

42--लोगों की रुझान गेहूं की फसलों की ओर अधिक होने से जौ का उत्पादन तथा उसका क्षेत्र शनैः शनैः घटता जा रहा है। जौ के अन्तर्गत क्षेत्र 1950-51 में 19.47 लाख हक्टेयर था जो 1969-70 में घट कर 14.85 लाख हेक्टेयर हो गया। वर्ष 1970-71 के दौरान इसका क्षेत्र लगभग 15 लाख हेक्टेयर होने की संभावना है। इसे 1971-72 में बढ़ा कर 15.97 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य है।

43--जौ की ऐसी प्रजातियां विकसित करने के लिये, जो अन्य फसलों का मुकाबला कर सकें, जौ पर शोध कार्य और तीव्रता से किया जायगा। लगभग 500 देशी तथा विदेशी जौ की प्रजातियों का रोगों तथा कीटों का मुकाबला करने, डंठल की मजबूती बनाये रखने, अंकुरण आदि की दृष्टि से अलग से मूल्यांकन किया जा रहा है।

प्रसार प्रशिक्षण तथा किसानों की शिक्षा

44--किसानों के प्रशिक्षण का सामान्य कार्यक्रम सामुदायिक विकास विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। सामुदायिक विकास विभाग द्वारा संचालित 20 प्रशिक्षण केन्द्र इस समय ग्राम सेवकों, सहायक विकास अधिकारियों तथा खंड विकास अधिकारियों को पूर्व-सेवा प्रशिक्षण, सेवाकालीन प्रशिक्षण तथा उच्चतर प्रशिक्षण और शिल्पियों, ग्राम सहायकों तथा प्रगतिशील किसानों को अल्प अवधि का प्रशिक्षण दे रहे हैं। 1969-70 तथा 1970-71 के दौरान हुई प्रगति तथा 1971-72 का कार्यक्रम नीचे दिया गया है--

(प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या)

कार्यक्रम	1969-70 उपलब्धि	1970-71 प्रत्याशित उपलब्धि	1971-72 का लक्ष्य
1--ग्राम सहायकों का प्रशिक्षण ..	5,738	6,400	6,500
2--ग्राम शिल्पियों का प्रशिक्षण ..	258	266	300
3--सहायक विकास अधिकारियों का सेवाकालीन प्रशिक्षण ..	263	480	480
4--ग्राम सेवकों का उच्चतर प्रशिक्षण ..	344	698	800
5--ग्राम सेवकों के लिए पुनर्भ्यास पाठ्य-क्रम ..	457	900	900
6--खंड विकास अधिकारियों का सेवा-कालीन प्रशिक्षण ..	65	120	120
7--ग्राम सेवक कार्यकर्त्ताओं का प्रशिक्षण ..	394	680	1,260

45--कृषि विभाग के अधीन विभिन्न संभागीय शोध केन्द्रों (रिसर्च स्टेशन), कृषि विज्ञान-संस्थान इन्स्टीट्यूट आफ एग्रिकल्चरल साइंसेज) तथा डिप्लोमा स्कूलों में किसानों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। 3 राजकीय डिप्लोमा स्कूलों में 3 प्रसार शाखाएं और बढ़ायी गयी हैं, जहां प्रसार

की रीतियों के बारे में प्रकृष्ट प्रशिक्षण दिया जाता है। इन स्कूलों में कृषि तथा सामदायिक विकास विभागों में सेवा करने वाले कार्मिकों को पौध संरक्षण में प्रशिक्षण देने के हेतु अतिरिक्त कर्मचारिवर्ग तथा सज्जा की व्यवस्था की गयी है। यह प्रशिक्षण चौथी योजना के दौरान जारी रहेगा।

जोतों की चकबन्दी—

46—राज्य में जोत चकबन्दी के अन्तर्गत कल लगभग 125 लाख हेक्टेयर क्षेत्र लाया जाना है। 1968–69 तक 88.96 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में 29.34 करोड़ रुपये की लागत से चकबन्दी की गयी थी। 1969–70 के दौरान 4.51 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में 4.05 करोड़ रुपये की लागत से चकबन्दी की गयी। 1970–71 के लिये 4.15 करोड़ रुपय की लागत स 4.32 लाख हक्टयर अतिरिक्त क्षेत्र में चकबन्दी करने का लक्ष्य नियत किया गया है जिसके समक्ष उपलब्धि 4.38 लाख हेक्टर की रही। 1971–72 में 4.15 करोड़ रुपये की लागत से 6.82 लाख हेक्टेयर के अतिरिक्त क्षेत्र में चकबन्दी करने का लक्ष्य है।

(2) लघु सिंचाई

(क) निजी लघु सिंचाई

47—राज्य की चौथी पंचवर्षीय योजना में 56 करोड़ रुपये की धनराशि निजी लघु सिन्चाई कार्यक्रम के हेतु सम्मिलित की गयी है। वर्ष 1969–70 में इस कार्यक्रम पर 9.93 करोड़ रुपये का व्यय हुआ था। वर्ष 1970–71 में 7.46 करोड़ रुपये का व्यय होने की आशा की जाती है। इस प्रकार पहले दो वर्षों में आशा है कि 17.39 करोड़ रुपये या चौथी योजना के परिव्यय का 31.1 प्रतिशत व्यय हो जायेगा। वर्ष 1971–72 में इन निर्माण कार्यों के लिये 8.35 करोड़ रुपये का परिव्यय आवंटित है। वर्ष 1969–70 तथा 1970–71 के दौरान मदवार प्रगति तथा 1971–72 का कार्यक्रम नीचे की सारिणी में दिये गये हैं—

(लाख रुपयों में)

मद	चौथी योजना का परिव्यय	1969–70 संभावित व्यय	1970–71 प्रत्याशित व्यय	1971–72 कार्यक्रम
1	2	3	4	5
1—ऋण	2,000.00	252.88	181.16	105.00
2—अनुदान	750.00	114.84	46.85	33.20
3—पूंजी विनियोजन—	2,175.00	510.00	435.00	580.00
(1) भूमि विकास बैंक के ऋण पत्रों में	1,425.00	449.21	418.43	500.00
(2) कृषि पुर्नवित्त निगम के ऋण-पत्रों में	600.00	30.79	16.57	80.00
(3) कृषि उद्योग निगम के अंश पूंजी में	150.00	30.00	..	..
4—बोरिंग गोदाम	3.00	0.37	0.64	0.50
5—लघु सिंचाई तथा जल प्रयोग में प्रशिक्षण	6.00	1.09	0.88	1.30
6—अधिष्ठान	400.00	66.51	81.59 (6, 7, 8 हेतु)	75.00
7—प्रासंगिक व्यय	19.00	4.62		5.00
8—उपकरण	247.00	42.72		35.00
योग	5,600.00	993.03	746.12	835.00

वर्ष 1971–72 के लिये आवंटित परिव्यय में 5 पर्वतीय जिलो के लिए 50 लाख रुपये की धनराशि सम्मिलित है।

ऋण—

48—चौथी योजना के 20.00 करोड़ रुपये के परिव्यय में से 4.34 करोड़ रुपये पहले दो वर्षों में वितरित किये जाने की आशा है। वर्ष 1971–72 के दौरान 1.05 करोड़ रुपये और वितरित करने का प्रस्ताव है। वितरण की इस गति से 20.00 करोड़ रुपये के वितरण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। इसका मुख्य कारण यह है कि भूमि विकास बैंक के कार्यक्षेत्र का क्रमशः प्रसार किया जा रहा है। 1971–72 में निम्नलिखित हेतु ऋण सम्बन्धी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी—

(1) पुराने वचनबद्धता की पूर्ति के लिए,

(2) उन गांव सभाओं के लिए जिन्हें बड़े पैमाने पर निजी नलकूप आदि बनाने के वास्ते प्रोत्साहित किया जा रहा है।

(3) पांच पर्वतीय जिलों के किसानों के लिए।

अनुदान

49—चौथी योजना के प्रारम्भ में ही राज्य सरकार ने कुछ मदों को छोड़कर निजी लघु सिंचाई कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुदान के अंश को बन्द कर देने का निश्चय किया था। इस समय निम्नलिखित कार्यक्रमों के लिए अनुदान दिया जा रहा है।

(1) कुओं में बोरिंग—2.02 हेक्टेयर (5 एकड़) तक की जोत वाले कृषकों को निजी एजेंसी के जरिए बोरिंग कराने के लिए 2 रु० प्रति फुट।

(2) बुन्देलखण्ड प्रभाग (डिवीजन), राप्तीपार क्षेत्र, मिर्जापुर जिला, इलाहाबाद जिले की मेजा और करछना तहसीलों और वाराणसी जिले की चकिया तहसील में निजी बन्धियां—4.04 हेक्टेयर (10 एकड़) तक की जोत वाले कृषकों को ऋण अथवा व्यय का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो।

(3) पर्वतीय क्षेत्रों में गूलों तथा तालाबों का निर्माण—ऋण अथवा व्यय का 50 प्रतिशत जो भी कम हो।

(4) केवल पर्वतीय भागों में पम्पिंग सेटों का लगाया जाना—दिये जा सकने वाले ऋण अथवा व्यय का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो।

(5) गांव सभाओं द्वारा प्रारम्भ किये गये निर्माण-कार्य—पर्वतीय क्षेत्रों में गूलों और तालाबों के निर्माण के व्यय का 50 प्रतिशत और अन्य निर्माण-कार्यों के लिये ऋण अथवा उन पर व्यय का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो।

(6) पिछले वचनबद्धता की पूर्ति के लिए।

50—उपर्युक्त विवरण से यह स्पष्ट है कि अनुदान सहायता कुछ ही निर्माण कार्यों के लिए दी जा रही है और वह भी छोटी जोत वालों अथवा उन कृषकों को जिनके पास पिछड़े संभागों में अलाभकारी जोतें हैं।

संस्थागत वित्त

51—निजी लघु सिंचाई कार्यक्रम के लिए संस्थागत वित्त (Institutional Finance) प्राप्त करने में जो प्रगति हुई है वह निम्नलिखित तालिका से देखी जा सकती है। इस तालिका में 1971-72 का कार्य-क्रम भी दिया गया है :—

(करोड़ रुपयों में)

संस्था	चौथी योजना का लक्ष्य	1969-70 संभावित व्यय	1970-71 प्रत्याशित व्यय	1971-72 लक्ष्य
1	2	3	4	5
1—भूमि विकास बैंक—				
(क) सकल (Gross) अंशदान	95.00	17.53	18.38	20.00
(ख) ऋणपत्रों में पूंजी विनियोजन	14.25	4.49	4.18	5.00
(ग) शुद्ध (Net) अंशदान ..	80.75	13.04	14.20	15.00
2—कृषि पुनर्वित्त निगम—				
(क) सकल अंशदान ..	40.00	2.48	1.69	8.00
(ख) ऋण-पत्रों में पूंजी विनियोजन	6.00	0.31	0.17	0.80
(ग) शुद्ध अंशदान ..	34.00	2.17	1.52	7.20
3—कृषि उद्योग निगम—				
(क) सकल अंशदान ..	30.00	0.52	0.02	0.50
(ख) अंश पूंजी में विनियोजन ..	1.50	0.30	..	..
(ग) शुद्ध अंशदान ..	28.50	0.22	0.02	0.50
4—केन्द्रीय सहकारी बैंक—				
शुद्ध अंशदान	25.00	0.20	अप्राप्त	0.50
5—वाणिज्यिक बैंक—				
शुद्ध अंशदान ..	15.00	..	..	..
शुद्ध अंशदान का योग ..	183.25	15.63	15.74	23.20

52—**भूमि विकास बैंक**—मार्च, 1970 तक भूमि विकास बैंक को 42 जिलों में कार्य करने की अनुमति दी गयी है। 1970-71 के दौरान चार और जिलों अर्थात् हमीरपुर, मिर्जापुर, बांदा और झांसी में बैंक के कार्य-क्षेत्र का विस्तार किया गया है।

53—यह परिकल्पना की गयी है कि चौथी योजना की अवधि में भूमि विकास बैंक 95 करोड़ रुपये का ऋण वितरित करेगा। राज्य द्वारा 15 प्रतिशत की साझेदारी के आधार पर योजना में राज्य सरकार द्वारा बैंक के ऋण-पत्रों में विनियोजन के लिए 14.25 करोड़ रुपये की धनराशि की व्यवस्था की गयी थी। सरकार ने इस कार्य-क्रम में अब तक 25 प्रतिशत की दर से धन लगाया है। इसके फलस्वरूप योजना में व्यवस्था किये गये 14.25 करोड़ रुपयों में से 8.67 करोड़ रुपयों के पहले दो वर्षों तथा दूसरे 5.00 करोड़ रुपये के तीसरे वर्ष में उपयोग कर लिये जाने की उम्मीद की जाती है। इस प्रकार पहले तीन वर्षों में 13.67 करोड़ रुपयों का विनियोजन हो जायेगा , जिसके आधार पर बैंक का सकल (gross) अंशदान 55.91 करोड़ रुपये होगा। यदि 25 प्रतिशत के आधार पर साझेदारी के अंश में धन लगाना जारी रखा जाय तो 95 करोड़ रुपये के ऋण वितरण के लक्ष्य की पूर्ति के लिए योजना के अन्तिम दो वर्षों में इस कार्य के लिए 10.08 करोड़ रुपये की और धनराशि की आवश्यकता होगी। राज्य सरकार का मत है कि अब समय आ गया है कि राज्य सरकार द्वारा लगायी जाने वाली धनराशि को क्रमश: घटाया जाय। यह महसूस किया जाता है कि यह बात तब सम्भव हो सकती है जब भारत सरकार द्वारा रिजर्व बैंक आफ इंडिया के परामर्श से स्थिति की समीक्षा की जाय जिससे कि अन्य साधनों से बैंक के ऋण-पत्रों के लिये अधिक सहायता मिलना संभव बन जाय।

54—**कृषि पुनर्वित्त निगम**--राज्य सरकार ने अब तक कृषि पुनर्वित्त निगम, बम्बई, को 37 परियोजनायें भेजी हैं जिनमें से निगम द्वारा 7.86 करोड़ रुपये की 17 परियोजनायें स्वीकृत कर ली गयी हैं। इन 17 परियोजनाओं में से 6.55 करोड़ रुपयों की 14 परियोजनायें 1968-69 तक स्वीकृत की गयी थीं और 1.31 करोड़ व्यय की 3 परियोजनायें जनवरी, 1970 के बाद स्वीकृत की गयीं। यह उम्मीद की जाती है कि ये 14 परियोजनायें 1971-72 के अन्त तक पूरी हो जायंगी। अतएव यह अत्यावश्यक है कि वे 20 परियोजनायें जो 25.75 करोड़ रुपये की हैं और निगम के विचाराधीन हैं शीघ्र स्वीकृत कर ली जायं जिससे कि 1971-72 के दौरान कार्यक्रम को कार्यान्वित करने में विलम्ब न हो। 14 परियोजनाओं के सम्बन्ध में जल विज्ञान सम्बन्धी आंकड़े समन्वेषी नलकूप संगठन (Exploratory Tube Well Organization) को अब तक भेजे जा चुके हैं और शेष परियोजनाओं के लिये जिलों से आंकड़े संग्रह करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

55—**अधिष्ठान**—यह प्रस्ताव है कि कर्मचारिवर्ग की वर्ष 1970-71 की प्रस्तावित संख्या बनाये रखी जाय। अतएव, 1971-72 के लिए 75 लाख रुपये का परिव्यय आवंटित किया गया है।

56—**उपकरण**—उपकरणों पर होने वाला व्यय क्रमश: कम किया जा रहा है। वर्ष 1971-72 के लिए 35 लाख रुपये का परिव्यय रखा गया है। यह धनराशि मुख्यत: 6" सीवनहीन अथवा आवरक नल (सीमलेस या केसिंग पाइप) खरीदने [22 लाख रुपये] और हाथ से बोरिंग करने वाले यंत्रों, 58 खनक (रिग) यंत्रों, परीक्षण इकाइयों, विस्फोटन इकाइयों और वायु कम्प्रेसरों आदि की मरम्मत और अनुरक्षण (11.32 लाख रुपये) के काम में लायी जायगी।

57--**भौतिक कार्यक्रम**--चौथी योजना के लिये निर्धारित लक्ष्य, 1969-70 के दौरान पूरे किये गये निर्माण कार्य, 1970-71 के दौरान पूरे किये जाने वाले निर्माण-कार्य तथा 1971-72 के लिये निर्धारित निर्माण-कार्य नीचे लिखी तालिका में दिये गये हैं :--

मद	इकाई	चौथी योजना (1969-74) के लक्ष्य		1969-70	1970-71	1971-72
		मूल	पुनरीक्षित	उपलब्धि	प्रत्याशित उपलब्धि	लक्ष्य
1	2	3	4	5	6	7
पक्के कुएं ..	सं०	3,28,000	2,25,000	45,899	32,633	45,000
बोरिंग--						
(1) कुओं में ..	"	5,00,000	5,00,000	37,489	29,059	45,000
(2) गढ़ों में ..	"	2,00,000	2,00,000	56,060	53,174	55,000
रहट ..	"	2,00,000	1,75,000	23,601	20,036	30,000
पम्पिग सेट ..	"	1,55,000	1,55,000	26,588	25,900	30,000
निजी नलकूप ..	"	2,00,000	2,00,000	45,105	53,468	45,000
कुओं को गहरा करना ..	"	4,500	4,500	282	275	900
बन्धियां ..	हेक्टेयर	93,079	93,079	21,549	29,088	19,000
पर्वतीय क्षेत्रों में गूलें तथा तालाबें	"	9,652	9,652	1,364	1,225	1,780

58--उपर्युक्त निर्माण-कार्यों के लिए वित्त व्यवस्था निम्न प्रकार से की जायगी :

(करोड़ रु० में)

साधन	चौथी योजना	1969-70 संभावित व्यय	1970-71 प्रत्याशित व्यय	1971-72 प्रस्तावित लक्ष्य
1	2	3	4	5
राज्य क्षेत्र1	49.25	8.78	6.63	7.18
सहकारी क्षेत्र2	105.75	13.24	14.20	15.50
निगम-क्षेत्र 3	62.50	2.39	1.54	7.70
निजी क्षेत्र	161.50	48.20	43.82	44.07
योग ..	379.00	72.61	66.19	74.45

1--ऋण, अनुदान और ऋण-पत्रों में विनियोजन के लिए योजना परिव्यय।

2--भूमि विकास बैंक तथा केन्द्रीय सहकारी बैंक।

3--कृषि पुर्नवित्त निगम, कृषि उद्योग निगम तथा वाणिज्यिक बैंक ।

सिंचन क्षमता

59—सिंचन क्षमता निर्धारित मानकों (Norms) पर आधारित होती है। 1970-71 के दौरान, चौथी योजना के लक्ष्यों पर विचार करते समय योजना आयोग ने इन मानकों में कुछ परिवर्तन सुझाये थे। इन सुझावों पर मंत्रिमंडल की कृषि उप-समिति ने विचार किया था और निर्णीत मानक इस प्रकार है :

(एकड़ों में)

निर्माण-कार्य				प्रस्तावित मानक		सरकार द्वारा निर्णीत मानक
				चौथी योजना में	योजना आयोग द्वारा	
कुएं	..	..	..	3	3	3
कुओं में बोरिंग	..	..	..	2	..	.
कुओं को गहरा करना		..	..	1	..	..
पम्पिंग सेट	..	..	..	8	5	8
रहट	..	..	..	..	..	2
निजी नल कूप	..	..	..	20	15	20

60—उपर्युक्त निर्णय अधीक्षक अभियन्ता, लघु सिंचाई द्वारा किये गए अध्ययन पर आधारित हैं। 38 जिलों में फैले हुए ग्राम सहायकों के 74 हलकों (सर्किल्स) से इकट्ठे किये गये आंकड़ों से पता चलता है कि औसत रूप से प्रति नलकूप का सिंचित क्षेत्र 23.8 एकड़ और पम्पिंग सेट का क्षेत्र 14.6 एकड़ है। इससे विदित होता है कि सरकार द्वारा स्वीकृत मानक बढ़े हुए नहीं हैं। यह भी निश्चय किया गया है कि 5 प्रतिशत की कटौती (Depreciation) करके इनकी सिंचन क्षमता का हिसाब लगाया जाय।

61—इससे पूर्व सूचना दी गयी थी कि 1968-69 तक निजी सिंचाई के लघु निर्माण-कार्यों के द्वारा 40.91 लाख हेक्टेयर की सिंचन क्षमता सृजित की जा चुकी है। 1966-67 के 28.17 लाख हेक्टेयर वास्तविक सिंचित क्षेत्र (सकल) को आधार वर्ष स्वीकार करके, 1967-68 की 4.97 लाख हेक्टेयर तथा 1968-69 की 5.48 लाख हेक्टेयर की अतिरिक्त सिंचन क्षमता को इसमें जोड़कर और 5 प्रतिशत की कटौती करके अब इस सिंचन क्षमता के सृजन को घटाकर 35.37 लाख हेक्टेयर कर दिया गया है। अब यह अनुमान किया गया है कि चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान 14.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र शुद्ध अतिरिक्त सिंचन क्षमता का सृजन होगा जब कि प्रमाणिक लक्ष्य 30.29 लाख हेक्टेयर का था। इस प्रकार चौथी योजना के अन्त में सिंचन क्षमता का योग 49.61 लाख हेक्टर हो जायगा। 1969-70 के अंत में क्षमता 38.96 लाख हेक्टेयर है और 1970-71 के अंत में प्रत्याशित सिंचन क्षमता 42.83 लाख हेक्टेयर है। वर्ष 1971-72 के अंत में निजी लघु सिंचाई निर्माण-कार्यों के माध्यम से 46.18 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं की व्यवस्था करने का कार्यक्रम है।

निजी नल-कूपों और पम्पिंग सेटों का विद्युतीकरण

62—इस बात के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि जितने अधिक नलकूपों पंपिंग सेटों के लिए हो सके बिजली की व्यवस्था की जाय। इस संबंध में चौथी पंचवर्षीय योजना के पहले दो

वर्षों में जो प्रगति हुई है और तीसरे वर्ष के लिए जो कार्यक्रम निश्चित किया गया है वह नीचे की तालिका में दिया गया है :

(संख्या)

कार्य-क्रम		चौथी योजना लक्ष्य	1969-70 उपलब्धि	1970-71 प्रत्याशित उपलब्धियां	1971-72 लक्ष्य
1		2	3	4	5
पम्पिग सेटों का लगाना	..	1,55,000	26,588	25,900	30,000
निजी नलकूपों का निर्माण	..	2,00,000	45,105	53,468	45,000
योग	..	3,55,000	71,693	79,368	75,000
निजी नलकूपों और पम्पिग सेटों का विद्युतीकरण ..	..	2,00,000	26,464	24,644	50,000
निर्मित इकाइयों की तुलना में ऊर्जित इकाइयों का प्रतिशत	..	56	37	31	67

यह निश्चय किया गया है कि कृषि सम्बन्धी कार्यक्रम के लिए बिजली प्रदिष्ट करने को प्राथमिकता दी जाय किन्तु खंभों और तार चालकों (Wire conductors) के लिए इस्पात की कमी के कारण काम में रुकावट पड़ रही है।

(ख) राजकीय लघु सिंचाई

63—राज्य की चौथी पंचवर्षीय योजना में राजकीय लघु सिंचाई कार्य-क्रम के लिए 40.00 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। इसमें से 10.82 करोड़ रुपये 1969-70 में व्यय किये गये थे और 13.57 करोड़ रुपये 1970-71 में व्यय किये जाने की आशा की जाती है। इस प्रकार, पहले दो वर्षों में, चौथी योजना के परिव्यय के 61 प्रतिशत अंश के उपयोग किये जाने की उम्मीद है। वर्ष 1971-72 के लिये 12.95 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है। इसमें 45 लाख रुपये 5 पर्वतीय जिलों के लिए सम्मिलित हैं। इस प्रकार 37.34 करोड़ रुपये का कुलउपयोग हो जायगा जो चौथी योजना का 93 प्रतिशत है। परिव्यय तथा व्यय का मदवार विवरण निम्न प्रकार है :

(करोड़ रुपयों में)

मद		चौथी योजना परिव्यय	1969-70 संभावित व्यय	1970-71 प्रत्याशित व्यय	1971-72 परिव्यय	1969-72 कुल उपयोग
1		2	3	4	5	6
नलकूप कार्यक्रम	..	23.78	7.89	10.84	9.79	28.52
डाल सिंचाई	..	13.25	2.71	2.31	2.50	7.52
अन्य	..	2.97	0.22	0.42	0.66	1.30
योग	..	40.00	10.82	13.57	12.95	37.34

नलकूप

64—चौथी योजना में 1.5 क्यूसेक के 1,000 नलकूपों, 3 क्यूसेक के 200 नलकूपों और 5 क्यूसेक के 100 नलकूपों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया था। 1969-70 के दौरान हुई प्रगति और 1970-71 में प्रत्याशित प्रगति तथा 1971-72 के लिए निश्चित कार्य-क्रम नीचे की तालिका में दिये गये हैं :—

अवधि/मद	नलकूप जो सफलतापूर्वक ड्रिल किये गये	नलकूप जिनमें पम्प आदि लगाये गये	नलकूप जिनके लिये पम्प घर बनाये गये	ऊर्जित नलकूप बिजली द्वारा	तेल द्वारा	उत्स्रुत (आर्टीसियन)
1	2	3	4	5	6	7
1968-69 के अन्त में स्थिति ..	9,634	9,480	9,390	9,400	3	1
1969-70 में वृद्धि (वास्तविक) :						
(1) 5 क्यूसेक के नलकूप ..	1	1	1	..	..	..
(2) 3 क्यूसेक के नलकूप ..	30	20	26	11	..	..
(3) 3 क्यूसेक से कम के नलकूप	605	514	491	378	..	..
1970-71 में वृद्धि (प्रत्याशित) :						
(1) 5 क्यूसेक के नलकूप ..	1	1	1	1	..	..
(2) 3 क्यूसेक के नलकूप ..	26	25	22	21	..	..
(3) 3 क्यूसेक से कम के नलकूप	752	451	590	453	..	..
1971-72 में वृद्धि (कार्यक्रम) :						
(1) 5 क्यूसेक के नलकूप ..	1	1	1	1	..	..
(2) 3 क्यूसेक के नलकूप ..	39	39	39	19	..	..
(3) 3 क्यूसेक से कम के नलकूप..	800	750	750	780	..	..
1969-72 की प्रत्याशित स्थिति :						
(1) 5 क्यूसेक के नलकूप ..	3	3	3	2	..	1
(2) 3 क्यूसेक के नलकूप ..	95	84	87	51	..	..
(3) 3 क्यूसेक से कम के नलकूप..	2,157	1,715	1,831	1,611	..	..

65—ऊपर दी गयी तालिका से यह स्पष्ट हो जाता है कि चौथी योजना में जो लक्ष्य 1.5 क्यूसेक के 1,000 नलकूपों का निर्माण करने का था उससे अधिक नलकूपों का निर्माण हो गया है, और यह आशा की जाती है कि प्रथम तीन वर्षों में 1,611 नलकूपों में बिजली लगा दी जायगी। यह भी आशा की जाती है कि 3 क्यूसेक के नलकूपों का लक्ष्य भी प्राप्त हो जायगा। जहां तक 5 क्यूसेक के नलकूपों का सम्बन्ध है, यह उल्लेख किया जा सकता है कि वे वहीं निर्मित किये जा सकते हैं जहां पर्याप्त भूमि स्तर तथा 600-800 एकड़ में फैला हुआ एक भू-खण्ड उपलब्ध हो। इन नलकूपों का निर्माण करने के पूर्व उनके लिये बहुत अधिक अनुसन्धान भी करना पड़ता है ।

66—1971-72 में नलकूप सम्बन्धी कार्यक्रम के लिये जो परिव्यय नियत किया गया है, उसे निम्नलिखित निर्माण-कार्यों पर प्रयुक्त करने का प्रस्ताव है :

(लाख रुपयों में)

मद	परिव्यय
1—प्रत्येक नलकूप पर 28,000 रु० की दर से 800 नलकूपों का वेधन(Drilling)	224.00
2—प्रत्येक नलकूप पर 2,000 रु० की दर से 750 नलकूपों का विकास ..	15.00
3—प्रत्येक नलकूप पर 15,000 रु० दर से 750 नलकूपों पर पम्पघरों (Pump (houses) डिलवरी टैंको, साइफनों, सर्विस-सड़कों तथा कच्ची गूलों का निर्माण	112.50
4—भूमि सम्बन्धी व्यय	19.50
5—प्रत्येक नलकूप पर 10,000 रु० की दर से 750 नलकूपों पर पम्पिग सेट तथा उप साधन यंत्रों और फिटिंग्स लगाना	75.00
6—प्रत्येक नलकूप पर 15,000 रु० की दर से 800 नलकूपों का विद्युतीकरण ..	*
7—प्रति मील 25,000 रु० के हिसाब से 960 किलोमीटर (600 मील) गूलों को पूरा करना	150.00
8—विशेष उपकरण (रिग्ज तथा कम्प्रेरसर)	60.00
	656.00
9—3 और 5 क्यूसेक के नलकूपों का निर्माण	35.00
10—पक्की गूलों (160 कि० मीटर) का विस्तार	25.00
11—वर्तमान राजकीय नलकूपों पर सर्विस सड़कों का निर्माण ..	5.00
12—राज्य नलकूपों का आधुनिकीकरण	39.00
15—चकबन्दी क्रियाओं के कारण नष्ट कर दिये गये वाह्य मार्गों तथा गूलों का निर्माण	4.00
14—भू-तलीय जल सर्यवेक्षण	20.00
	784.00
15—अधिष्ठान तथा सामान्य व्यय (Over head charge)	194.60
योग ..	978.60

डाल सिंचाई

67—राज्य में डाल सिंचाई योजनायें मुख्यतया सूखा क्षेत्रों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये चालू की गई थीं। इन योजनाओं को "बिना लाभ, बिना हानि" के आधार पर चालू रखने का निश्चय भी किया गया था। अब ऐसा प्रतीत होता है सिंचाई के लिये आसानी से सदा काम आ सकने वाले साधन प्रयोग में आ चुके हैं, और जो शेष बच रहे हैं, उनके लिये पहले से अधिक डाल की आवश्यकता पड़ती है, जिसके कारण प्रस्तावित योजनाओं को "बिना लाभ, बिना हानि", के आधार पर चलाना संभव नहीं है।

* 120.00 लाख रु० की धनराशि राज्य विद्युत परिषद् के पास उपलब्ध है।

अन्य योजनाएं

68—**जलोत्सारण सुधार योजना**—छोटी जलोत्सारण सुधार योजनायें, जिनकी लागत प्रत्येक योजना पर 50,000 रु० से कम होती है, राज्य लघु सिंचाई क्षेत्र (State Minor Irrigation Sector) से वित्तपोषित की जाती हैं। अन्य योजनाएं बाढ़ नियंत्रण क्षेत्र से वित्तपोषित की जाती हैं। इन योजनाओं के लिये चौथी पंचवर्षीय योजना में 56.64 लाख रु० के परिव्यय की व्यवस्था लघु सिंचाई में की गयी है जिसकी तुलना में 1969–70 के दौरान 6.81 लाख रुपया व्यय किया गया है, और आशा की जाती है कि 1970–71 के दौरान 6.50 लाख रु० तथा 1971–72 के दौरान 13.10 लाख रुपया व्यय किया जायगा। इस प्रकार, प्रथम तीन वर्षों में 26.41 लाख रु० व्यय हो जाने का अनुमान है।

69—**अन्य प्रवाह योजनायें**—पर्वतीय क्षेत्रों से सम्बन्धित योजनाओं के अतिरिक्त वर्ष 1970–71 में 11 योजनाओं के सिलसिले में कार्य किया जा रहा है। इसमें से 5 योजनायें, अर्थात् (1) रायपुर तालाब प्रणाली के नहरों का पुनर्निर्माण, (2) कल्याण-सागर से विजयनगर तालाब तक पोषक नाली (Feeder Channel), (3) कुलपहाड़ तालाब की क्षमता बढ़ाना। (4) बरवार नहर का प्रसार तथा (5) पूर्वी यमुना नहर पर टेलस्कोप का निर्माण, वर्ष 1971–72 के अन्त तक पूर्ण हो जाने की संभावना है। एक योजना, अर्थात्, "मिर्जापुर जिले में 15 बन्धियां", का कार्य, ग्रामीण निर्माण सम्बन्धी कार्यक्रम को संक्रमित कर दिया गया है। वर्ष 1971–72 में जिन पांच योजनाओं पर कार्य चालू रहेंगे वे निम्नलिखित हैं :—

(लाख रुपयों में)

परियोजना	अनुमानित लागत	1970–71 तक प्रत्याशित व्यय	1971–72 के लिये परिव्यय
1	2	3	4
1—वन्ट तालाब की क्षमता बढ़ाना	1.24	0.50	0.50
2—लालढ़ोंग सिंचाई योजना	10.83	1.00	3.00
3—रघुनाथपुर बन्धी	5.34	3.00	3.00
4—बरकच्छा बन्धी	10.28	1.00	5.00
5—रामपुर पिनडारिया बन्धी	8.10	2.00	4.00

सिंचाई की क्षमता

70—चौथी पंचवर्षीय योजना में 5.55 लाख हेक्टेयर क्षेत्र की अतिरिक्त सिंचाई क्षमता सृजित करने की परिकल्पना की गयी थी जिसमें से 1969–70 के दौरान 1.00 लाख हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई क्षमता सृजित की गयी है और आशा की जाती है कि 1970–71 के दौरान, 0.94 लाख हेक्टेयर

क्षमता तथा 1971-72 के दौरान 1.41 लाख हेक्टेयर सिंचन क्षमता सृजित हो जायेगी । सिंचाई क्षमता तथा उपयोग के वर्गानुसार ब्योरा नीचे दिया जाता है :—

(लाख हेक्टेयर)

साधन		चौथी पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य	1969-70 उपलब्धियां	1970-71 प्रत्याशित उपलब्धियां	1971-72 कार्यक्रम
1		2	3	4	5
राजकीय नलकूप ..	..	2.75	0.63	0.70	1.05
डाल सिंचाई ..	..	2.71	0.37	0.24	0.35
अन्य परियोजनायें		0.09	..	..	0.01
	योग	5.55	1.00	0.94	1.41
कुल सिंचन क्षमता	..	23.73	19.19	20.13	21.54
कुल सिंचन क्षमता का उपयोग	..	21.28	17.11	18.45	19.47

71—सिंचाई क्षमता और उसके उपयोग के बीच जो अन्तर प्रतीत होता है उसका मुख्य कारण यह है कि नलकूपों द्वारा अतिरिक्त क्षमता बहुधा वर्ष के अन्त में सृजित की जाती है जिसका उपयोग लगभग अगले वर्ष किया जाता है। इस पर भी इस अन्तर को कम करने के लिये प्रत्येक प्रयास करना होगा ।

3—भूमि संरक्षण

72—कृषि तथा वन विभागों की योजनाएं, जिनमें विकास अन्वेषणालय की योजनाएं भी शामिल हैं, भूमि संरक्षण क्षेत्र (सेक्टर) में सम्मिलित कर ली गयी हैं। चौथी योजना का परिव्यय, वर्ष 1969-70 का व्यय तथा वर्ष 1970-71 का परिव्यय, बजट में की गई व्यवस्था, प्रत्याशित व्यय और वर्ष 1971-72 का प्रस्तावित परिव्यय नीचे दिया जाता है :—

(लाख रुपयों में)

विभाग	चौथी योजना परिव्यय	1969-70 व्यय	परिव्यय	1970-71 बजट में की गयी व्यवस्था	प्रत्याशित व्यय	1971-72 प्रस्तावित परिव्यय
1	2	3	4	5	6	7
कृषि..	2000.00	326.36	300.00	304.41	357.86	404.14
वन ..	125.00	24.84	25.00	25.00	25.00	25.00
विकास अन्वेषणालय	15.00	3.32	2.00	2.02	3.89	3.00
योग	2140.00	354.52	327.00	331.43	386.75	432.14

73—कृषि विभाग की योजनायें—राज्य में एक व्यापक (Soil and Water Conservation Act) भूमि और जल संरक्षण अधिनियम पहले से ही है। जो 1963 में अधिनियमित किया गया था। इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन, राज्य स्तर पर एक राजकीय भूमि तथा जल संरक्षण परिषद् (State Soil and Water Conservation Board) संगठित किया गया है, और जिला स्तर पर कार्यक्रमों के मार्ग-दर्शन तथा अनुमोदन हेतु जिला भूमि संरक्षण समितियां बनाई गई है। इस अधिनियम की मुख्य विशेषताएं यह हैं कि ऐसे वाटर शेडों (जल विभाजनों) में जिनमें कोई लाभार्थी ऋण पाने के लिये पात्र न हो, अथवा वह निर्माण-कार्य निष्पादित नहीं करता है, जैसा कि प्रायोजना सम्बन्धी योजना में उसके लिये व्यवस्था की गयी है अथवा उसका अनुमोदन किया गया है उक्त निर्माण-कार्य राज्य के खर्चे से निष्पादित किये जा सकते हैं और उनकी लागत लाभार्थी से मालगुजारी की बकाया के रूप में वसूल की जा सकती है।

74—कृषि विभाग के भूमि संरक्षण कार्यक्रम के अधीन मुख्य कार्यकलाप इस प्रकार है—सहायकों तथा उप सहायकों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करना, राज्य के प्रमुख कृषि वाटर शेडों में भूमि तथा जल संरक्षण कार्य को निष्पादित करना, मिट्टी तथा भूमि के उपयोग सम्बन्धी सर्वेक्षण करना, तथा कन्दराओं आदि के आस-पास स्थित सीमान्त तथा उप-सीमान्त भूमियों का सुदृढ़ीकरण।

75—वर्ष 1969-70 के दौरान 2.38 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि में भूमि संरक्षण कार्य किया गया। आशा की जाती है कि वर्ष 1970-71 के दौरान 2.42 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में यह कार्य हो जायगा और वर्ष 1971-72 के लिये 2.26 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में भूमि संरक्षण कार्य करने का लक्ष्य रखा गया गया है। 1969-70 के अन्त तक भूमि संरक्षण सम्बन्धी 103 सब-डिवीजनल यूनिटें, राज्य के विभिन्न भागों में फैली हुई थीं। गत वित्तीय वर्ष में 11 और सब-डिवीजनल यूनिटें तथा 3 डिवीजनल यूनिटें खोलने का प्रस्ताव है। 1969-70 के दौरान 50 सहायकों तथा 299 उप-सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया। आशा की जाती है कि गत वित्तीय वर्ष में 60 सहायकों और 260 उप-सहायकों को प्रशिक्षण दिया जायगा। वर्ष 1971-72 के दौरान 60 सहायकों और 260 उप-सहायकों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है।

76—राज्य के लम्बे अर्से से सूखाग्रस्त क्षेत्रों में, अर्थात् वाराणसी, मिर्जापुर इलाहाबाद और बांदा जिलों में, जहां बार-बार सूखा पड़ता भूमि तथा जल संरक्षण कार्य निष्पादित करने के लिये एक विशेष योजना चालू की गयी थी। वर्ष 1969-70 के दौरान, इस योजना के अधीन 0.200 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में कार्य किया गया। आशा की जाती है कि चालू वित्तीय वर्ष में 0.700 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में यह कार्य किया जा सकेगा। 1971-72 में 8.000 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में यह कार्य किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

77—कन्दराओं को खेती योग्य बनाने के कार्यक्रम (Ravine reclamation programme) के अधीन, कन्दराओं पर वन विभाग द्वारा वनरोपण किया जा रहा है और ऐसी कन्दराओं के आस-पास के क्षेत्रों को, कृषि विभाग द्वारा भूमि का कटाव रोकने के लिये प्रगाढ़ रूप से निर्माण कार्य करके, रक्षित और स्थिर बनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के सम्बन्ध में वर्ष 1969-70 में भौतिक उपलब्धियां 17.090 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में हुई थी। वर्ष 1970-71 के लिये प्रत्याशित उपलब्धि 20.000 हजार हेक्टेयर क्षेत्र है और अगले वर्ष के लिये 12.800 हजार हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य प्राप्त करने का प्रस्ताव है।

78—कृषि प्रयोजनों के लिये कन्दराओं को खेती योग्य बनाने के हेतु केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना भी है जो कानपुर के जिले में वर्ष 1969-70 से प्रारम्भ की गयी थी। वर्ष 1969-70 में इस केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना पर 1.80 लाख रुपया व्यय हुआ था। किन्तु गत वर्ष के लिये इसका

प्रत्याशित व्यय 27.31 लाख रु० अनुमानित किया गया है। वर्ष 1971-72 में इस योजना का प्रस्तावित परिव्यय 15.00 लाख रुपया रखा गया है। इसके अतिरिक्त 1971-72 की वार्षिक योजना में तीन नई केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना यें सम्मिलित कर ली गयी है। वे हैं--(1) झांसी जिल में 19.58 लाख रुपये के परिव्यय से बागनी खेती करने की अग्रगामी प्रायोजना; (2) आगरा जिले में 18.42 लाख रुपये के परिव्यय से बागनी खेती की अग्रगामी प्रायोजना तथा (3) गाजीपुर जिले में 18.42 लाख रुपये के परिव्यय से बागनी खेती की अग्रगामी प्रायोजना।

वन विभाग की योजनाएं

79--राज्य में सबसे बड़ी समस्याओं में से एक समस्या भूमि के कटाव की है, विशेषकर हिमालय के संभाग और चम्बल तथा यमुना जलागम के विभिन्न प्रभागों में। वन विभाग नदी घाटी प्रायोजनाओं के जलागम क्षेत्रों में तथा कन्दराओं की भूमि में भूमि संरक्षण सम्बन्धी कार्यों पर पर्याप्त ध्यान दे रहा है। वन विभाग की भूमि संरक्षण सम्बन्धी योजनायें अर्थात्, राज्य की योजना के अधीन कन्दराओं को खेती योग्य बनाना। उन पर वन रोपण करना तथा रामगंगा के जलागम क्षेत्र में केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित नदी घाटी प्रायोजना. तीसरी योजना से चालू है। इन दो स्कीमों के अन्तर्गत भूमि संरक्षण सम्बन्धी कार्यक्रम को चौथी योजना में और तेजी से बढ़ाने का प्रस्ताव है।

80--कन्दराओं को खेती योग्य बनाने। उन पर वनरोपण करने की राज्य योजना की स्कीम के अन्तर्गत 1969-70 के दौरान 5,000 हेक्टेयर क्षेत्र को खेती योग्य बनाने का कार्य पूरा किया गया, जबकि वर्ष 1968-69 तक 21,196 हेक्टेयर क्षेत्र को खेती योग्य बनाने का कार्य किया गया था। गत वित्तीय वर्ष के दौरान और 5,000 हेक्टेयर क्षेत्र को खेती योग्य बनाने का कार्य पूरा हो जाने की आशा की जाती है और 1971-72 में और 5,000 हेक्टेयर क्षेत्र को खेती योग्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

81--रामगंगा के जलागम क्षेत्र में, केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित नदी घाटी प्रायोजना की स्कीम के अन्तर्गत, 1968-69 के अन्त तक 0.16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में वनरोपण तथा चरागाह का विकास करने का कार्य किया गया। इस सम्बन्ध में 1969-70 में 0.21 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में यह कार्य सम्पादित किया गया और वर्ष 1970-71 में 0.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में यह काम हो जाने की आशा की जाती है। वर्ष 1971-72 में 0.28 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में यह कार्य करने का लक्ष्य रखा गया है। केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित इस योजना पर 1969-70 के दौरान, 17 लाख रुपया व्यय किया गया वर्ष 1970-71 का प्रत्याशित व्यय 19.62 लाख रुपया है और वर्ष 1971-72 के लिये 24 लाख रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव है।

82--चालू वित्तीय वर्ष में, नदी घाटी प्रायोजना-माटाटीला बांध की एक नई योजना 2 लाख रुपये के परिव्यय से चालू की गयी है और वर्ष 1971-72 में भी, उसके लिये 7 लाख रुपये का प्रस्ताव किया गया है।

विकास अन्वेषणालय की योजनायें--

83--विकास अन्वेषणालय की भूमि संरक्षण प्रशिक्षण केन्द्र, मुजफ्फराबाद तथा में भूमि और जल संरक्षण की फूलपुर, प्रायोजना इलाहाबाद दो योजनाओं के अन्तर्गत तत्सम्बन्धी कार्य वर्ष 1971-72 में भी जारी रहेगा।

(4)—कृषि शोध तथा शिक्षा

कृषि शोध (Agricultural Research)—

84—विभिन्न फसलों पर कृषि सम्बन्धी शोध कार्य संचालित करने के लिये राज्य में 1968–69 के अन्त तक आधारभूत अवस्थापना (basic infrastructure) सृजित कर दी गयी थी। इसमें धान, गेहूं, कपास, जूट, तिलहन, ज्वार, बाजरा, आलू, मोटा अनाज, फल, साग-सब्जी, आदि पर शोध करने की सुविधायें भी शामिल हैं। कृषि रसायन विज्ञान, कीट विज्ञान, पौध-व्याधि विज्ञान, फसल क्रिया विज्ञान, आदि, जैसे विषयों से सम्बन्धित कार्यात्मक शिक्षा देने का अनुभाग भी स्थापित किया गया था। वर्ष 1969–70 के दौरान, आर्थिक वनस्पति (तिलहन), और धान का शोध संस्थान, सहारनपुर, आर्थिक वनस्पति (धान) फल शोध केन्द्र बस्ती, फसल क्रिया विज्ञान तथा कीट विज्ञान के अनुभागों का विस्तार किया गया। इसके अतिरिक्त संभागीय शोध केन्द्रों को सज्जायुक्त किया गया।

85—इनके अतिरिक्त, तिलहन, सोयाबीन, चावल, जौ, मक्का, मोटा अनाज, दालें, जूट और गेहूं सम्बन्धी आल इन्डिया कोआर्डिनेट रिसर्च प्रोजेक्टस (अखिल भारतीय समन्वित शोध प्रायोजनाएं) भी प्रगति कर रही है। वर्ष 1970–71 में भी, भारत सरकार ने बस्ती में आम तथा अमरूद सम्बन्धी शोध कार्य के लिये तथा साग-सब्जी शोध केन्द्र कानपुर में साग-सब्जी के शोध कार्य के लिये समन्वित प्रायोजनाएं स्वीकृत की। भारतीय कृषि शोध परिषद् द्वारा वित्तपोषित, केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं के अन्तर्गत सामान्य उर्वरक ट्रायल, न्यादर्श कृषि प्रयोग, भूमि सम्बन्धी संरचना की माप तथा मूल्यांकन विषयक अध्ययन के कार्यक्रम भूमि का खारापन, सिंचाई, जलोत्सारण, भूमि विज्ञान तथा जल-व्यवस्था (Water Management) सम्बन्धित समन्वित कार्यक्रम कार्यान्वित किये जा रहे हैं। 1970–71 में एक आलू शोध केन्द्र की स्थापना भी गुरसहायगंज, फर्रुखाबाद जिले में की गयी है।

86—**धान**—रूसी जनक (पेरेन्टस) "बुन्देला" और "रुहेला" की नई किस्में तथा "सरजू–49" जिसमें ताईचुंग नेटिव—1 तथा ताईचुंग—65 वाले जनक है, सामान्य कृषि के लिये प्रचलित किये गये हैं। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में कृषि के लिये "मधुकर" नामक धान प्रचलित किया गया है। एक नये किस्म का धान 'जलमग्ना' तालाबों में 3–5 फीट गहरे पानी में बोने के लिये अभी हाल में निकाला गया है। वर्षा पोषित क्षेत्रों के लिये "मक्षेरा–3" नामक एक नये किस्म का धान निकाला गया है।

87—**गेहूं**—"के–68" तथा "के—65" नामक गेहूं की दो किस्में राज्य में विकसित की गई है और सामान्य खतों में काम में लायी गयी है। 1969 में एक नई किस्म "कुन्दन" निकाली गयी है। यह कम अवधि वाली किस्म है। इसमें "ब्राउन रस्ट" नहीं लगता है। इन्डो-मैक्सिकन की संकर किस्मों में से के–803, के—804 तथा के–804–3 उत्साहवर्धक पायी गयी है। पर्वतीय क्षेत्रों के लिये सामान्य गेहूं की वी० एल० 88, वी० एल० 61, तथा वी० एल० 99 किस्में तथा वी० एल० एस० 404 (दो जीन ड्राफ) और बी० एल० यस०—501 (तीन जीन ड्राफ) विवेकानन्द प्रयोगशाला, अल्मोड़ा में विकसित की गयी हैं और उनका अन्तिम रूप से चुनाव किया जा रहा है। वर्षा पर निर्भर रहने वाली दशाओं में "कल्याण सोना", सी-306 तथा के-65 सबसे अधिक अनुकूल सिद्ध हुई है।

88—**जौ**—जौ के जो महत्वपूर्ण किस्में उत्पादन के हेतु दी जा चुकी हैं वे इस प्रकार है—के-24, के-70, सा-251 'बलिया' स्थानीय (लोकल) तथा के-12। वर्ष 1969–70 के दौरान दो नयी किस्में 'अम्बर' तथा 'जोति' उत्पादन के लिये प्रचलित की गई है। 'अम्बर' की सिफारिश वर्षा-पोषित क्षेत्रों के लिये तथा 'ज्योति' की सिंचाई वाले क्षेत्रों के लिये की गयी है। 'ज्योति' आसवन (distilling) के प्रयोजनों के लिये उपयुक्त है।

89—तिलहन—सामान्य कृषि के लिये विकसित तथा अभिस्तावित अपेक्षाकृत अच्छी फसल देने वाली कुछ किस्में इस प्रकार है—

1—मूंगफली टी—19

2—तिल टी—4, टी—12, टी—13

3—रेंडी टी—3, कालपी 6

4—अलसी टी—126, टी–397, हीरा, मुक्ता, नीलम,

5—राई और सरसों टी—1, टी—10, टी–16 व टी–42

90—इसके अतिरिक्त ज्वार बाजरा, फलियों तथा सब्जियों में अधिक अच्छी उपज देने वाली किस्में भी विकसित की गयी है। राज्य में विभिन्न शोध केन्द्रों में गन्ने, जूट, कपास तथा औद्यानिक फसलों के सम्बन्ध में भी शोध कार्य किया जा रहा है।

91—यह प्रस्ताव है कि आर्थिक वनस्पतिज्ञ (फलियां) के अनुभाग के लिये अतिरिक्त प्रयोगशाला सुविधाओं, प्राविधिक कार्मिकों तथा उप केन्द्रों (सब-स्टेशन्स) की व्यवस्था करके उसे सुदृढ़ किया जाय जिससे कि 1971–72 के दौरान अधिक अच्छी फलियों की किस्मों को उत्पन्न करने तथा उन्हें चयन करने के सम्बन्ध में तीव्रता से कार्य किया जा सके। राज्य के संभागीय शोध केन्द्रों को और सज्जित किया जायगा जिससे कि फसल सम्बन्धी प्रविधियों का जिनमें उर्वरक- अनुसूचियां, कीटनाशक दवाइयों की मात्राएं, बारी-बारी से फसल बोना आदि बातें सम्मिलित हैं, का मानकीकरण किया जा सके।

92—परिव्यय—कृषि सम्बन्धी शोध के हेतु चौथी योजना में 139.33 लाख रुपये का परिव्यय है। वर्ष 1969–70 के दौरान 9.41 लाख रुपये की धनराशि व्यय की गई। 1970–71 के लिए 27.97 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था की गई है जिसकी तुलना में 29.14 लाख रुपये के व्यय होने की आशा है। 1971–72 में शोध प्रयासों को और तीव्रता से किया जायगा। इस प्रयोजन के लिए 41.67 लाख रुपये का परिव्यय है।

93—कृषि सम्बन्धी शिक्षा—चौथी पंचवर्षीय योजना में कृषि संबंधी शिक्षा के लिए 279.17 लाख रुपये की धनराशि नियत की गई है। 1969–70 के दौरान 42.66 लाख रुपये की धनराशि व्यय की गई थी। वर्ष 1970–71 के लिये 48.90 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था है जिसकी तुलना में 40.77 लाख रुपये के व्यय होने की संभावना है। 1971–72 के लिए 75.38 लाख रुपये का परिव्यय है। इसमें कृषि विश्वविद्यालय रुद्रपुर के लिए 40 लाख रुपये की धनराशि भी शामिल है।

94—कृषि के डिप्लोमा स्कूलों तथा कृषि कालेजों में कृषि के संबंध में विशेष प्रशिक्षण (Specialized Training) दिया जाता है। कृषि के विषय पर स्नातक तथा स्नातकोत्तर शिक्षा 26 संस्थाओं में दी जाती है जिनमें कृषि विज्ञान संस्थान कानपुर तथा कृषि विश्वविद्यालय, पन्तनगर भी सम्मिलित है। स्नातकों के अध्यापन संबंधी पाठ्यक्रम में गुणात्मक सुधार करने के उद्देश्य से 1969–70 से एक त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम आरम्भ किया गया है।

95—कृषि-शिक्षा के क्षेत्र में खास बात एक ऐसे कृषि विज्ञान संस्थान स्थापित करने की रही है जो कृषि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उच्चतर शिक्षा तथा शोध केंद्र का काम दे सकें। शिक्षा, शोध तथा प्रसार के समस्त कार्यक्रम का समुच्चयन तथा अभिनवीकरण कर दिया गया है जिससे कि वैज्ञानिक कार्मिक कृषि प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगतियों से अवगत हो सकें।

(5)—छोटे किसान तथा खेतिहर मजदूर

96—कृषि के क्षेत्र में चौथी पंचवर्षीय योजना का एक मुख्य उद्देश्य यह है कि छोटे किसान कृषि के विकास में भाग ले सकें और उसके लाभों में उनका भी हिस्सा हो सके। इस उद्देश्य को सामान्य तथा विशिष्ट दोनों तरह के विभिन्न उपायों द्वारा प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। ये सामान्य उपाय बहुत से क्षेत्रों से संबंधित हैं जिनमें लघु सिंचाई, कृषि संबंधी ऋण तथा पशुपालन सम्मिलित हैं। छोटे किसानों की दशा में सुधारने के लिए भारत सरकार ने केंद्रीय क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित विशिष्ट कार्यक्रम आरंभ किये हैं—

कार्यक्रम	प्रायोजनाओं की संख्या	
	भारत	उत्तर प्रदेश
1—छोटे किन्तु संभाव्यत: जीवन-क्षम किसानों के विकास के लिये लघु कृषक विकास अभिकरण)	46	4
2—उपान्त किसानों तथा खेतिहर मजदूरों के लिये प्रायोजनायें ..	40	2
3—बागनी खेती (Dry land farming)	24	3
4—चिरकाल से सूखा-ग्रस्त क्षेत्रों में ग्रामीण निर्माण-कार्य संबंधी श्रम-प्रधान कार्यवाहियां (आयोजनेत्तर) (Rural works Programme)	54	6

लघु कृषक विकास अभिकरण

97—भारत सरकार ने प्रतापगढ़, रायबरेली, बदायूं तथा फतेहपुर के जिलों में छोटे किसानों की उन्नति तथा लाभ के लिये चार लघु कृषक विकास अभिकरण स्थापित किये हैं। प्रत्येक प्रायोजना के लिए राज्य योजना से बाहर 1.5 करोड़ रुपये की धनराशि की व्यवस्था की गई है। इस स्कीम की परिकल्पना इस उद्देश्य से की गई है कि संहत क्षेत्रों में एक हेक्टेयर से तीन हेक्टेयर के बीच की जोतों वाले 50,000 से 60,000 छोटे किसान इसके अन्तर्गत आ जांय। 4 जिलों में इस स्कीम के कार्य क्षेत्रों में छोटे किसानों की पहिचान का कार्य पूरा हो चुका है और भूमि विकास बैंक तथा सहकारी समितियों द्वारा लघु सिंचाई और उर्वरकों तथा कीटा नाशक दवाइयों की खरीद के वास्ते ऋण दिये जा रहे हैं।

उपान्त किसानों तथा खेतिहर मजदूरों की प्रायोजनायें

98—इसके अतिरिक्त उपान्त किसानों तथा खेतिहर मजदूरों के लिए दो प्रायोजनायें भी भारत सरकार द्वारा 1 हेक्टेयर तक की जोतों वाल उपान्त किसानकी सहायता के हेतु बलिया और मथुरा में चलाई गई है। राज्य सरकार ने भारत सरकार से छोटे किसानों के वास्ते 11 प्रायोजनायें तथा उपान्त किसानों और खेतिहर मजदूरों के वास्ते 10 प्रायोजनायें स्वीकृत करने का निवेदन किया है।

बागनी खेती

99—इस कार्यक्रम में चार शोध केंद्रों में बागनी खेती संबंधी शोध कार्य करने की परिकल्पना की गई है जिससे अग्रगामी कार्य प्रायोजनायें संबद्ध की जायेंगी। । वर्ष 1970-71 के दौरान भारत सरकार ने ऐसी एक प्रायोजना झांसी जिले में स्वीकृति की हैं और वर्ष 1971-72 से आगरा तथा गाजीपुर में दो और ऐसी प्रायोजनायें आरंभ की जायगी। झांसी में बागनी खेती की प्रायोजना के वास्ते कुल 6.67 लाख रुपये का परिव्यय है। विभिन्न बागनी संबंधी प्रक्रियाओं के अधीन 2,000 एकड़ क्षेत्र लाने का लक्ष्य है।

ग्रामीण निर्माण-कार्य सम्बन्धी कार्यक्रम

100—भारत सरकार ने 100 प्रतिशत सहायता के आधार पर योजनेतर पक्ष में केंद्रीय पुरोनिधानित स्कीम के रूप में ग्रामीण निर्माण कार्यों का एक नया कार्यक्रम आरंभ किया है। इस स्कीम का उद्देश्य ऐसे स्थायी प्रकार के नागरिक निर्माणकार्य संपादित करना है जो उत्पादन सहायक तथा श्रम प्रधान हों और जिनके कारण सूखे के बुरे प्रभाव से लोगों को स्थायी रूप से राहत मिलने की संभावना हो। भारत सरकार ने इस संबंध में चार वर्ष की अवधि के लिये प्रत्येक जिले के वास्ते 2 करोड़ की धनराशि की व्यवस्था की है जो प्रत्येक जिले के लिये 50 लाख रुपया प्रति वर्ष की दर से है।

101—पहले पहल यह सहायता भारत सरकार द्वारा मिर्जापुर जिले के लिये स्वीकृत की गई थी। अब यह सहायता पांच और जिलों के लिये उपलब्ध हो गई है अर्थात् बांदा, इलाहाबाद, वाराणसी, हमीरपुर तथा जालौन। राज्य सरकार ने भारत सरकार से यह अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम का प्रसार झांसी जिले में भी किया जाय जो कि चिरकाल से एक सूखा प्रभावित क्षेत्र है। राज्य सरकार ने भारत सरकार से निम्नलिखित सूखाग्रस्त जिलों के लिये 7 और प्रायोजनायें स्वीकृत करने का भी निवेदन किया है—

फतेहपुर,
कानपुर,
बलिया,
गाजीपुर,
हरदोई,
बाराबंकी,
प्रतापगढ़।

भूमिहीन मजदूर

102—यह महसूस किया गया है कि भूमिहीन मजदूरों को यदि पशुपालन, कुक्कट पालन, कुटीर उद्योग आदि से संबंधित कार्यक्रम आरंभ करने में समर्थ बना दिया जाय तो वे अपना रोजगार स्वयं चला सकते हैं और मजदूरी पर उनका आश्रय कम की जा सकती है। इस अशक्त वर्ग के लिये उपयुक्त कार्यक्रम की सिफारिश करने के वास्ते राज्य द्वारा एक कार्यकारी दल की स्थापना की गई है जिसमें कृषि, उद्योग, पशुपालन, श्रम, सहकारिता, राजस्व तथा हरिजन और समाज कल्याण विभागों के अधिकारी हैं। इसके रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है।

(6) कृषि में विनियोजन के लिये संस्थात्मक वित्त

103—कृषि क्षेत्र के अधीन संस्थात्मक वित्त प्राप्त करने के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। 1970-71 में 25.17 करोड़ रुपये की धनराशि जिसमें 20.07 करोड़ की लघु सिंचाई कार्यक्रम की धनराशि भी सम्मिलित है, विनियोजन के हेतु उपलब्ध होने की आशा है। 1971-72 के दौरान 41.80 करोड़ रुपये तक का संस्थात्मक वित्त उपलब्ध होने की आशा है। इस धनराशि में 30.50 करोड़ रुपये की धनराशि लघु सिंचाई के हेतु सम्मिलित की गई है। (20 करोड़ रुपये सामान्य कार्यक्रम के अधीन भूमि विकास बैंक द्वारा वितरित किये जायेंगे, 10 करोड़ रुपये कृषि पुनर्वित निगम की स्कीमों के अधीन तथा 0.50 करोड़ रुपये केंद्रीय सरकारी बैंकों द्वारा वितरित किये जायेंगे)। 3.30 करोड़ रुपये की धनराशि कृषि पुनर्वित्त निगम से गोदाम निर्माण के वास्ते और उपलब्ध होने की संभावना है (सहकारिता विभाग—3 करोड़ रुपया, औद्योनिकी—0.20 करोड़ रुपये तथा दुग्ध व्यवसाय 0.10 करोड़ रुपया)। आशा है कि वाणिज्यिक बैंक कृषि क्षेत्र के अन्तर्गत 1 करोड़ रुपये के ऋण-वितरण करने में समर्थ होंगे। सहकारी बैंकों द्वारा कृषि प्रयोजनों के हेतु उपबन्ध किये जाने वाले मध्य कालीन ऋणों का अनुमान 7.5 करोड़ रुपये का लगाया गया है। व्योरे परिशिष्ट 4 में दिये गये हैं।

परिशिष्ट—1

उत्पादन के लक्ष्य

मद	इकाई	चौथी योजना के आधारिक वर्ष का उत्पादन	1969-70 लक्ष्य	1969-70 वास्तविक उपलब्धि	1970-71 लक्ष्य (क्षमता)	1970-71 अनुमानित उपलब्धि (क्षमता)	1971-72 लक्ष्य (क्षमता)	चौथी योजना काल (क्षमता)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1—खाद्यान्न—								
चावल ..	लाख मी०टन	28.83	34.34	33.31	36.00	36.32	38.20	43.00
(2) सहकारी क्रय-विक्रय—सहकारी क्रय-विक्रय सम्बन्धी कार्यक्रम, अर्थात् सहकारी ऋण को क्रय-विक्रय के साथ मिलाने का कार्यक्रम, दूसरी योजना में चालू किया गया था, और तब से वह बराबर चालू है। चौथी योजना के दौरान, वर्तमान समितियों को सशक्त और आत्म-निर्भर बनाने पर जोर दिया जायगा। वर्ष 1968–69 के अंत में 43 शाखाओं सहित 203 सहकारी क्रय-विक्रय समितियां और जूट की एक विशेष वस्तु क्रय-विक्रय समिति (Commodity Marketing Society) राज्य में कार्य कर रही थीं। चौथी योजनाके दौरान, ऐसी 7 समितियां संगठित करने का प्रस्ताव किया गया है। प्रत्येक नयी समिति के लिये 25,000 रु० की व्यवस्था राज्य को ओर से भाग-ग्रहण के रूप में की जायंगी। इस अवधि में 8 वर्तमान समितियों को सशक्त बनाने का प्रस्ताव किया गया है। इस योजना का लक्ष्य यह है कि चुनी हुई अलग-अलग क्रय-विक्रय समिति के स्तर पर मूल्यों में होने वाली घट-बढ़ के लिये एक विशेष कोष (Special Price Fluctuation Fund) स्थापित किया जाय, जिससे कि उन कृषि उपजों की, जो पूरी की पूरी सीधी क्रय कर ली जाती हों, बिक्री में हो सकने वाली हानि को पूरा किया जा सके। चौथी योजना में इस कोष के लिये सरकार के अंशदान के रूप में 30 लाख रुपये की व्यवस्था की गयी है।

(3) चीनी कारखानों से भिन्न सहकारी विधायन—वर्ष 1968–69 के अन्त तक , राज्य में विधायन यूनिटों की कुल संख्या 101 थी, जिनमें से 58 यूनिटें काम कर रही थीं। चौथी योजना के दौरान, शेष यूनिटें भी चालू हो जायंगी और वर्तमान यूनिटों की कार्य परिचालन सम्बन्धी कुशलता बढ़ायी जायेगी। चौथी योजना में ऐसी आठ नयी यूनिटें भी संगठित की जायंगी। चौथी योजना में बुलन्दशहर में सहकारी टेक्सटाइल मिल तथा बदायूं में हाइड्रोजनेशन प्लान्ट में राज्य की अंश-सह भागिता हेतु व्यवस्था भी की गयी है।

(4) सहकारी संग्रहागार—इस स्कीम के अन्तर्गत 200 ग्रामीण गोदाम, 10 संभागीय गोदाम 38 जिला गोदाम तथा 164 व्यापार-केन्द्र गोदाम चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान निर्माण, करने का प्रस्ताव है। संभागीय, जिला तथा व्यापार केन्द्र गोदामों की कुल क्षमता क्रमशः 77,000

1,33,000 तथा 1,23,00 मीट्रिक टन होगी। योजना में केवल 37 1/2 प्रतिशत की व्यवस्था की गयी है जिसे कार्यक्रम के लिए राज सहायता के रूप में दिया जायगा। सहायता का ऋण भाग कृषि पुनर्वित्त निगम से लिये जाने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त 4 नये शीतागारों का भी चौथी योजना में प्रस्ताव है। वर्तमान 9 शीतागारों के लिए अतिरिक्त ऋण की व्यवस्था की जायगी।

(5) ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता वस्तुओं का सहकारी वितरण--1968-69 के अन्त तक ग्रामीण क्षेत्रों में 2.1 करोड़ रुपये के मूल्य की उपभोक्ता-वस्तुएं वितरित की गयी थीं। 1973-74 के अन्त तक ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता वस्तुओं के वितरण-स्तर को बढ़ाकर 2.5 करोड़ रुपये तक करने का प्रस्ताव किया गया है।

(6) नागर उपभोक्ता सहकारी समितियां--यह स्कीम तीसरी योजना के अन्तर्गत आवश्यक वस्तुओं का मूल्य स्थिर करने के उद्देश्य से चालू की गयी थीं। 1968-69 के अन्त में 48 थोक उपभोक्ता संग्रहागार, 1097 प्राथमिक संग्रहागार तथा शाखाएं तथा 5 विभागीय संग्रह गार राज्य में कार्य कर रहे थे। चौथी योजना के दौरान वर्तमान इकाइयों को समेकित किया जायगा और उनकी कार्य प्रणाली में सुधार किया जायगा। इसके अतिरिक्त 20 प्राथमिक संग्रहागार 20 मध्यम आकार के फुटकर बिक्री केन्द्र, 2 विभागीय संग्रहागार तथा 2 उपभोक्ता संग्रहागार विश्वविद्यालयों में भी प्रस्तावित किये गये हैं।

(7) सहकारी कृषि (फार्मिग)--यह स्कीम तीसरी योजना में एक केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित स्कीम के रूप में आरम्भ की गयी थी। अब यह स्कीम राज्य योजना में सम्मिलित कर ली गयी है। 1968-69 के अन्त में इसके अन्तर्गत 1403 कृषि (फार्मिग) समितियां थीं जिनकी कुल सदस्य संख्या 37,336 थी। चौथी योजना के दौरान 100 वर्तमान समितियों को सशक्त बनाया जायगा और 40 नयी समितियां संगठित की जायेंगी। कृषि विकास तथा भूमि-सुधार के निमित्त अतिरिक्त ऋण के अलावा इन समितियों के वास्ते कृषि उत्पादन के प्रयोजनों और कृषि-औद्योगिक कार्यों के हेतु राज्य अंश सहभागिता तथा ऋण की व्यवस्था की जायगी।

(8) अन्य प्रकार की सहकारी समितियां (सहकारी मुद्रणालय)--एक सहकारी मुद्रणालय स्थापित करने के लिए चौथी योजना में 1.12 लाख रुपये की व्यवस्था की गयी है। किन्तु इस स्कीम में अभी कोई व्यय नहीं किया गया है।

(9) सहकारी प्रशिक्षण तथा शिक्षा--इस स्कीम के अधीन गैर-सरकारी सदस्यों तथा अधीनस्थ कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाता है। इस समय 54 परिगामी इकाइयों (peripatetic units) राज्य में गैर-सरकारी व्यक्तियों के प्रशिक्षण के हेतु कार्य कर रही हैं। इनकी संख्या चौथी योजना के दौरान बढ़ा कर 56 कर देने का प्रस्ताव है।

(10) अतिरिक्त विभागीय कर्मचारिवर्ग--इस स्कीम का उद्देश्य सहकारी विकास के विभिन्न कार्यक्रमों का, उदाहरणार्थ अधिक उपज देने वाले कार्यक्रम, संस्थात्मक वित्त, विधायन तथा श्रम सहकारी समितियों का सभी स्तरों पर प्रशासन, पर्यवेक्षण तथा कार्यान्वयन हेतु अतिरिक्त विभागीय कर्मचारिवर्ग की व्यवस्था करना है।

(11) भेषज विकास--इस स्कीम को चौथी योजना में 12 लाख रुपये के परिव्यय पर सम्मिलित किया गया है जिसका उद्देश्य वन्य साधनों से भेषजों के एकत्रीकरण के कार्य में और साथ ही वैज्ञानिक आधार पर औषधीय तथा एरोमैटिक पौधों की विदेशी एवं देशी प्रजातियों की खेती करने में तेजी लाना है। किन्तु इस स्कीम में अभी तक कोई व्यय नहीं किया गया है।

14--केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित स्कीमें--इस क्षेत्र के अन्तर्गत केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित 2 स्कीमें इस प्रकार हैं--कृषि ऋण स्थिरीकरण निधि तथा प्रान्तीय सहकारी फेडरेशन (पी० सी० एफ०)

को उर्वरकों के व्यापार के हेतु दी जाने वाली सीमान्त (Marginal) धनराशि। इन दो स्कीमों के लिए चौथी योजना का कुल परिव्यय 356 लाख रुपये का है। इन दो स्कीमों पर 1969-70 के दौरान कुल 36.50 लाख रुपया व्यय हुआ। गत वर्ष का प्रत्याशित व्यय 62.63 लाख रुपये है और 1971-72 के लिए प्रस्तावित परिव्यय 82 लाख रुपये का है।

15--उद्योग विभाग की स्कीमें--चौथी योजना में सहकारी चीनी मिलों की स्कीम के अन्तर्गत 3 सहकारी चीनी मिलों की स्थापना की परिकल्पना की गयी है। इन्हें इन स्थानों पर स्थापित करने का प्रस्ताव है--(1) हरदुआगंज (अलीगढ़), कायमगंज (फर्रुखाबाद) तथा रसड़ा (बलिया)। इन तीनों मिलों के लिए भारत सरकार से मंतव्य पत्र (लेटर आफ इंटेंट) प्राप्त हो गये हैं और इन मिलों से सम्बन्धित धन संग्रह अभियान जोर पर है। चौथी योजना के दौरान राज्य सरकार को प्रतिमिल 45 लाख रुपया लगाना है। 10 लाख रुपये की धनराशि राज्य सरकार से सहकारी चीनी मिल औराई (वाराणसी) में जो कि अभी निर्माण की अवस्था में है, लगाने की भी अपेक्षा की जायगी। सहकारी चीनी मिलों की स्कीम के लिए 1971-72 के वास्ते प्रस्तावित परिव्यय 40 लाख रुपया है।

16--वित्त विभाग की स्कीमें--सहकारी लेखापरीक्षा संगठन के कर्मचारिवर्ग में विभिन्न स्तरों पर वृद्धि करने की वित्त विभाग की स्कीम का सम्बन्ध मुख्यतया अधिष्ठान कार्य से है और इसके अन्तर्गत किसी क्षेत्रीय कार्यक्रम की परिकल्पना नहीं की गयी है। इस स्कीम के लिए चौथी योजना का परिव्यय 50 लाख रुपया है जिसमें से 8 लाख रुपये की धनराशि 1971-72 के लिए प्रस्तावित की गयी है।

(2) सामुदायिक विकास

सामुदायिक विकास तथा राष्ट्रीय प्रसार सेवा कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं के जरिये सामाजिक तथा आर्थिक विकास की प्रक्रिया का सूत्रपात करने के उद्देश्य से 2 अक्तूबर, 1952 को चालू किया गया था। अक्तूबर, 1963 तक समस्त राज्य में 875 खण्ड कायम किये गये और इस प्रकार पूरे राज्य में जिसमें उत्तराखण्ड भी सम्मिलित है, राष्ट्रीय प्रसार सेवा खण्डों के प्रसार की प्रक्रिया पूरी हो गई। 1967-68 के दौरान अभिनवीकरण की प्रक्रिया अपना कर 198 खण्ड समाप्त कर दिये गये और खण्डों की सीमा-निर्धारण करके एक नये खण्ड की स्थापना की गई। 1968-69 के अन्त में राज्य में कोई भी प्रक्रम 1 खण्ड शेष नहीं थे। चौथी योजना के लिये 1,015.00 लाख रुपये का परिव्यय स्वीकृत किया गया है जिसमें 5 पर्वतीय जिलों के लिये की गई व्यवस्था सम्मिलित है। इस क्षेत्र के अधीन योजना व्यय में धीरे-धीरे कमी हो जायेगी। क्योंकि प्रक्रम 2 के खण्डों को प्रकमोत्तर 2 के खण्डों में परिणत होते जायेंगे।

2--जैसा कि ऊपर इंगित किया गया है, 1969-70 में प्रक्रम 1 वाला कोई खण्ड नहीं था। वर्ष 1969-70 के लिये 280.00 लाख रुपये का परिव्यय स्वीकृत किया गया था किन्तु वर्ष के अन्त तक केवल 209.17 लाख रुपये का उपयोग हो सका। परिणामस्वरूप होने वाली बचतें मध्यम डाल सिंचाई में व्यवर्तित कर दी गई थी।

3--वर्ष 1970-71 के लिये 220.00 लाख रुपये का परिव्यय स्वीकृत किया गया है जिसमें 17.12 लाख रुपये पूंजी व्यय के लिए सम्मिलित है किन्तु वर्ष के अन्त तक 178.12 लाख रुपये की धनराशि का उपयोग हो पाया।

4--वर्ष 1971-72 के लिये 232.03 लाख रुपये का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है जिसमें 38.00 लाख रुपये पूंजी व्यय के लिए तथा 12.03 लाख रुपये 5 पर्वतीय जिलों

के लिये सम्मिलित किये गये हैं। कार्यक्रम के अनुसार परिव्यय का विभाजन नीचे दिया गया है।

(लाख रुपयों में)

क्रo सo	कार्यक्रम			परिव्यय
1	खण्ड मुख्यालय	..	..	135.26
2	कृषि प्रसार	..	..	13.93
3	सिंचाई/खेती योग्य बनाना	..	..	5.98
4	स्वास्थ्य तथा ग्रामीण स्वच्छता	..	..	4.77
5	शिक्षा	..	..	9.00
6	सामाजिक शिक्षा	..	..	4.00
7	संचार	..	..	8.76
8	ग्रामीण शिल्प उद्योग	..	..	0.30
9	भवनों का निर्माण	..	..	37.90
10	ऋण तथा अग्रिम	..	..	0.10
11	पांच पर्वतीय जिलों के लिए व्यवस्था	..	..	12.03
12	उत्तराखण्ड के लिए व्यवस्था	..	..	--
		योग	..	235.03

5--चूंकि खण्डों में सामुदायिक विकास स्कीमों के अन्तर्गत कृषि, पशुपालन, सहकारिता, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि विभिन्न विभागों के कार्यकलाप सम्मिलित हैं, इसलिये इन मदों के अधीन भौतिक लक्ष्य क्षेत्रीय योजनाओं में अलग से दिखलाये गये हैं।

6--प्रशिक्षणार्थ आरक्षण--चौथी योजना में 15.00 लाख रुपये का परिव्यय सामुदायिक विकास क्षेत्र में खण्ड विकास अधिकारियों और सहायक विकास अधिकारियों का प्रशिक्षणार्थ आरक्षित धनराशि के रूप में स्वीकृत किया गया है। इसमें से वर्ष 1969-70 के लिए 3.00 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था की गई थी, परन्तु वास्तविक व्यय 1.56 लाख रुपये ही हुआ। दूसरे 3.00 लाख रुपये की व्यवस्था वर्ष 1970-71 में भी की गई है और यह प्रत्याशा की जाती है कि वर्ष के अन्त तक सम्पूर्ण धनराशि का उपयोग कर लिया गया होगा। वर्ष 1971-72 के लिये 3.00 लाख रुपये का परिव्यय स्वीकृत किया गया है।

(3) पंचायती राज

7--पंचायत राज स्कीमों के लिए चौथी योजना का परिव्यय 100 लाख रुपये है। वर्ष 1969-70 के लिये 20.00 लाख रु० की योजनागत व्यवस्था थी, जिसमें से केवल 17.53 लाख रुपये उपयोग में लाये गये। वर्ष 1970-71 के लिये 33.39 लाख रुपये की धनराशि बजट में सम्मिलित की गई थी। किन्तु वर्ष के अन्त तक केवल 30.33 लाख रुपये का उपयोग हो सका। वर्ष 1971-72 के लिये 35.00 लाख रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त 1.61 लाख रुपये का परिव्यय पांच पर्वतीय जिलों के लिये भी निर्धारित किया गया है। इस प्रकार, कुल परिव्यय 37.00 लाख रुपये होता है।

8--इस क्षेत्र में सम्मिलित की गई स्कीमों में से एक महत्वपूर्ण स्कीम "गांव सभाओं को उत्पादक परिसम्पत्ति के विकास एवं सृजन के लिये ऋण" है। चौथी योजनावधि के दौरान लगभग

570 गांव सभाओं को 26.92 लाख रुपय ऋण दिय जायेंगे और इन ऋणों का उचित रूप से लेखा रखने वाले कर्मचारीवर्ग पर 1.64 लाख रुपये के राजस्व व्यय का अनुमान था। इस प्रकार इस स्कीम पर कुल परिव्यय 28.56 लाख रुपये रखा गया है।

9—वर्ष 1969-70 के दौरान 220 गांव सभाओं को 14.30 लाख रुपये की धनराशि ऋण के रूप में वितरित की गयी। कर्मचारीवर्ग आदि पर होने वाले राजस्व व्यय को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष के दौरान कुल 14.29 लाख रुपये का व्यय हुआ। वर्ष 1970-71 के लिये 182 गांव सभाओं को ऋण वितरण के लिये बजट में 9.22 लाख रुपये की व्यवस्था की गयी है, जिसमें 0.12 लाख रु० का राजस्व व्यय भी सम्मिलित है। वर्ष 1971-72 के लिए पांच पर्वतीय जिलों के लिये 0.25 लाख रु० की धनराशि को शामिल करते हुए, 6.88 लाख रुपये का परिव्यय सम्मिलित किया गया हैं। इस परिव्यय में से 6.73 लाख रुपये की धनराशि इस वर्ष के दौरान 187 गांव सभाओं को ऋण के रूप में वितरित करने का कार्यक्रम है।

10—पंचायत सेक्रेटरियों का प्रशिक्षण—पंचायत सेक्रेटरियों की दक्षता को बनाये रखने के उद्देश्य से चौथी योजना के दौरान इस स्कीम को पुन: चालू करना आवश्यक समझा गया है। चौथी योजना अवधि के दौरान, लगभग 1,000 नवनियुक्त पंचायत सक्रेटरियों को प्रशिक्षण दिया जायगा। यह प्रशिक्षण छ: मास का संस्थागत तथा तीन मास का क्षेत्रीय प्रशिक्षण होगा। चौथी योजना के प्रत्येक वर्ष के दौरान 200 पंचायत सेक्रेटरियों (मंत्रियों) को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। वर्ष 1969-70 के दौरान, लगभग 192 पंचायत सेक्रेटरियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें 0.66 लाख रुपये का व्यय हुआ। वर्ष 1970-71 के लिये 0.77 लाख रुपये के परिव्यय की व्यवस्था की गयी थी और वर्ष के दौरान 220 पंचायत सेक्रेटरी प्रशिक्षित किये गयें। वर्ष 1971-72 के लिए 186 पंचायत सेक्रेटरियों को प्रशिक्षण देने के लिये 1.98 लाख रुपये का परिव्यय स्वीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त वर्तमान पंचायत सेक्रेटरियों को 2 मास का नवीकरण प्रशिक्षण (रिफेसर ट्रेनिंग) देना भी आवश्यक जान पड़ता है। इस प्रशिक्षण द्वारा वे अपने कर्त्तव्य अपेक्षाकृत अधिक दक्षतापूर्वक सम्पन्न कर सकेंगे। अतएव, 160 प्रशिक्षार्थियों के लिये इस प्रकार का पहला पाठ्यक्रम जनवरी, 1971 से आरम्भ किया गया। इसमें वर्ष 1970-71 के दौरान 0.24 लाख रुपये का व्यय हुआ। वर्ष 1971-72 के दौरान 800 पंचायत सेक्रेटरियों को प्रशिक्षण देन का कार्यक्रम है, जिसमें 2.03 लाख रुपये व्यय होंगे। इस धनराशि में पांच पर्वतीय जिलों के लिये की गयी 0.10 लाख रुपये की व्यवस्था सम्मिलित है।

11—जिला स्तर पर पंचायती प्रशासन को सुदृढ़ बनाना—जिला स्तर पर पंचायतों से सम्बन्धित कार्य मुख्यत: जिला पंचायतराज अधिकारी देखते हैं। इन अधिकारियों का वेतन-मान जिला स्तर के अधिकारियों के समूह में सब से कम है। इन अधिकारियों की पदोन्नति की संभावनायें नहीं हैं। जिला पंचायतराज अधिकारियों संवर्ग (काडर) के लिये पदोन्नति के अवसरों की व्यवस्था करने तथा इस संवर्ग के भावी प्रवेशार्थियों की हैसियत में सुधार करने के उद्देश्य से कम से कम 33 प्रतिशत पदों को प्रवरण श्रेणी (सेलेक्शन ग्रेड) में रखने का प्रस्ताव है। जिला पंचायती राज अधिकारियों के 54 पद हैं। तदनुसार, 18 जिला पंचायतीराज अधिकारियों के पदों को प्रवरण श्रेणी में रखने का प्रस्ताव है। चौथी योजना में इस स्कीम के लिए 8.48 लाख रुपये का परिव्यय सम्मिलित कर लिया गया है। तथापि, वर्ष 1969-70 के दौरान इस स्कीम को अन्तिम रूप नहीं दिया जा सका। वर्ष 1970-71 के दौरान, 7 पदों का 250-750 रुपये के वेतनमान में उन्नयन किया गया था, लेकिन अधिकारियों के चयन तथा उनकी नियुक्ति में देर होने के कारण केवल 0.15 लाख रुपये का व्यय हो सका। 0.64 लाख रुपये के परिव्यय द्वारा वर्ष 1971-72 में शेष पदों का, जिन्हें मिलाकर कुल 18 पद हो जात हैं, उन्नयन करने का विचार है।

12—पंचायतीराज संस्थाओं को सुदृढ़ बनाना—गांव पंचायतों की निर्बल आर्थिक स्थिति के अतिरिक्त, इन निकायों के सफलतापूर्वक कार्य करने के मार्ग में दूसरी गम्भीर बाधा पंचायत सेक्रेटरी

का स्तर (क्वालिटी) है, जिसे यद्यपि सबसे कम वेतन दिया जाता है तथापि पंचायतीराज ढांचे का सब से महत्वपूर्ण ग्रामीण कार्यकर्त्ता है। अतएव, यह आवश्यक समझा गया कि 20 प्रतिशत पदों का प्रतिवर्ष उन्नयन करते हुए पंचायत सेक्रेटरियों का वेतनमान 50–75 रुपये से बढ़ा कर 75–115 रुपये तथा मासिक महंगाई-भत्ते को 12.50 रुपये से बढ़ाकर 37.50 रुपये कर दिया जाय। इस स्कीम के लिये कुल चौथी योजना का कुल परिव्यय लगभग 57.59 लाख रुपये होगा। वर्ष 1969-70 के दौरान 2.56 लाख की धनराशि व्यय की गयी थी। वर्ष 1970-71 के लिये 6.40 लाख रुपये का परिव्यय मूलतः स्वीकृत किया गया था। किन्तु पंचायत सेक्रेटरियों के 80 प्रतिशत पदों के उन्नयन के कारण होने वाले अतिरिक्त व्यय को ध्यान में रखते हुए बजट में 22.81 लाख रुपये की व्यवस्था की गयी है। जिसमें से 20.23 लाख रु० का उपयोग हुआ। इसी कारण वर्ष 1971-72 के लिये 27.50 रु० का परिव्यय निर्धारित किया गया है। पांच पर्वतीय जिलों में व्यय के हेतु 1.26 लाख रुपये की धनराशि सम्मिलित है।

मद–3. सहकारिता तथा सामुदायिक विकास

वर्ग–3.1. सहकारिता

(लाख रुपयों में)

संकेत संख्या	परियोजना	चौथी योजना परिव्यय 1969–74			1969–70 संभावित व्यय	1970–71			1971–72		
		कुल	पूंजी	विदेशी मुद्रा		स्वीकृत परिव्यय	आय-व्ययक प्राविधान	अनुमानित व्यय	कुल	पूंजी	विदेशी मुद्रा
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
	सहकारिता विभाग										
310101	सहकारी ऋण तथा बैंकिंग ..	295.82	12.25	..	15.13	17.16	17.16	9.73	20.15	..	..
310102	सहकारी क्रय-विक्रय, विधेयक तथा संग्रहण ..	334.99	150.17	..	8.45	24.58	24.58	23.51	52.35	31.55	..
310103	सहकारी कृषि ..	19.63	17·53	..	0.77	0.62	0.62	0.36	1.41	1.05	..
310104	सहकारी प्रशिक्षण तथा शिक्षा प्रसार ..	59.11	..	..	4.23	4.81	4.81	4.32	5.22	..	.
310105	सहकारी छापाखाना ..	1.12	1.00	..	..	..	..	..	..	..	..
310106	सहकारी उपभोक्ता भंडारों की विशेष योजना ..	47.33	39.00	..	3.32	4.13	4.13	2.83	17.51	14.35	..
310107	औषधि विकास योजना ..	12.00	5.00	..	..	..	..	..	2.06	0.76	..
310108	अतिरिक्त विभागीय कर्मचारी वर्ग ..	30.00	..	..	0.01	8.70	8.70	0.69	11.70	.	

	सहकारी समितियों में शेयर हिस्से लेना ..	200.00	200.00	..	..	..	..	102 08	175 00	175.00	..
		1,000.00	424.95	..	31.91	60.00	60.00	143.52	285.40	222.71	..
	<u>उद्योग विभाग</u>										
310201	सहकारी चीनी मिलों की स्थापना ..	50.00	50.00	..	10.00	20.00	20.00	30.00	40.00	40.00	..
	<u>वित्त विभाग</u>										
310301	विभिन्न स्तरों पर सहकारी लेखा परीक्षा संगठन के कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि ..	50.00	..	..	3.71	4.89	4.89	5.31	8.00	..	..
	योग, 3'1. सहकारिता	**1,100.00**	**474.95**	**..**	**45.62**	**84.89**	**84.89**	**178.83**	**333.40**	**262.71**	**..**

मद—3. सहकारिता तथा सामुदायिक विकास

वर्ग—3.2. सामुदायिक विकास

(लाख रुपयों में)

संकेत संख्या	परियोजना	चौथी योजना परिव्यय कुल	पूंजी	विदेशी मुद्रा	1969-70 वास्तविक व्यय	1970-71 स्वीकृत परिव्यय	आय-व्ययक प्राविधान	अनुमानित व्यय	1971-72 (परिव्यय) कुल	पूंजी	विदेशी मुद्रा
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
	(1) सामुदायिक विकास—										
320101	सामुदायिक विकास योजना	1,000.00	81.95	..	209.17	220.00	219.23	178.13	232.03	38.00	..
	(2) अन्य (प्रशिक्षण योजनायें)—										
320201	प्रशिक्षण आरक्षण ..	15.00	..	..	1.56	3.00	3.00	3.00	3.00	..	..
	योग, 3.2. सामुदायिक विकास	**1,015.00**	**81.95**	..	**210.73**	**223.00**	**222.23**	**181.13**	**235.03**	**38.00**	..

मद—3 सहकारिता तथा सामुदायिक विकास

वर्ग—3. पंचायत

संकेत संख्या	परियोजना	चौथी योजना परिव्यय कुल	पूंजी	विदेशी मुद्रा	1969-70 वास्तविक व्यय	1970-71 स्वीकृत परिव्यय	आय-व्ययक प्राविधान	अनुमानित व्यय	1971-72 (परिव्यय) कुल	पूंजी	विदेशी मुद्रा
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
330101	गांव सभाओं को उत्पादक परिसंपत्ति के विकास एवं सृजन के लिये ऋण ..	28.56	26.92	..	14.30	9 22	9.22	9.21	6.88	6.73	..
330102	पंचायत मंत्रियों का प्रशिक्षण	5.36	..	..	0.66	0.77	1.36	0 74	1.98	.	..
330103	जिला स्तर पर पंचायतीराज प्रशासन को सुदृढ़ बनाना ..	8.48	..	..	..	1.61	..	0.15	0.64	..	.
330104	पंचायत संस्थाओं को सुदृढ़ बनाना	57.59	..	..	2.58	10.78	22.81	20.23	27.50	..	..
330105	पंचायत संस्थाओं को प्रोत्साहन देना	0.01	..	..	..	..	..	..	..	..	..
330106	पंचायती राज वित्त निगम की स्थापना	0.001	..	..	..	..	..	..	..	..	..
330107	पंचायत मंत्रियों के लिये रिफेशर कोर्स ..	..	..	..	..	..	..	..	..	..	..
	पांच पर्वतीय जिले ..	..	..	..	..	..	..	..	0.01	..	..
	उत्तराखंड ..	..	..	..	..	..	..	..	..	..	
	योग, 3.3. पंचायत ..	**100.00**	**26.92**	..	**17.54**	**22.38**	**33.39**	**30.33**	**37.00**	**6.73**	

10

सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण

(1) सिंचाई

राज्य की चौथी पंचवर्षीय योजना में वृहत् एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के लिए 90.00 करोड़ रुपये का परिव्यय नियत किया गया था। वर्ष 1969-70 में 22.24 करोड़ रु० की धनराशि का उपयोग किया गया। वर्ष 1970-71 में 22.07 करोड़ रुपये का उपयोग हो जाने की प्रत्याशा की जाती है। वर्ष 1971-72 के लिए, 30.22 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है। इसमें पांच पर्वतीय जिलों के लिए 22 लाख रुपये की धनराशि सम्मिलित है। इस प्रकार, पहले तीन वर्षों में, 74.53 करोड़ रुपये के परिव्यय का उपयोग कर लिया जायगा, जो कि चौथी योजना के परिव्यय का 83 प्रतिशत है। यह अपेक्षाकृत अधिक उपयोग रामगंगा और गंडक प्रायोजनाओं के लिए अधिक धनराशि नियत किये जाने के कारण है। श्रमिकों तथा सामग्री के व्यय में वृद्धि हो जाने के कारण भी अपेक्षाकृत अधिक धनराशि का उपयोग हुआ है। प्राय: प्रत्येक प्रायोजना की अनुमानित लागत पुनरीक्षित की जा चुकी है अथवा पुनरीक्षित की जा रही है। यदि परिव्यय की अधिकतम धनराशि की सीमा नहीं बढ़ाई जाती तो इसके कारण चौथी योजना के भौतिक लक्ष्य भी प्रभावित होंगे। वर्गवार परिव्यय के उपयोग का विवरण निम्न प्रकार है:

(लाख रुपयों में)

वर्ग	चौथी योजना का परिव्यय	1969-70 वास्तविक व्यय	1970-71 अनुमानित व्यय	1971-72 परिव्यय
1	2	3	4	5
क—वृहत् सिंचाई परियोजनायें—				
1—चालू परियोजनायें—				
(क) नैमित्तिक परियोजनायें—				
रामगंगा परियोजना ..	2,277	901	1,109	1,200
गंडक परियोजना ..	1,262	636	300	400
योग क, ..	3,539	15,37	1,409	1,600
(ख) अ-नैमित्तिक परियोजनायें ..	2,950	305	431	988
योग, (क+ख) ..	6,489	1,842	1,840	2,588
2—नई परियोजनायें ..	99	..	..	50
योग, (1+2)	6,588	1,842	1,840	2,638

(लाख रुपयों में)

वर्ग	चौथी योजना का परिव्यय	1969-70 वास्तविक व्यय	1970-71 अनुमानित व्यय	1971-72 परिव्यय
1	2	3	4	5
ख--मध्यम सिंचाई परियोजनायें:—				
1--1968-69 से चालू परियोजनायें	1136	315	315	304
2--1969-71 के दौरान आरम्भ की गयी परियोजनायें ..	128	41	39	20
3--1971-72 के दौरान आरंभ किये जाने के लिये प्रस्तावित परियोजनायें ..	171	..	..	25
4--चौथी योजना में सम्मिलित किन्तु कार्यान्वित नहीं की गयी परियोजनायें ..	829	..	..	..
योग, ख ..	2,264	356	354	349
ग--अनुसंधान तथा शोध ..	148	26	13	35
योग, क+ख+ग ..	9,000	2,224	2,207	3,022

नैमित्तिक प्रायोजनायें

2--रामगंगा--सिंचाई क्षेत्र के अधीन रामगंगा प्रायोजना पर अनुमानित लागत अनन्तिम रूप से 95.71 करोड़ रुपये रखी गयी है। इसमें से 10.00 करोड़ रुपये ऐसी अवशिष्ट मशीनरी के मूल्य की अदायगी पर व्यय होने की संभावना है जो अन्य प्रायोजनाओं के लिए काम में लायी जाने के लिए उपलब्ध होगी। वर्ष 1968-69 तक 45.41 करोड़ रुपये का उपयोग किया जा चुका है। इस प्रकार, इस प्रायोजना को पूरा करने के लिए चौथी योजना के दौरान 50.30 करोड़ रुपये अपेक्षित होंगे। चौथी योजना में केवल 22.77 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। समय सूची के अनुसार इस प्रायोजना को पूरा करने के लिए अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता आवश्यक होगी। वर्ष 1969-70 के दौरान 6 करोड़ रुपये के स्थान पर 9.01 करोड़ रुपये की धनराशि काम में लायी गयी। वर्ष 1970-71 के दौरान यह प्रत्याशा की जाती है कि 11.09 करोड़ रुपयों का उपयोग होगा जबकि स्वीकृत परिव्यय 8 करोड़ रुपये है। इस प्रकार पहले दो वर्षों में 20.10 करोड़ रुपयों के उपयोग किये जाने की उम्मीद है। वर्ष 1971-72 के लिए 12 करोड़ रुपयों का परिव्यय रखा गया है।

3--प्रायोजना से संबंधित डाइवर्शन टनेल पूरे किये जा चुके हैं। मुख्य बांध का पहला प्रक्रम जो कि प्रायोजना का सबसे कठिन कार्य था, सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। 1971-72 के दौरान मुख्य बांध तथा उपस्रोत उत्सव मार्ग (Chute Spillway) पोषक नहरों (फीडर चैनल) तथा वितरण प्रणाली के सम्बन्ध में किये जाने वाले अवशेष निमाण-कार्य को आगे बढ़ाना है जिससे कि चौथी योजना के अन्त तक प्रायोजना की सभी विभिन्न इकाइयों का काम एक साथ पूरा किया जा सके।

4--गंडक नहर--अनुमान लगाया गया है कि गंडक नहर प्रायोजना पर उत्तर प्रदेश को 39.03 करोड़ रुपये व्यय करने होंगे, जिसमें से 19.50 करोड़ रुपये 1968-69 के अन्त तक व्यय किये जा चुके हैं। चौथी योजना के दौरान इस प्रायोजना को पूरा करने के लिए 19.53 करोड़ रुपये की व्यवस्था करना परमावश्यक है, परन्तु चौथी योजना में केवल 12.62 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। 1969-70 के दौरान इस प्रायोजना पर 6.36 करोड़ रुपये व्यय किये गये थे। वर्ष 1970-71 में 3 करोड़ रुपयों के व्यय किये जाने की उम्मीद की जाती है। प्रायोजना की निर्माण संबंधी समय सूची के अनुसार 1971-72 में 7.80 करोड़ रुपये अपेक्षित है। इस धनराशि में से 4 करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश की वितरण प्रणाली पर व्यय किये जायेंगे और 3.80 करोड़ रुपये की अवशेष धनराशि मुख्य नहर तथा उत्तर प्रदेश, बिहार और नैपाल को समान लाभ देने वाले अन्य निर्माण-कार्यों पर व्यय की जायगी। यह राज्य समान हित के निर्माण-कार्यों पर होने वाले अपने परि-व्यय के अंश से अधिक व्यय कर चुका है। उत्तर प्रदेश द्वारा 1969-70 के अन्त तक इन निर्माण-कार्यों पर किया गया व्यय 17.14 करोड़ रुपये था, जब कि व्यय की जाने वाली धनराशि में से इस प्रदेश का भाग 14.90 करोड़ रुपये है। अतएव, यह आवश्यक है कि नैपाल को लाभ पहुंचाने वाले निर्माण-कार्यों के लिये होने वाले उस अल्प व्यय सहित, जो भारत सरकार के नामें लिखे जाने योग्य हो, समान हित के लिए किये जाने वाले निर्माण-कार्यों के कम से कम आगे के व्यय की पूर्ति पूरी तरह बिहार सरकार द्वारा की जाय। इस आधार पर 1971-72 के लिए इस प्रायोजना के हेतु 4 करोड़ रुपयों का प्रस्ताव है। 3.80 करोड़ रुपये की अन्य धनराशि बिहार सरकार से मिलनी अपेक्षित होगी। इस प्रकार, चौथी योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान, इस राज्य द्वारा अपने व्यय अंश में से 13.36 करोड़ रुपया काम में लगाने का प्रस्ताव है।

अ—नैमित्तिक चालू वृहत् प्रायोजनायें

5--शारदा सागर चरण 1 और 2 तथा माताटीला प्रायोजनाओं के अन्तर्गत जो थोड़े से साधारण समायोजन किये जाने हैं जिनके अतिरिक्त एकमात्र बड़ी परियोजना जो कार्यान्वित होने को शष है, वह है सहायक प्रायोजना (Project Assist)। सहायक प्रायोजना का प्रथम चरण 64.84 करोड़ रुपये के लागत पर स्वीकृत किया गया है जिसमें से 0.40 करोड़ रुपया, वर्ष 1968-69 के दौरान खर्च किया गया। इस प्रायोजना के महत्व को भारत सरकार भलीभांति समझती है। राज्य सरकार भी इसे चौथी योजना के अन्त तक पूरा कर देना चाहती है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए, चौथी योजनावधि में 64.44 करोड़ रुपये की व्यवस्था करना आवश्यक है किन्तु, राज्य की चौथी योजना में केवल 29.50 करोड़ रुपये की व्यवस्था है। इसलिये भारत सरकार से इस प्रायोजना के लिये अतिरिक्त सहायता की व्यवस्था करने के लिये अनुरोध किया गया है।

6--वर्ष 1969-70 के दौरान सहायक प्रायोजना पर 2.98 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया था। वर्ष 1970-71 में और 4 करोड़ रुपये के उपयोग कर लिये जाने की आशा की जाती है। इस प्रायोजना को वर्ष 1973-74 तक पूरा कर लेने के उद्देश्य से, राज्य सरकार द्वारा वर्ष 1971-72 की वार्षिक योजना में 9.38 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। इस प्रकार प्रथम तीन वर्षों में 16.36 करोड़ रुपये का उपयोग हो जायेगा। उसके बाद दो वर्षों में प्रायोजना को पूरा करने के लिये 48.38 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। चालू वर्ष से ही उसके निष्पादन की गति तेज कर देना अच्छा होगा। यह तभी संभव हो सकता है जब अतिरिक्त संसाधान उपलब्ध हो जाय। सम्पूर्ण हो जाने पर इस प्रायोजना से राज्य के पिछड़े हुये संभाग में 6.2 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को लाभ पहुंचेगा।

7--सहायक प्रायोजना के अतिरिक्त, राज्य सरकार का विचार सारदा सागर प्रायोजना पर मरम्मत आदि का काम हाथ में लेने का है। इस बांध पर लगभग 485 लाख रुपये की लागत से निर्माण-कार्य करना पड़ेगा। राज्य सरकार 1970-71 के दौरान इन मरम्मतों का कार्य आरम्भ

कर देने का प्रस्ताव करती है और 1971-72 के दौरान मरम्मत कार्य को तेजी से करना चाहती है जिसके लिये 50 लाख रुपये की धनराशि का प्रस्ताव किया गया है ।

नयी वृहत् सिंचाई परियोजनायें

8—चौथी योजनावधि के अन्त तक उन सभी तीन बड़ी वृहत् योजनाओं को जो पहले से चली आ रही है, पूरा करने के लिए सभी प्रयास किये जा रहे हैं। सिंचाई की बड़ी प्रायोजनाओं तथा बहुउद्देशीय प्रायोजनाओं से प्रतिफल प्राप्त हो सकने की अवधि 8 से 10 वर्ष तक है। अतः यदि कुछ नई प्रायाजनाओं पर, वर्ष 1971-72 के दौरान, वस्तुतः काम शुरू नहीं कर दिया जाता तो पांचवीं योजना के अन्त तक भी उनसे लाभ मिलने की संभावना नहीं है। यह स्पष्ट है कि कृषि उत्पादन के लक्ष्य को पूरा करने के लिये सिंचाई क्षमता तथा बिजली में पर्याप्त वृद्धि वर्ष प्रति वर्ष क्रमिक रूप से करायी जानी चाहिये। इस उद्देश्य को ध्यान में रख कर, राज्य सरकार टेहरी बांध प्रायोजना पर कार्य आरम्भ कर दिया है ।

1968-69 से चली आ रही मध्यम प्रायोजनाएं—

9—वर्ष 1968-69 से चली आ रही मध्यम परियोजनाओं पर 1969-70 के दौरान किये गये व्यय, 1970-71 के लिये प्रत्याशित व्यय और 1971-72 के लिये प्रस्तावित परिव्यय के ब्यौरे नीचे दिये जाते हैं :—

(लाख रुपयों में)

प्रायोजना	अनुमानित लागत	1969-70 तक व्यय	1970-71 के दौरान प्रत्याशित व्यय	1971-72 के लिये प्रस्तावित व्यय	1971-72 के बाद अपेक्षित शेष धनराशि
1	2	3	4	5	6
नानक सागर (मरम्मत)	261.08	137.22	40.00	50.50	33.36
जामनी बांध ..	411.49	251.06	75.00	60.00	25.43
चन्द्रावल बांध ..	122.50	77.95	17.00	10.00	17.55
हरिपुरा जलाशय ..	481.75	142.96	73.00	66.50	199.20
कोसी सिंचाई योजना	288.00	11.86	21.00	66.80	189.34
डलमऊ पम्प नहर ..	164.00	130.54	17.00	..	16.46
भूपौली पम्प नहर ..	106.00	88.00	5.00	..	13.00
जमनिया पम्प नहर	118.00	94.01	13.00	..	10.99
पूर्वी यमना नहर के शीर्ष पर निर्माण-कार्य	60.00	(-)1.02	..	..	..
टोंस पम्प नहर ..	175.00	60.99	36.00	50.00	28.01
अन्य परियोजनायें	..	(-)3.51	18.00	..	..

डलमऊ पम्प नहर, भोपौली पम्प नहर और जमनिया पम्प नहर की योजनाएं तब से पूरी हो गयी हैं और इनके लिए और धनराशि की आवश्यकता नहीं है। चन्द्रावल बांध की परियोजना को पूरा करने के लिये भी प्रयास किये जा रहे हैं। नानक सागर (मरम्मत), जामनी बांध और टोंस पम्प नहर की परियोजनायें 1972–73 तक पूरी हो जाने की आशा की जाती है। पूर्वी यमुना नहर के शीर्ष पर किया जाने वाला निर्माण-कार्य छोड़ दिया गया है। इस प्रकार केवल दो परियोजनायें रह जाती हैं, अर्थात् हरीपुरा जलाशय और कोसी सिचाई योजना जिन्हें पूरा करना है। इन दोनों परियोजनाओं को चौथी योजना के अन्त तक पूरा कर देने के लिये प्रत्येक प्रयास किया जायेगा।

1969–71 के दौरान चालू की गयी मध्यम परियोजनाएं

10—चौथी योजना के प्रथम दो वर्षों में, तीन नई परियोजनायें चालू की गयी। इन योजनाओं के व्योरे नीचे सारिणी में दिये जाते हैं :—

(लाख रुपयों में)

योजना		अनुमानित व्यय	1969–70 व्यय	1970–71 प्रत्याशित व्यय	1971–72 परिव्यय
1		2	3	4	5
1—केन नहर का पुन:निर्माण	..	48.00	0.99	2.00	5.00
2—नारायनपुर पम्प नहर	..	105.00	39.74	32.00	5.00
3—दोहरीधाट पम्प नहर की क्षमता बढ़ाना	..	35.15	..	5.00	10.00

नारायनपुर पम्प नहर योजना को 1970–71 में पूरा कर देने का प्रस्ताव है और शेष दो परियोजनायें चौथी योजनावधि के दौरान पूरी कर दी जायेंगी।

नई मध्यम परियोजनाएं जिन्हें 1971–72 के दौरान चालू करने का प्रस्ताव है

11—1971–72 के दौरान 3 नई मध्यम सिंचाई परियोजनाओं को चालू करने का प्रस्ताव है। वे इस प्रकार हैं :—

(लाख रुपयों में)

योजना			अनुमानित लागत	1971–72 के लिये परिव्यय
1			2	3
1—भीमगोडा हेडवर्क्स का पुनर्निर्माण	..	..	258.00	5.00
3—शाहजहांपुर शाखा (पूर्व बैंगुल जलाशय) को क्षमता बढ़ाना		..	36.00	10.00
3—अडवा बांध	..	..	300.00	10.00

शाहजहांपुर शाखा (पूर्वी बैंगुल जलाशय की क्षमता बढ़ाने की परियोजना पर कार्य चौथी योजना अवधि में पूरा किया जायेगा।

12—निम्नलिखित सारणी में वृहत् एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं से सृजित सिंचन क्षमता तथा उपयोग से सम्बन्धित स्थिति दी गयी है:—

(लाख हेक्टेयर)

अवधि	क्षमता	उपयोग	प्रतिशत
1	2	3	4
योजना से पूर्व	25.53	25.18	99.6
प्रथम योजना के अन्त तक	28.83	26.57	92
द्वितीय योजना के अन्त तक	31.54	29.76	94
तृतीय योजना के अन्त तक	35.11	33.41	95
1968-69 के अन्त तक	36.07	35.21	98
1969-70 के अन्त तक	36.83	35.61	97
1970-71 के अन्त तक (अनुमानित) ..	37.62	36.24	96
1971-72 के अन्त तक (नियोजित) ..	39.05	37.13	95
1973-74 के अन्त तक (प्रत्याशित) ..	46.28	40.55	88

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि उपयोग सम्बन्धी प्रतिशत बराबर लगभग 95 प्रतिशत पर बना हुआ है। चौथी योजना के अन्त तक उपयोग सम्बन्धी प्रतिशत घट जायेगा जिसका कारण यह है कि रामगंगा और गंडक प्रायोजनाओं की क्षमता का उपयोग पूरी तौर पर पांचवीं योजना के दौरान ही और संभवत: उसके बाद ही किया जायगा। इसी प्रकार कुछ मध्यम योजनाओं, जैसे जामनी बांध, हरीपुरा जलाशय, कोसी सिंचाई और डलमऊ, भोपौली, जमीनियां, टोंस, नरायणपुर, आदि पम्प नहर योजनाओं द्वारा सृजित क्षमता का पूरा उपयोग पांचवीं योजना में ही किया जायगा। अत: सृजित क्षमता तथा उसके उपयोग के बीच का अन्तर अपरिहार्य है। किन्तु खेत की नालियों आदि का निर्माण करके यह प्रयास किया जा रहा है कि उक्त अन्तर यथासंभव न्यूनतम हो जाय।

सर्वेक्षण तथा अनुसन्धान

13—निम्नलिखित प्रायोजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत प्रायोजना रिपोर्ट अन्तिम रूप से तैयार कर ली गयी है :—

1—अडवा बांध,

2—किशनपुर पम्प नहर

3—रामनगर पम्प नहर

4—श्रृंगवेरपुर पम्प नहर

5—नरेन्द्रपुर पम्प नहर

6—राजघाट बांध (सिंचाई का भाग)

7—सिरसी बरौधा फीडर नहर।

14—इस समय 20 प्रायोजनाओं का, जिसमें दो बहुधन्धी प्रायोजनायें भी हैं, अनुसन्धान किया जा रहा है। वाराणसी जिले के लिये मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया है। राज्य के लिये सिंचाई सम्बन्धी मास्टर प्लान बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। राज्य के विभिन्न नदी क्षेत्रों में उपलब्ध पानी संसाधनों का मूल्यांकन करने के लिये जल विज्ञान (हाइड्रोलाजिकल) सम्बन्धी अध्ययन किया जा रहा है। प्रगति की गति बढ़ाने के उद्देश्य से सर्वेक्षण तथा अनुसन्धान का संगठन सुदृढ़ किया जा रहा है।

(2) बाढ़ नियंत्रण

15—चौथी योजना में बाढ़ नियंत्रण सम्बन्धी योजनाओं के लिए 8 करोड़ रुपये के परिव्यय की व्यवस्था की गयी है। वर्ष 1969-70 में, 1.13 करोड़ रु० का व्यय किया गया था। वर्ष 1970-71 में आशा की जाती है कि 1.79 करोड़ रुपये का उपयोग कर लिया जायगा। 1971-72 में इन योजनाओं के लिये 2.06 करोड़ रुपये की और व्यवस्था की गई है। इसमें पांच पर्वतीय जिलों के लिये 6.00 लाख रु० भी सम्मिलित है। इस प्रकार प्रथम तीन वर्षों में 4.98 करोड़ रु० के परिव्यय या चौथी योजना के परिव्यय का लगभग 62 प्रतिशत का उपयोग कर लिये जाने का प्रस्ताव है। वर्गानुसार ब्योरे निम्नलिखित सारणी में दिये गये हैं :—

(लाख रुपयों में)

वर्ग	चौथी योजना परिव्यय	1969-70 वास्तविक व्यय	1970-71 प्रत्याशित व्यय	1971-72 परिव्यय	योग 1969-72
1—सीमान्त बांध ..	107.24	69.26	93.49	80.14	242.89
2—नगरों की सुरक्षा	205.28	10.53	13.34	40.65	64.52
3—जल मार्गों का विस्तार	71.27	2.26	0.66	1.00	3.92
4—सर्वेक्षण, अनुसन्धान तथा बाढ़ भविष्यवाणी	72.46	2.64	1.74	10.20	14.58
5—जलोत्सारण सुधार निर्माण-कार्य ..	302.66	15.71	30.33	64.01	110.05
6—नदी संबंधी सुधार तथा भूमि कटाव के रोकने के लिये निर्माण-कार्य	1.09	(-)0.20	3.49	..	3.29
7—अनपेक्षित आपातिक नयी परियोजनायें	40.00	..	..	10.00	10.00
8—बाढ़ पीड़ित गांवों का उत्थान ..	..	0.01	..	..	0.01
9—अधिष्ठान उपकरण आदि	..	13.38	35.73	..	49.11
योग ..	800.00	113.59	178.78	206.00	498.37

पहले से चली आ रही परियोजनाएं—

16—चौथी पंचवर्षीय योजना में 30 चालू परियोजनाएं हैं। इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत 6.39 करोड़ रुपये है, जिसमें से 4.47 करोड़ रुपये का उपयोग 1968–69 के अन्त तक किया गया था। इन योजनाओं को पूरा करने के लिये 1.92 करोड़ रुपये की और आवश्यकता है किन्तु राज्य के चौथी योजना में इन परियोजनाओं के लिये 2.81 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। इन परियोजनाओं के अन्तर्गत की गयी प्रगति का संक्षिप्त उल्लेख नीचे दिया जाता है :—

(लाख रुपयों में)

वर्ग	अनुमानित लागत	1968–69 तक व्यय	चौथी योजना परिव्यय	1969–70 सम्भावित व्यय	1970–71 प्रत्याशित व्यय	1971–72 परिव्यय
1–सीमान्त बांध	91.61	26.13	27.25	17.43	6.24	3.05
2–नगरों की सुरक्षा	332.41	206.50	125.11	10.53	13.09	20.00
3–जलमार्गों का विस्तार	5.23	3.00	5.23	2.26	0.66	..
4–जलोत्सारण सुधार निर्माण-कार्य	197.13	113.81	122.14	13.71	8.26	13.50
5–नदी सम्बन्धी सुधार तथा कटाव के रोकने के लिये निर्माण-कार्य	12.58	8.38	1.09	(–) 0.20	(–)0 01	..
6–क्षतिग्रस्त ग्रामों को ऊंचा करना	..	..	..	0 01	..	..
6–अधिष्ठान उपकरण' आदि	..	89.45	..	5.84	7.04	..
योग ..	638.96	447.27	280.82	49.58	35.28	36.55

नई परियोजनाएं--

17—इस प्रकार चौथी योजना में नई परियोजनाओं के लिये 5.19 करोड़ रु० का परिव्यय बच जाता है। प्रथम तीन वर्षों में 7.65 करोड़ रु० की कुल अनुमानित लागत से 64 परियोजनाओं पर कार्य आरम्भ किये जाने की आशा है। व्यय सम्बन्धी प्रगति निम्नलिखित सारिणी में दी गयी है :--

(लाख रुपयों में)

वर्ग	चौथी योजना का परिव्यय	1969-70 संभावित व्यय	1970-71 प्रत्याशित व्यय	1971-72 परिव्यय
1	2	3	4	5
1—सीमान्त बांध ..	79.99	51.83	87.25	77.09
2—नगरों की सुरक्षा ..	80.17	..	0.25	20.65
3—जलमार्गों का विस्तार ..	66.04	..	..	1.00
4—सर्वेक्षण, अनुसन्धान तथा बाढ़ भविष्यवाणी	72.46	2.64	1.74	10.20
5—जलोत्सारण सुधार निर्माण-कार्य..	180.52	2.00	22.07	50.51
6—नदी सम्बन्धी सुधार तथा कटाव के रोकने के लिये निर्माण कार्य ..	..	..	3.50	..
7—अनुपेक्षित आपातिक नयी परियोजनायें	40.00	..	..	10.00
8—अधिष्ठान, उपकरण आदि (लगभग) ..	..	7.54	28.69	..
योग ..	519.18	64.01	143.50	169.45

भौतिक प्रगति—

18—वर्ष 1969-70 तथा वर्ष 1970-71 की भौतिक प्रगति तथा वर्ष 1971-72 का कार्यक्रम इस प्रकार है :—

मद	यूनिट	चौथी योजना के दौरान प्रस्तावित निर्माण-कार्य	1969-70 उपलब्धियां	1970-71 प्रत्याशित उपलब्धियां	1971-72 लक्ष्य
1	2	3	4	5	6
1--निर्मित किये गये बांधों की लम्बाई ..	किलोमीटर	83.07	13.60	12.00	9.60
2--नगरों की सुरक्षा संबंधी निर्माण-कार्य ..	संख्या	14	3	1	..
3—जलोत्सारण नालियों की लम्बाई ..	किलोमीटर	1,254.00	23.68	15.00	46.40
4—लाभान्वित होने वाला क्षेत्र ..	लाख हेक्टर	1.33	0.03	0.03	0.06

19—व्यय की तुलना में भौतिक प्रगति की गति धीमी है। इसका मुख्य कारण यह है कि प्रति वर्ष भारी बाढ़ आ जाने के कारण, अनेक अस्थायी सुरक्षा सम्बन्धी निर्माण-कार्य करने पड़ते हैं और वर्तमान निर्माण-कार्यों को सुदृढ़ करना पड़ता है, किन्तु भौतिक प्रगति में प्रदर्शित नहीं किया जा सकता। प्रथम तीन वर्षों में व्यय का अधिकांश भाग निम्नलिखित परियोजनाओं पर उपयोग में लाये जाने की आशा है:—

(लाख रुपयों में)

परियोजना	व्यय, जिसमें अधिष्ठापन व्यय सम्मिलित नहीं है
1—छितौनी बांध की सुरक्षा	138.62
2—मलौनी तथा हावर्ट बांध की सुरक्षा	45.50
3—लखनऊ नगर की सुरक्षा	42.93
4—वाराणसी घाट	20.25
5—हरनाद ड्रेन	22.94

मद—4. सिंचाई तथा विद्युत्

वर्ग—4.1. सिंचाई

(लाख रुपयों में)

संकेत संख्या	परियोजना	चौथी योजना परिव्यय 1969–74 कुल	पूंजी	विदेशी मुद्रा	1969-70 सम्भावित व्यय	1970-71 स्वीकृत परिव्यय	आय-व्ययक प्राविधान	अनुमानित व्यय	1971-72 परिव्यय कुल	पूंजी	विदेशी मुद्रा
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
	(क)—चालू परियोजनायें—										
	(1)—वृहत सिंचाई परियोजनायें										
410101	रामगंगा ..	2277.34	2277.34	610.00	900.94	800.00	900.00	1109.00	1200.00	1200.00	90.00
410102	गण्डक नहर ..	1261.82	1261.82	..	635.97	300.00	300.00	300.00	400.00	400.00	
410103	सहायक योजना (प्रथम चरण)	2950.00	2950.00	250.00	297.74	400.00	400.00	400.00	938.20	938.20	
410104	सारदा सागर द्वितीय चरण ..	..	..	..	1.24	..	0.01	0.25	..	..	
410105	माताटीला बांध ..	..	..	..	5.85	..	..	0.75	..	..	..
410106	सारदा सागर (प्रथम चरण)	..	..	..	..	..	0.49	..	..	..	..
	सारदा सागर (मरम्मत)	..	..	..	..	..	..	30.00	50.00	50.00	..
	योग ..	6489.16	6489.16	860.00	1841.74	1500.00	1600.50	1840.00	2588.20	2588.20	90.00

(2) मध्यम सिंचाई परियोजनायें—

410201 नानक सागर बांध (मरम्मत)	100.00	100.00	..	39.08	40.00	40.00	40.00	50.50	50.50	..
410202 जामनी बांध ..	190.64	190.64	..	52.56	60.00	60.00	75.00	60.00	60.00	..
410203 चन्द्रावल बांध ..	29.44	29.44	..	16.95	20.00	20.00	17.00	10.00	10.00	..
410204 हरिपुरा जलाशय ..	181.83	181.83	6.00	61.46	46.00	46.00	73.00	66.50	66.50	..
410205 कोसी सिंचाई योजना ..	280.50	280.50	3.00	2.86	50.00	50.00	21.00	66.80	66.80	..
410206 डलमऊ पम्प नहर ..	64.00	64.00	..	54.20	4.00	4.00	17.00	..	..	..
410207 भोपौली पम्प नहर ..	31.00	31.00	..	26.01	5.00	5.00	5.00	..	..	..
410208 जमनिया पम्प नहर ..	43.00	43.00	..	33.30	5.00	5.00	13.00	..	..	..
410212 अन्य स्पिलओवर परियोजनाओं का अनुकूलन ..	10.13	10.13	..	(−)3.51	2.70	2.20	18.00	..	..	..
410213 पूर्व यमुना हेड रेगुलेटर पर कार्य	30.00	30.00	..	(−)1.02	5.00	5.00	..	..	..	..
410214 शाहजहांपुर शाखा का पुनर्निर्माण	36.00	36.00	..	..	1.00	..	..	10.00	10.00	..
योग ..	996.54	996.54	9.00	281.89	238.70	237.20	279.00	263.80	263.80	..
चालू योजनाओं का योग ..	7485.70	7485.70	869.00	2123.63	1738.70	1837.70	2119.00	2852.00	2852.00	90.00

मद—4. सिंचाई तथा विद्युत्

वर्ग—4.1. सिंचाई—(क्रमश:)

(लाख रुपयों में)

संकेत संख्या	परियोजना	चौथी योजना परिव्यय 1969–74 कुल	चौथी योजना परिव्यय 1969–74 पूंजी	चौथी योजना परिव्यय 1969–74 विदेशी मुद्रा	1969–70 सम्भावित व्यय	1970–71 स्वीकृत परिव्यय	1970–71 आय-व्ययक प्राविधान	1970–71 अनुमानित व्यय	1971–72 कुल	1971–72 पूंजी	1971–72 विदेशी मुद्रा
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
	(ख) नई परियोजनायें—										
	(3) वृहत सिंचाई परियोजनायें										
	टेहरी बांध ..	99.00	99.00	..	..	..	..	..	50.00	50.00	..
	योग ..	99.00	99.00	..	..	..	..	..	50.00	50.00	..
	(4) मध्यम सिंचाई परियोजनायें—										
410401	किशनपुर पम्प नहर ..	91.00	91.00	..	..	36.00	..	..	..	—	
410402	रेन पम्प नहर ..	152.00	152.00	..	..	..	..	..	::	::	::
410403	केन नहर का पुनर्निर्माण ..	48.00	48.00	..	0.99	10.00	10.00	2.00	5.00	5.00	..

410404 पूर्वी यमुना हेड रेगुलेटर पर कार्य	वर्ग (२) में हस्तान्तरित कर दिया गया है।									
410406 टोन्स पम्प नहर ..	175.00	175.00	..	33.47	60.00	60.00	36.00	50.00	50.00	..
410407 भीमगोडा हेडवर्क्स का पुर्निर्माण	85.00	85.00	..	..	0.50	0.50	..	5.00	5.00	..
410408 हिंडन बांध का पुर्निर्माण	110.00	110.00	..	..	0.50	..	..	..	..	..
410409 दोहरीघाट पम्प नहर की क्षमता बढ़ाना ..	80.00	80.00	..	..	10.00	10.00	5.00	10.00	10.00	..
410410 घाघरा पम्प नहर की क्षमता बढ़ाना ..	80.00	80.00	..	..	..	..	..	..	..	..
410411 शाहजहांपुर शाखा का पुर्निर्माण	वर्ग (२) में हस्तान्तरित कर दिया गया है।									
410412 अडवा बांध ..	50.00	50.00	..	..	10.00	..	..	10.00	10.00	..
410413 सहूरापुर पम्प नहर ..	100.00	100.00	..	..	..	..	..	..	..	..
410414 भिटौरा पम्प नहर ..	170.00	170.00	..	..	..	..	..	..	..	
410415 अगासी पम्प नहर ..	73.00	73.00	..	..	..	..	..	..	—	..
410416 ओरा पम्प नहर ..	53.00	53.00	..	..	..	..	..	—	—	..
410417 नरायनपुर पम्प नहर ..	..	..	..	39.74	50.00	50.00	32.00	5.00	5.00	..
श्रृंगबेरपुर पम्प नहर ..	..	..	..	..	20.00	..	..	—	—	..
बेलन भाखर डाइवर्जन परियोजना	..	..	..	..	13.00	..	..	..	..	..
सिरसी बरौन्धा पोषक नहर ..	..	..	..	..	10.00	..	..	..	..	..
योग	1267.00	1267.00	..	74.20	220.00	130.50	75.00	85.00	85. 00	..
नई परियोजनाओं का योग ..	1366.00	1366.00	..	74.20	220.00	130.50	75.00	135.00	135.00	..

मद—4. सिंचाई तथा विद्युत्

वर्ग—4.1. सिंचाई (समाप्त)

(लाख रुपयों में)

संकेत संख्या	परियोजना	चौथी योजना परिव्यय 1969–74 कुल	पूंजी	विदेशी मुद्रा	1969–70 सम्भावित व्यय	1970–71 स्वीकृत परिव्यय	आय-व्ययक प्राविधान	अनुमानित व्यय	1971–72 परिव्यय कुल	पूंजी	विदेशी मुद्रा
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
410405	इंजीनियरों के प्रशिक्षण सुविधाओं का प्रसार ..	20.00	20.00	..	..	5.00	..	..	..	..	..
410209	कर्मशालाओं का प्रसार ..	12.30	12.30	..	9.42	6.30	6.30	0.50	5.00	5.00	..
410210	शोध कार्यक्रम ..	16.00	16.00	2.00	6.99	3.00	3.00	2.00	5.00	5.00	..
410211	अनुसंधान ..	100.00	100.00	..	10.00	20.00	20.00	10.00	25.00		..
	योग	148.30	148.30	2.00	26.41	34.30	29.30	12.50	35.00	35.00	..
	योग 4.1. सिंचाई	9000.00	9000.00	871.00	2224.24	1993.00	1997.00	2206.50	3022.00	3032 00	90.00

146

मद—4. सिंचाई तथा विद्युत्

वर्ग—4.2. बाढ़ नियंत्रण

(लाख रुपयों में)

संकेत संख्या	परियोजना	चौथी योजना परिव्यय 196>-74 कुल	पूंजी	विदेशी मुद्रा	1969-70 संभावित व्यय	1970-71 स्वीकृत परिव्यय	आय-व्ययक प्राविधान	अनुमानित व्यय	1971-72 परिव्यय कुल	पूंजी	विदेशी मुद्रा
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
420101	सीमांत बांध ..	107.24	107.24	..	69.26	40.00	110.18	93.49	80.14	80.14	..
420102	नगरों की सुरक्षा ..	205.28	205.28	..	10.53	30.00	16.39	13.34	40.65	40.65	..
420103	जल मार्गों का प्रसार ..	71.27	71.27	..	2.26	2.50	0.41	0.66	1.00	1.00	..
420104	सर्वेक्षण, जांच पड़ताल एवं बाढ़ भविष्यवाणी ..	72.46	72.46	..	2.64	30.00	4.98	1.74	10.20	10.20	.
420105	जलोत्सारण सुधार ..	302.66	302.66	..	15.71	60.00	30.87	30.33	64.01	64.01	..
420106	नदी में सुधार तथा भूमि कटाव के रोकने के लिये निर्माण-कार्य	1.09	1.09	..	(—)0.20	2.50	..	3.49	..	..	
420107	अनपेक्षित आपातिक नयी योजनायें	40.00	40.00	..	..	10.00	..	..	10.00	10.00	
420108	बाढ़ पीड़ित गांवों का उत्थान	..	..	..	0.01	25.00	..	..	..	..	
	अधिष्ठान, उपकरण और संयंत्र तथा उचन्त ..	..	..	..	13.38	..	40.67	35.73	..	..	.
	योग, 4.2. बड़ा नियंत्रण ..	**800 00**	**800.00**	..	**113 59**	**200 00**	**203.50**	**178.78**	**206.00**	**206.00**	..

11

विद्युत्

चौथी योजना में विद्युत् विकास को उच्च प्राथमिकता दी गयी है क्योंकि राज्य की आर्थिक प्रगति बहुत कुछ इसी पर निर्भर है। चौथी योजना में 376.75 करोड़ रुपये का परिव्यय, जो कि कुल परिव्यय का 39 प्रतिशत है, विद्युत् परियोजनाओं के लिये प्रदिष्ट किया गया है। इसमें 1.75 करोड़ रुपये उत्तराखंड के लिये सम्मिलित हैं।

2—वर्ष 1969-70 में 73.87 करोड़ रुपये का व्यय किया गया था यद्यपि परिव्यय 68.00 करोड़ रुपये का नियत किया गया था। वर्ष 1970-71 में 75.25 करोड़ रुपये के परिव्यय की स्वीकृति दी गयी है और आशा है कि 76.57 करोड़ रुपये का उपयोग किया जायगा। वर्ष 1971-72 के लिए 79.77 करोड़ रुपये का परिव्यय का निर्धारित किया गया है। इसमें उत्तराखंड के 3 पर्वतीय जिलों से सम्बन्धित 0.65 करोड़ रुपये की धनराशि तथा 5 पर्वतीय जिलों से सम्बन्धित 3.84 करोड़ रुपये की धनराशि भी सम्मिलित है। इस प्रकार पहले तीन वर्षों में 230.21 करोड़ रुपये या चौथी योजना के परिव्यय का 61 प्रतिशत उपयोग में लाये जाने की आशा है। नीचे की सारिणी में उप शीर्षक के अनुसार व्यय की प्रगति दिखाई गयी है—

(लाख रुपयों में)

उपशीर्षक	चौथी योजना का परिव्यय	1969-70 वास्तविक व्यय	1970-71 प्रत्याशित व्यय	1971-72 परिव्यय
1	2	3	4	5
उत्पादन	17,773	3,813	4,209	3,950*
पारेषण तथा वितरण ..	12,527	1,963	2,088	2,500†
ग्रामीण विद्युतीकरण ..	6,800	1,574	1,300	1,300
अन्य :				
अनुसंधान	200	21	20	50‡
छोटी पर्वतीय परियोजनाएं	200	16	40	177
योग ..	37,500	7,387	7,657	7,977

(*) उत्पादन परियोजनाओं के सम्बन्ध में 8 पर्वतीय जिलों की आनुपातिक अंश के रुप में 194 लाख रुपये की धनराशि सम्मिलित है।

(†) पारेषण एवं वितरण परियोजनाओं के सम्बन्ध में 8 पर्वतीय जिलों की आनुपातिक अंश के रूप में 52 लाख रुपये की धनराशि सम्मिलित है।

(‡) अनुसंधान परियोजनाओं के सम्बन्ध में 5 पर्वतीय जिलों के आनुपातिक अंश के रूप में 2 लाख रुपये की धनराशि सम्मिलित है।

3—उत्पादन—पांच उत्पादन परियोजनायें जिन की लागत 123.83 करोड़ रुपये है नैमित्तिक घोषित कर दी गयी है। इन परियोजनाओं के अन्तर्गत व्यय की प्रगति इस प्रकार है:

(लाख रुपयों में)

परियोजना	चौथी योजना का परिव्यय	1969-70 वास्तविक व्यय	1970-71 अनुमानित व्यय	1971-72 परिव्यय
1	2	3	4	5
1—यमुना जल विद्युत् द्वितीय चरण..	4,000	928	1,017	1,330
2—ओबरा जल विद्युत् ..	672	254	100	100
3—रामगंगा जल विद्युत् ..	1,990	508	500	700
4—हरदुआ गंज चतुर्थ चरण ..	1,121	571	400	120
5—ओबरा थर्मल प्रसार प्रथम चरण	4,600	1,373	1,406	900
योग ..	12,383	3,634	3,423	3,150

उपर्युक्त सारिणी से यह स्पष्ट है कि नैमित्तिक प्रायोजनाओं का चौथी योजना का 82 प्रतिशत परिव्यय पहले तीन वर्षों में उपयोग में लाया जायगा। ओबरा जल विद्युत् के अन्तर्गत व्यय में न्यूनतम प्रगति हुई जिसमें 68 प्रतिशत धनराशि के उपयोग में लाये जाने की आशा है और हरदुआगंज चतुर्थ चरण के अन्तर्गत प्रगति सबसे अधिक हुई जिसमें 96 प्रतिशत धनराशि के उपयोग में लाये जाने की आशा है।

4—अनैमित्तिक प्रायोजनाओं के अतिरिक्त 10 चालू परियोजनायें (Spillover Schemes) हैं जिनके लिये चौथी योजना में 23.18 करोड़ रुपये का परिव्यय विद्यमान है। इनमें से सात परियोजनाओं का केवल अवशिष्ट कार्य ही किया जायगा। इन 7 परियोजनाओं के व्यय की प्रगति निम्नलिखित सारिणी में दिखाई गयी है:

(लाख रुपयों में)

परियोजना	चौथी योजना का परिव्यय	1969-70 वास्तविक व्यय	1970-71 अनुमानित व्यय	1971-72 परिव्यय
1	2	3	4	5
1—यमुना जल विद्युत् प्रथम चरण..	6	(-)0.5	(-)14	..
2—माताटीला जल विद्युत् ..	1	10	12	..
3—हरदुआगंज द्वितीय चरण ..	110	36	31	40
4—हरदुआगंज तृतीय चरण ..	98	49	2	24
5—ओबरा थर्मल ..	9	(-)42	14	(-)22
6—रिहन्द में छठी मशीन ..	6	..	1	..
7—पनकी थर्मल ..	(-)162	25	(-)17	(-)78
योग ..	68	77.5	29	(-)36

ओबरा थर्मल की पांचवी मशीन को छोड़ कर शेष सभी परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। ओबरा थर्मल (5 वी मशीन) जो अभी निर्मित हो रहा है और जिसके यदि रूस से कुछ पुर्जे उपलब्ध हो गये तो 1971-72 में कार्य पूर्ण करने की आशा है ।

5—धकवां प्रयोजना पर निर्माण-कार्य अभी शुरू नहीं किया गया है क्योंकि इस प्रयोजना के प्राक्कलन पर फिर से विचार हो रहा है। शेष दो परियोजनाओं पर व्यय इस प्रकार है :

(लाख रुपयों में)

परियोजना का नाम	चौथी योजना का परिव्यय	1969-70 वास्तविक व्यय	1970-71 अनुमानित व्यय	1971-72 परिव्यय
मनेरी भाली भाग--1	1,550	42	135	225
यमुना जल विद्युत् च चरण (भाग 1)	600	59	106	150

उपर्युक्त दोनों प्रायोजनाओं की पंचवर्षीय योजनावधि में फलीभूत होने की आशा है।

6—नयी उत्पादन परियोजनाओं के लिये चौथी योजना में तदर्थ आधार पर 30.72 करोड़ रुपये के परिव्यय की व्यवस्था की गई थी। 1970-71 के दौरान निम्नलिखित नई परियोजनाओं पर कार्य आरम्भ करने की आशा है :

(1) ओबरा थर्मल प्रसार चरण 2
(2) पनकी थर्मल प्रसार
(3) हरदुआगंज चरण 5
(4) हरदुआगंज चरण-6

इन परियोजनाओं पर 1970-71 के दौरान 5.17 करोड़ रुपये की धनराशि उपयोग में लाये जाने की आशा है तथा आगामी वर्ष के लिये 4.61 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है।

अधिष्ठापित क्षमता

7—1169.45 मेगावाट की अतिरिक्त अधिष्ठापित क्षमता सृजित करने के लक्ष्य को देखते हुए इस बात की आशंका है कि चौथी योजनावधि में 916.98 मेगावाट से अधिक उपलब्धि संभव नहीं हो सकेगी। इस कमी का कारण यह है कि सप्लाई कर्त्ता संयत्रों तथा सज्जा की सप्लाई के संबंध में अपने वायदों को पूरा करने में असफल रहे। पहले तीन वर्षों में 556.95 मेगावाट की अधिष्ठापित क्षमता सृजित करने की परिकल्पना की गयी थी जिसकी तुलना में प्रत्याशित उपलब्धि 416.98 मेगावाट है, जैसा कि विस्तार पूर्वक नीचे दिखाया गया है।

(मेगावाट)

परियोजना	1969-70		1970-71		1971-72	
	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	मूल लक्ष्य	प्रस्तावित लक्ष्य
1	2	3	4	5	6	7
यमुना जल विद्युत् चरण 1 ..	28.25	28.25	..	..	..	..
यमुना जल विद्युत् चरण 2 ..	..	..	..	..	180.00	..

(मेगावाट)

परियोजना	1969–70		1970–71		1971–72	
	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	प्रत्याशित उपलब्धि	मूल लक्ष्य	प्रस्तावित लक्ष्य
1	2	3	4	5	6	7
ओबरा जल विद्युत् ..	99.00	..	..	66.00	..	33.00
हरदुआ गंज चरण 4 ..	..	..	110.00	..	..	110.00
ओबरा थर्मल ..	100.00	50.00	..	..	..	50.00
ओबरा थर्मल प्रसार चरण 1 ..	..	..	..	..	100.00	100.00
योग ..	227.25	78.25	110.00	66.00	280.00	293.00
पुराने सेटों का हटाया जाना	(-) 30.17	(-)20.27	(-)30.13	..	..	..
मूल उपलब्धि ..	197.08	57.98	79.87	66.00	280.00	293.00

8—उत्पादन परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिये यह आवश्यक है कि उत्पादकों से सप्लाई अनुसूची का अनुसरण करने के लिये कहा जाय ताकि संयंत्र समय पर चालू हो सके।

9—राज्य सरकार ने वर्ष 1970–71 के दौरान टेहरी परियोजना पर कार्य आरम्भ करने के आदेश दिये हैं। वर्ष 1971–72 में अन्य नयी परियोजनाओं पर कार्य शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। प्रारम्भ में इन परियोजनाओं के लिये सिंचाई क्षेत्र में व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। पांचवी योजना के लिये यह अग्रिम कार्यवाही आवश्यक है।

10—उत्पादन परियोजनाओं के लिये 1971–72 में प्रस्तावित परिव्यय इस प्रकार है:

(लाख रुपयों में)

मद	परिव्यय
क—सज्जा	1799
(1) विदेशी	64
(2) देशी	1,735
ख—नागरिक निर्माण-कार्य	1,905*
ग—अन्य	246
योग ..	3,950

*इसमें 100 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा भी सम्मिलित है।

विद्युत् क्षमता तथा उपयोग के बीच अन्तर

11--निम्नलिखित सारिणी में विद्युत् क्षमता तथा उपयोग के बीच का अन्तर देखा जा सकता है :

मद	इकाई	1968-69 उपलब्धि	1969-70 उपलब्धि	1970-71 प्रत्याशित उपलब्धि	1971-72 कार्य-क्रम
1	2	3	4	5	6
अधिष्ठापित क्षमता	मेगावाट	1310.04	1368.02	1434.02	1727.02
सुनिश्चित क्षमता	"	870.00	940.00	980.00	1140.00
अधिकतम मांग (कुल)	"	989.17	1137.90	1314.87	1587.00
उत्पादन प्रणाली	"	962.17	1117.40	1272.87	1587.00
क्रय	"	27.00	20.50	42.00	..
उत्पादित विद्युत्	लाख किलोवाट घंटे	572.00	62230	66630	73300
राज्य में उत्पादित विद्युत्	"	531.00	58860	641.30	70800
बाहर से क्रय की गयी	"	41.00	3370	25.00	25.00
विद्युत् जो बेची गयी	"	434.80	47520	516.00	57300

किन्तु उत्पादन का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिये हर प्रकार का प्रयास किया जा रहा है। लाइनों में विद्युत क्षति को बचाने के उद्देश्य से अपेक्षाकृत अधिक क्षमता वाली कई पारेषण लाइनें तथा संबद्ध उप-केन्द्र निर्मित किये जा रहे हैं।

12--पारेषण तथा वितरण--पारेषण तथा वितरण की परियोजनाओं के लिये 125.27 करोड़ रुपये का परिव्यय अर्थात् विद्युत् क्षेत्र संबंधी चौथी योजना के परिव्यय की लगभग 33 प्रतिशत धनराशि आवंटित की गई है। यह आशा की जाती है कि पहले तीन वर्षों में 65.51 करोड़ रुपये की धनराशि का उपयोग कर लिया जायगा। यह धनराशि चौथी योजना परिव्यय का 52 प्रतिशत है। वर्षवार विवरण नीचे दिये जा रहे हैं:

(करोड़ रुपयों में)

वर्ग	1969-70		1970-71		1971-72
	परिव्यय	वास्तविक व्यय	परिव्यय	अनुमानित व्यय	परिव्यय
1	2	3	4	5	6
नैमित्तिक परियोजनाएं ..	1.10	1.79	1.10	1.10	2.00
अ-नैमित्तिक परियोजनाएं ..	17.65	17.84	21.05	19.78	23.00
योग ..	18.75	19.63	22.15	20.88	25.00

इस्पात, अल्युमिनियम और जस्ते आदि की उपलब्धि संबंधी जटिल स्थिति को ध्यान में रखते हुए 1970-71 में नैमित्तिक परियोजनाओं के अन्तर्गत रखे गये वित्तीय तथा भौतिक लक्ष्यों की पूर्ति संभव नहीं हो पायी है

13—वर्ष 1971-72 के लिये निर्धारित परिव्यय निम्नलिखित है:

(लाख रुपयों में)

मद		परिव्यय
1—66 किलोवाट और उससे अधिक की मुख्य लाइनें तथा संबंधित उप केन्द्र	..	1,600
2—37.5/33 किलोवाट सहायक (सेकेंडरी) लाइनें तथा संबंधित उप केन्द्र	..	600
3—नगरों में लाइनों का प्रसार तथा सुधार ..	..	70
4—नगरों में आपूर्ति संयोजन (सर्विस कनेक्शन) ..	..	160
5—कानपुर विद्युत् सप्लाई प्रशासन के पारेषण तथा वितरण संबंधी निर्माण-कार्य	..	70
योग ..		2,500

14—चौथी योजना में निम्नलिखित लम्बाई की मुख्य तथा सहायक लाइनों को चालू किये जाने का लक्ष्य रखा है:

	सर्किट किलोमीटर
1—66 किलोवाट और उससे अधिक की मुख्य लाइनें तथा संबंधित उपकेन्द्र..	4,500
2—सहायक पारेषण लाइनें (37.5/33 किलोवाट)	13,000
3—वितरण लाइनें	40,000

परन्तु सामग्री की बढ़ी हुई लागत और कमी के कारण उम्मीद की जाती है कि 3,500 सर्किट किलोमीटर लंबाई की मुख्य लाइनों और 10,000 सर्किट किलोमीटर सहायक पारेषण लाइनों के लक्ष्य की पूर्ति ही संभव हो सकेगी।

